www.anantgyaan.in

सूर्योदय 6:46 सूर्यास्त 6:20

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 2.9 न्यू | 14.05 अधि |
| धर्मशाला | 6.04 न्यू | 19.00 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72304.88 |
| निफ्टी | 21951.20 |
| सोना 62,840 | चांदी 71,431 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | वीरवार, 29 फरवरी 2024 | 17 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 72 कुल पृष्ठ 14 मूल्य : 5 रुपए |



10 साल से रिलेशनशिप के बाद शादी करेगी तापसी पन्नू... पेज 14

# बच गई सुक्खू सरकार, खतरा बरकरार

## विपक्ष की गैर मौजूदगी में बजट पारित, विस सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, बागी गुट को मनाने की कोशिश

**अरविंद शर्मा, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में सुक्खू सरकार पर आया सियासी संकट फिलहाल तो टल गया है, लेकिन खतरा अभी बरकरार है। विधानसभा में बुधवार को विपक्ष की गैर मौजूदगी में हिमाचल प्रदेश विनियोग विधेयक 2024 को पारित कर दिया गया। 15 भाजपा विधायकों के निष्कासन और अन्य 10 के वॉकआउट के बाद सुक्खू सरकार ने बजट को सदन से पास करवा लिया। और इसके साथ ही विस सत्र का बजट सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। इससे सरकार को बड़ी राहत मिली है। नियमों के मुताबिक, अब सरकार के खिलाफ आगामी तीन माह तक अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकेगा।

**बागी गुट को मनाए जाने तक रहेगी अनिश्चितता**

बागी गुट को मनाने की कोशिशें जारी हैं। बुधवार दोपहर भोजन के बाद विधानसभा की कार्यवाही आरंभ हुई। भाजपा के 15 निष्कासित विधायक सदन में नहीं आए। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा के वरिष्ठ विधायक सतपाल सत्ती ने भाजपा के विधायकों के निष्कासन का मुद्दा सदन में उठाया। मुख्यमंत्री सुक्खू ने सदन में कहा कि भाजपा विधायकों के निष्कासन के दौरान किए हंगामे के चलते इनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। (अनंत ज्ञान)

-संबंधित समाचार पेज तीन पर भी



विधानसभा बजट सत्र के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### पार्टी तय करेगी, सीएम बदलना या नहीं

**इस्तीफा** स्वीकार नहीं होने पर कांग्रेस नेता विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि यह मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है। मैं दबाव नहीं लेता, बल्कि दबाव देता हूं। सीएम को बदलना चाहिए या नहीं, पर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह उनका अधिकार क्षेत्र नहीं है, यह पार्टी हाईकमान तय करेगा।

### मैं एक योद्धा हूं; पांच साल पूरा करेगी सरकार, बहुमत साबित करेंगे : सुक्खू

**मुख्यमंत्री** ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मैंने कोई इस्तीफा नहीं दिया, मैं एक योद्धा हूं। आम परिवार से निकला योद्धा लड़ाई में संघर्ष करता है और जीत संघर्ष की होती है। कांग्रेस पार्टी की सरकार पांच साल चलेगी। यह सरकार आम आदमी, कर्मचारियों व महिलाओं की सरकार है। भाजपा की ओर से विधायकों को बरगलाकर जो प्रपोगेंडा चलाया जा रहा है, वह सफल नहीं होगा। इस लड़ाई को युद्ध की तरह लड़ूंगा। हम अपना बहुमत साबित करेंगे। भाजपा के कई विधायक हमारे संपर्क में हैं और जो लोग राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं, वे ऐसा नहीं कर पाएंगे। भाजपा का सदन में बर्ताव उचित नहीं है।

**हमारे संपर्क में हैं भाजपा के कई विधायक**

### मुख्यमंत्री सुक्खू बोले सरकार गिराने की साजिश

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि क्रॉस वोटिंग को लेकर कांग्रेस सरकार को गिराने के लिए एक साजिश रची गई है। कांग्रेस अध्यक्ष ने पर्यवेक्षकों को कहा कि विधायकों से मिलकर उनकी शिकायतें सुनें और जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपे।

### भाजपा के 15 विधायक निलंबित

1. जयराम ठाकुर
2. विपिन परमार
3. रणधीर शर्मा
4. लोकेंद्र कुमार
5. विनोद कुमार
6. हंसराज
7. बलवीर वर्मा
8. त्रिलोक जम्वाल
9. सुरेंद्र शौरी
10. दीपराज
11. पूर्ण चंद ठाकुर
12. इंद्र सिंह गांधी
13. दलीप ठाकुर
14. रणवीर निक्का
15. डॉ. जनकराज



राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर वापस लौटते नेता प्रतिपक्ष जयराम व अन्य विधायक।

### सुक्खू बोले- मेरे छोटे भाई हैं विक्रमादित्य

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा कि विक्रमादित्य सिंह मेरे छोटे भाई हैं और मैंने उनसे बात की है। उनका इस्तीफा स्वीकार करने का कोई औचित्य नहीं है। विक्रमादित्य की जो नाराजगी है, उसे दूर किया जाएगा।

### कांग्रेस विधायकों को अयोग्य घोषित करने का फैसला सुरक्षित रखा

**क्रॉस** वॉटिंग से कांग्रेस के राज्यसभा सीट हारने का मामला विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया तक पहुंच गया, जहां बुधवार को सुनवाई हुई। विस अध्यक्ष ने फैसला फिलहाल सुरक्षित रख लिया है। संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने याचिका लगाकर छह विधायकों को दलबदल कानून के तहत अयोग्य घोषित करने की मांग की थी। भाजपा की ओर से वरिष्ठ वकील सत्यपाल जैन ने मामले की पैरवी की। वहीं, विस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के 15 विधायकों का निष्कासन किया गया है। उन्होंने सदन की परंपराओं को तोड़ा है।

### नैतिक अधिकार खो चुकी सरकार, बजट पास करने के लिए हुआ निलंबन : जयराम

**शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार सत्ता में रहने का नैतिक अधिकार खो चुकी है। मुझे जानकारी मिली है कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपना इस्तीफा पेश कर दिया है या हो सकता है कि आलाकमान ने उनसे मांगा हो, मुझे पता नहीं है। आज वही हुआ जिसकी हमें आशंका थी। हमने सुबह राज्यपाल से मुलाकात की थी और हमने कहा था कि बजट पास करवाने के लिए कांग्रेस के पास बहुमत नहीं है। सदन में आते ही संसदीय कार्य मंत्री की ओर से प्रस्ताव लाया गया और 15 विधानसभा सदस्यों को निलंबित करने के लिए कहा गया। हमें मार्शल के माध्यम से बाहर जाने के लिए विवश किया गया, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। सदन में जयराम ठाकुर ने कहा कि बजट पास करने के लिए हमारा निलंबन हुआ है। यह सरकार तो गिरी हुई है। साढ़े तीन बजे इन्होंने बजट पारित कर दिया। नैतिकता के आधार पर सरकार को इस्तीफा देना चाहिए।

## विक्रमादित्य का दिन में इस्तीफा, रात को वापस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**लोक** निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बुधवार को दिन में मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, लेकिन देर रात होटल सिसिल में हुई बैठक में पर्यवेक्षकों के समझाने पर उन्होंने इस्तीफा वापस भी ले लिया।

इससे पहले उन्होंने प्रेसवार्ता में कहा था कि मुझे एक मंत्री के तौर पर अपमानित करने का काम किया गया है, जिस तरह के संदेश विभाग में भेजे जाते हैं, हमें कमजोर करने की कोशिश की गई। जनता के प्रति मेरी जावाबदेही है। एक साल के घटनाक्रम में विधायकों की अनदेखी हुई। आवाज दबाई गई। शिलान्यास मामले में मेरे विभाग के अफसरों को नोटिस दिए गए। वह वीरभद्र सिंह के कदमों पर चल रहे हैं। प्रियंका गांधी, खड़गे को दो दिन के घटनाक्रम की जानकारी दे दी है और अब हाई कमान को फैसला लेना है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि मेरे पिता वीरभद्र सिंह छह बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे, लेकिन रिज पर उनकी प्रतिमा के लिए सरकार दो गज की जगह नहीं दे सकी, जिससे मैं आहत हूं। जनता से चर्चा के बाद ही आगामी फैसला लूंगा।

**कहा- वीरभद्र सिंह छह बार सीएम रहे रिज पर उनकी प्रतिमा के लिए जगह नहीं दी**

**विधायकों की हुई अनदेखी**



### पर्यवेक्षकों ने होटल सिसिल में हर विधायक से ली व्यक्तिगत राय

**हिमाचल** प्रदेश कांग्रेस में मचे सियासी घमासान के बीच कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा शिमला पहुंचे। उन्होंने चौड़ा मैदान स्थित होटल सिसिल में पार्टी पर्यवेक्षकों ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के साथ बैठक की। इसके बाद विक्रमादित्य सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी पर्यवेक्षकों से मिले। दोनों पर्यवेक्षक सभी कांग्रेस विधायकों और मंत्रियों से एक-एक कर राय ली। हिमाचल में हुए राजनीतिक घटनाक्रम को लेकर कांग्रेस हाईकमान अब पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। ऐसे में इस बबाल को थामने के लिए प्रत्येक विधायक की नब्ज टटोली जा रही है।



डीके शिवकुमार



भूपेंद्र हुड्डा

### लोगों के अधिकार को कुचलना चाहती भाजपा : प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली।** प्रियंका गांधी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में भाजपा लोगों के अधिकार को कुचलना चाहती है और बहुमत को चुनौती दे रही है। भाजपा हिमाचल प्रदेश को 'राजनीतिक आपदा' में धकेलना चाहती है। प्रियंका ने 'एक्स' पर कहा कि जनता ने अपने इसी अधिकार का इस्तेमाल किया और स्पष्ट बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनाई, लेकिन भाजपा धनबल, एजेंसियों की ताकत और केंद्र की सत्ता का दुरुपयोग करके हिमाचलवासियों के इस अधिकार को कुचलना चाहती है।




### हिमाचल में कांग्रेस बिखरी जिम्मेदार खुद : अनुराग

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के बाद तेज हुई राजनीतिक सरगर्मी के बीच कहर कि कांग्रेस बिखरी नजर आ रही है और इसकी जिम्मेदार वह खुद है। उन्होंने कहा कि जिनसे अपनी पार्टी नहीं संभल रही है, वह दूसरों पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। हिमाचल में कांग्रेस विधायकों का अपनी ही सरकार से भरोसा उठ गया है। इसका झूठे वादे, झूठी गारंटियां, आपसी अविश्वास, कथनी-करनी में अंतर, कमजोर व लचर नेतृत्व और जनता के बीच जाने में शर्मिंदगी।



### बल्केश्वर महादेव के रूप में बाबा भूतनाथ का श्रृंगार



**मंडी।** बाबा भूतनाथ मठ मंदिर छोटी काशी में मक्खन रूपी श्रृंगार के 20वें दिन बुधवार को बल्केश्वर महादेव का स्वरूप उकेरा गया। यह मंदिर उत्तर प्रदेश के आगरा में यमुना नदी के किनारे स्थित है। पहले बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर के नाम से जाना जाता था। बल्केश्वर महादेव मंदिर जिस जगह पर स्थित है, वहां बिल्व पत्र (बेलपत्र) के पेड़ों का जंगल था। 700 वर्ष पूर्व जब जंगल को काटा गया, तो यहां शिवलिंग और मंदिर मिला। बिल्व पत्र के जंगल में होने की वजह से मंदिर को बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर कहा जाता था।

## न्यूज शॉर्ट्स

### अखिलेश यादव को अवैध खनन मामले में सीबीआई का समन



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली। सीबीआई ने उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम अखिलेश यादव को रेत खनन मामले में समन भेजा 29 फरवरी को बतौर गवाह के तौर पर पूछताछ में शामिल होने बुलाया है। अखिलेश यादव जब मुख्यमंत्री थे, तब का यह अवैध खनन का मामला है।

### राजीव गांधी के हत्यारे संथन की हार्ट अटैक से मौत

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के हत्यारे सुथेंद्रराजा उर्फ संथन की हाई अटैक से मौत हो गई। वह राजीव गांधी के उन सात हत्यारों में से एक था, जिन्हें 1991 में रिहाई मिली थी। हार्ट अटैक आने के बाद चेन्नई के राजीव गांधी सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। संथन था।

### लैंड फॉर जॉब केस में राबड़ी देवी समेत चार को मिली जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के लैंड फॉर जॉब केस में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, मीसा भारती, हीमा यादव और हृदयानंद चौधरी को नियमित जमानत दे दी है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने सभी को एक-एक लाख रुपए के मुचलके पर नियमित जमानत देने का आदेश दिया। स्पेशल जज विशाल गोगने ने कहा कि ईडी ने जांच के दौरान आरोपितों को गिरफ्तार नहीं किया।

### महादेव ऐप घोटाला केस में ईडी की 15 जगहों पर छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऐप घोटाला मामले में देशभर में 15 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी की यह छापेमारी दिल्ली-एनसीआर, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र के मुंबई में की है। ईडी ने धनशोधन के मामले में रायपुर की एक विशेष अदालत में नया आरोपपत्र दायर किया था। ईडी ने अब तक इस मामले नौ लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें कथित तौर पर छत्तीसगढ़ के उच्चपदस्थ राजनेता और नौकरशाह हैं।

## टॉप स्टोरीज

डीडी शर्मा बने हिमाचल ब्राह्मण सभा में प्रदेशाध्यक्ष ...पेज 2

प्रदेश में 14 आईएफएस अधिकारियों के तबादले ...पेज 3

रणजी नहीं खेलने पर किशन और अय्यर से छीने केंद्रीय अनुबंध ...पेज 14

### गुजरात में 3300 किलो ड्रग्स जब्त पांच विदेशी तस्कर किए गिरफ्तार



**पोरबंदर।** गुजरात एटीएस, नेवी और सेंट्रल एजेंसी ने अरब सागर में भारतीय सीमा में 3300 किलो ड्रग्स जब्त की गई। इसकी कीमत दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा है। टीम ने ड्रग्स पैडलिंग करने वाले पांच विदेश पैडलर्स को भी गिरफ्तार किया है। कुछ दिनों पहले गिर सोमनाथ पुलिस ने वेरावल शहर के घाट पर बहकर आई 350 करोड़ रुपए की नशीली दवाएं जब्त की थीं। इसके बाद से ही दिल्ली नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), गुजरात एटीएस और अन्य केंद्र एजेंसियां पैडलर्स को पकड़ने के लिए ऑपरेशन चला रही थीं।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 'एक्स' में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रग्स फ्री भारत के विजन को सफल बनाते हुए अपनी एजेंसियों ने विदेश से लाए गए ड्रग्स का बड़ा जत्था जब्त किया है। इतने बड़े पैमाने पर ड्रग्स जब्त करने की घटना सरकार के ड्रग्स फ्री भारत के अभियान की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## पीएम ने रखी देश के पहले हाइड्रोजन हब पोर्ट की नींव

### 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 75 लाइट हाउसेस पर्यटक सुविधाएं की समर्पित

**एजेंसी, चेन्नई**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु के थूथुकुडी में 17 हजार 300 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स की नींव रखी। इनमें देश का पहला हाइड्रोजन हब पोर्ट और इनलैंड वाटर वे वेसल शामिल हैं। इस वेसल को हरित नौका इनीशिएटिव के तहत बनाया गया है। इसके साथ ही पीएम ने वीओ चिदंबरनार बंदरगाह पर आउटर हार्बर कंटेनर टर्मिनल की आधारशिला रखी।

पीएम ने 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 75 लाइट हाउसेस पर्यटक सुविधाएं भी राष्ट्र को समर्पित कीं। इसके अलावा 1,477 करोड़ की लागत से कन्याकुमारी, नागरकोइल और तिरुनेलवेली से चेन्नई तक के रेल प्रोजेक्ट्स और 4,586 करोड़ की चार सड़क परियोजनाओं का भी लोकार्पण किया।



पीएम ने कहा कि तमिलनाडु और देश की जनता को एक सत्य बताना जरूरी है। सत्य कड़वा होता है, लेकिन मैं सीधा आरोप यूपीए सरकार पर लगाना चाहता हूं। जो परियोजनाएं मैं आज यहां लेकर आया हूं, वह दशकों से यहां के लोगों की मांग थी। आज जो लोग यहां सत्ता में बैठे हैं, वे तब दिल्ली में बैठे थे। सरकार और यह विभाग चलाते थे, लेकिन उन्हें आपके विकास की फिक्र नहीं थी।

### पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किस्त जारी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को महाराष्ट्र के यवतमाल से रिमोट का बटन दबाकर पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किस्त जारी की। नौ करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में 21 हजार करोड़ से अधिक की सम्मान राशि सीधी उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की गई। किसानों के खाते में राशि डीबीटी माध्यम से पहुंचाई गई है। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को सालाना छह हजार रुपए की आर्थिक मदद की जाती है।

### युवाओं के लिए निकलेंगे नौकरी के अवसर

**पीएम** ने कहा कि केंद्र सरकार के प्रयासों से आज भारत मैरीटाइम और वाटरवेज के क्षेत्र में नए रिकॉर्ड बना रहा है। आने वाले समय में मैरीटाइम सेक्टर की ग्रोथ कई गुना बढ़ने वाली है और इसका तमिलनाडु के तटीय इलाकों पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा। इससे युवाओं के लिए नौकरी के अवसर निकलेंगे। आज देश विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए काम कर रहा है। इस लक्ष्य में विकसित तमिलनाडु की भूमिका बहुत बड़ी है।

**सुप्रीम कोर्ट की केंद्र सरकार को फटकार**

### इलाज के सही रेट तय करें नहीं तो सरकारी रेट लगा दूंगा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्राइवेट अस्पतालों के इलाज रेट पर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने प्राइवेट अस्पतालों के जरिए वसूले जाने वाले मनमानी पैसों को लेकर नाराजगी व्यक्त की है। सुप्रीम कोर्ट ने इस असमानता पर चिंता व्यक्त की और केंद्र सरकार को 14 साल पुराने कानून को लागू करने में नाकाम रहने के लिए फटकार लगाई। यह कानून है क्लिनिकल स्थापना नियम (केंद्र सरकार)। इस कानून के अनुसार, राज्यों के साथ विचार-विमर्श करके महानगरों, शहरों और कस्बों में इलाज और बीमारियों के इलाज के लिए एक मानक दर तय की जानी चाहिए थी।

जानकारी अनुसार, सुनवाई के दौरान सरकार ने अदालत को बताया कि उसने बार-बार राज्यों को इस मुद्दे पर लिखा है, लेकिन उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं आया है। अदालत ने कहा कि नागरिकों को स्वास्थ्य सेवा का मौलिक अधिकार है और केंद्र अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता है।

**खुलासा** विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र ने जारी की 'स्टेट ऑफ एनवायरनमेंट 2024' की रिपोर्ट, देश में 318 दिन असामान्य रहा मौसम

## हिमाचल में खराब मौसम ने ली 3,287 लोगों की जान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**वर्तमान** में तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन के कारण ही लू, बढ़ता पारा, पिघलते ग्लेशियर, बाढ़, तूफान जैसी कठोर मौसमी घटनाएं बढ़ रही हैं। इस बीच सीएसई की रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे किए गए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, 2003 में भारत के प्रत्येक राज्य और कें शासित प्रदेशों ने कम से कम एक दिन का असामान्य मौसम घटनाएं देखी। बुधवार को जारी मौसमी घटनाओं से जुड़ी एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में वर्ष 2023 में 365 दिनों में से 318 दिनों में असामान्य मौसम की घटनाएं दर्ज की गईं। वर्ष 2023 में 318 दिन मौसम के कारण बेहद खराब रहे हैं। विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र की 'स्टेट ऑफ एनवायरनमेंट 2024' रिपोर्ट के मुताबिक, 3,287 लोगों की मौत हुई, 1.24 लाख पशुओं ने अपनी जान गंवाई और 22.1 लाख हेक्टेयर फसल क्षेत्र को नुकसान हुआ। हिमाचल प्रदेश में सबसे ज्यादा 149 दिन मौसम बेहद खराब रहा। मध्य प्रदेश में 141 और केरल व उत्तर प्रदेश में 119 दिन लोगों को मौसम की मार झेलनी पड़ी।



### 208 दिन बाढ़, भूस्खलन और फटे बादल

देश के आठ राज्यों में 100 से अधिक दिनों तक असामान्य घटनाएं दर्ज की गईं। 2023 में 208 दिनों में भारी बारिश, बाढ़ और भू-स्खलन हुआ। 202 दिन बिजली और तूफान आए। 29 दिन शीतलहर चली और नौ दिन बादल फटे।

### कल से हिमाचल प्रदेश में बारिश और बर्फबारी का दौर

**पहली** से चार मार्च तक हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में भारी बर्फबारी और दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा हरियाणा, चंडीगढ़, और उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी आंधी और ओले गिर सकते हैं। गौर रहे कि उत्तर भारत में जनवरी-फरवरी में कड़ाके की ठंड रही है। पहाड़ों पर बर्फबारी में देरी हुई, लेकिन आने वाले दिनों में देशभर में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक, केरल में गर्मी ने अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया है।

### जमात-ए-इस्लामी पर पांच साल के लिए बढ़ा बैन



**श्रीनगर।** केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी पर लगे बैन को पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, केंद्र सरकार ने 28 फरवरी 2019 को जमात-ए-इस्लामी को बैन किया था। संगठन पर देश के खिलाफ काम करने के आरोप हैं। सरकार ने पाया है कि इससे जुड़े कुछ सदस्य अभी भी देश के लिए खतरा बने हुए हैं।

## बैंक कर्मियों के लिए शुरू पेंशन स्कीम को बंद करना गैरकानूनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** हाई कोर्ट ने कांगड़ा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के कर्मचारियों के लिए शुरू की गई पेंशन स्कीम को बंद करने के फैसले को गैरकानूनी ठहराया है। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने कांगड़ा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की अपील को स्वीकारते हुए एकल पीठ के फैसले को सही ठहराया।

दो अगस्त 1997 को बैंक ने अपने कर्मचारियों को पेंशन देने के लिए अंशदायी पेंशन स्कीम बनाई थी, जिसे पहली जनवरी 1998 को शुरू कर दिया गया। इस स्कीम को बैंक के जनरल हाउस की ओर से स्वीकृति दी गई थी। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर ने वर्ष 2010 में इसे बंद करने का निर्णय लिया गया। प्रार्थियों ने हाई कोर्ट में चुनौती दी।



**हाई कोर्ट ने एकल पीठ के फैसले को ठहराया सही**

बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की ओर से बिना जनरल हाउस की अप्रूवल के ही बंद करने का निर्णय लिया, जिसे हाई कोर्ट की एकल पीठ ने गैरकानूनी ठहराते हुए बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के निर्णय को खारिज कर दिया। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने भी एकल पीठ इस बाबत दिए फैसले को सही ठहराया।




# गुस्साए कांग्रेस वर्कर्स ने रोकीं बागी विधायकों की गाड़ियां

## विस गेट के बाहर आमने-सामने हुए पक्ष-विपक्ष के कार्यकर्ता, नारेबाजी से माहौल बिगड़ने पर बढ़ाई सुरक्षा

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

विधानसभा में बुधवार को माहौल तनावपूर्ण रहा। जैसे ही बागी विधायक विधानसभा पहुंचे तो गेट के पास गुस्साए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके वाहनों को रोक दिया। इस दौरान जमकर नारेबाजी हुई। कुछ समय के लिए वाहनों को रोका भी गया, लेकिन सुरक्षा बलों ने उन्हें सुरक्षित होकर विधासभा के अंदर पहुंचाया। सुरक्षा बलों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। वहीं, उसके बाद भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता आमने-सामने हुए और नारेबाजी की। विधानसभा के दोनों ही पार्टी के कार्यकर्ता और अन्य लोग एकत्रित हुए थे। ऐसे में यहां पर अतिरिक्त सुरक्षा भी तैनात करनी पड़ी।

कुछ कार्यकर्ताओं ने तो बेरिकेड्स ही हटा दिए। वहीं, बैरियर भी तोड़ दिया। लोग अपनी-अपनी पार्टी का समर्थन कर रहे थे। सरकार को लेकर दिनभर लोगों के बीच चर्चा का माहौल बना रहा। लोग यह भी मानकर चले थे कि सरकार गिर भी सकती है। ऐसे में कांग्रेस के कार्यकर्ता अधिक मात्रा में विधासभा पहुंचे थे। (अनंत ज्ञान)

### छावनी में तब्दील हुई विधानसभा

**पुलिस** ने इस दौरान प्रवेश द्वारों पर भी चैकिंग की। पुलिस कर्मियों को डर था कि कोई किसी भी तरह की कोई हरकत न करे। ऐसे में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पूरी विधासभा सुरक्षा की छावनी में तबदील हो गई। हर किसी पर नजर रखी जा रही थी।

### विधानसभा चौक पर माहौल तनावपूर्ण, दोनों पार्टी के कार्यकर्ताओं की जुटी भीड़



विधानसभा पहुंचने पर कांग्रेस के बागी विधायकों को रोकते कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हटाते पुलिस कर्मी। इस दौरान यहां बड़ी संख्या में दोनों दलों के समथकों की भीड़ जुट गई।


बागी विधायकों को रोकते कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हटाते पुलिस कर्मी।

### सदन में बुलाए मार्शल, जनक राज और हंसराज को उठाकर ले गए

**जहां** बाहर सुरक्षा का अतिरिकत प्रावधा करना पड़ा। वहीं, सदन के अंदर भी मार्शल बुलाने पड़े। इस दौरान सदन से भाजपा विधायक डॉ. जनक राज व हंसराज को मार्शल सदन से उठाकर बाहर ले गए। हालांकि हंसराज ने तो स्वयं ही कहा कि मुझे ले जाना है तो ले जाओ, लेकिन उठाकर ले जाना होगा। वहीं, जयराम ठाकुर को मार्शल ने सदन से बाहर बलपूर्वक निकालने की कोशिश की। इस पर विपिन सिंह परमार ने हाथ न लगाने को कहा। वहीं, भाजपा विधायक रणधीर शर्मा की तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद डॉक्टर को बुलाकर उनकी जांच की गई।

### अब कांग्रेस में वापस नहीं जाएंगे रवि ठाकुर




**सुरक्षा** बीच विधानसभा पहुंचे लाहौल-स्पीति के विधायक रवि ठाकुर ने पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि अब वह पूरी तरह से भाजपा के साथ हैं और वह अब कांग्रेस में वापस नहीं जाएंगे। वहीं, अन्य बागी विधायकों ने इस दौरान कुछ भी कहने से साफ इनकार किया।

### हर्ष महाजन बोले-हमारे पास खुद आ रहे कांग्रेस विधायक

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सियासी संग्राम मचा हुआ है। इस बीच हिमाचल से राज्यसभा के लिए चुने गए भाजपा के हर्ष महाजन ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि विक्रमादित्य सिंह ने मंत्री पद से इस्तीफा दे ही दिया है। वहीं कांग्रेस सरकार के विधायक सरकार से प्रताड़ित हैं। उन्होंने कहा कि हमें कुछ करने की आवश्यकता नहीं पड़ी। राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने हिमाचल में जारी सियासी संग्राम को लेकर कहा कि कांग्रेस बिखर गई है, कांग्रेस का ग्राफ जीरो हो गया है। प्रदेश में अब भाजपा की सरकार बनने जा रही है। हर्ष महाजन ने विक्रमादित्य सिंह के मंत्री पद छोड़ने के फैसले को लेकर कहा कि विधायक सरकार में प्रताड़ित हैं। हमें कुछ कहने या करने की आवश्यकता नहीं है। वे हमारे पास खुद आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के विधायकों में पार्टी को लेकर नाराजगी है।

# 56 घंटे एक मिनट चली सदन की कार्यवाही : कुलदीप सिंह पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि 14वीं विधानसभा का पंचम सत्र अपेक्षा अनुरूप पूर्ण सफलता के साथ संपन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि यह वर्तमान सरकार का दूसरा बजट सत्र था। सदन की कार्यवाही कुल 56 घंटे एक मिनट चली तथा इसकी कार्य उत्पादकता 93.33 प्रतिशत रही, जिसमें सत्तापक्ष को माननीय मुख्यमंत्री के बजट भाषण सहित 29 घंटे 23 मिनट का समय मिला। विपक्ष को 25 घंटे 48 मिनट का समय मिला, जबकि निर्दलीय विधायकों को 26 मिनट का समय दिया गया।

इस सत्र में कुल 12 बैठकें आयोजित की गईं। यह सत्र 14 फरवरी, 2024 को राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के साथ पूर्वाह्न 11 बजे आरंभ हुआ था, जिस पर 15 व 16 फरवरी को दो दिन चर्चा की गई। 17 फरवरी, 2024 को मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए बजट अनुमानों को प्रस्तुत किया, जिस पर 19 से 22 फरवरी तक चार दिन चर्चा एवं पारण किया गया। 28 फरवरी को गिलोटिन द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए बजट पारित किया गया। उन्होंने कहा कि इस सत्र में माननीय सदस्यों द्वारा कुल 917 प्रश्न सरकार से पूछे गए थे, जिसमें 626 प्रश्न तारांकित तथा 291 अतारांकित प्रश्न की सूचनाएं प्राप्त हुईं। इसके अतिरिक्त सदन में नियम 62 के तहत एक विषय पर सार्थक चर्चा की गई। नियम 101 के अंतर्गत तीन विषयों पर सार्थक चर्चा की गई

### आपदा से उत्पन्न हुई स्थिति पर पूछे प्रश्न

**पठानिया** ने कहा कि माननीय सदस्यों से प्रश्नों के माध्यम से जो सूचनाएं प्राप्त हुई थीं वे मुख्य रूप से प्रदेश में भारी वर्षा तथा प्राकृतिक आपदा से उत्पन्न हुई स्थिति सरकार द्वारा आपदा से निपटने के लिए किए गए प्रयासों, सड़कों की दयनीय स्थिति तथा उसकी बहाली, स्वीकृत सड़कों की डीपीआर, प्रदेश में महाविद्यालयों, स्कूलों, स्वास्थ्य संस्थानों इत्यादि का उन्नयन एवं विभिन्न विभागों में रिक्त पदों की पदपूर्ति, पर्यटन, उद्यान, राजस्व, पेयजल की आपूर्ति, युवाओं में बढ़ते नशे के प्रयोग की रोकथाम, बढ़तें अपराधिक मामलों, सौर ऊर्जा, परिवहन व्यवस्था पर आधारित थी। इसके अतिरिक्त माननीय सदस्यों ने अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं को भी सदन में प्रमुखता से उठाया तथा सरकार से आश्वासन भी प्राप्त किए।

# विधायकों के साथ तारा देवी मंदिर पहुंचे सुक्खू



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू विधायकों के साथ तारादेवी मंदिर पहुंचे। इस दौरान मंदिर में मुख्यमंत्री व विधायकों ने माता से मन्नत की। हालांकि दिन के समय विधानसभा में महौल काफी गरमाया हुआ था। ऐसे में शाम के समय में सुक्खू मंदिर ही पहुंच गए और माता के दर शीश नवाया।

# 15 लोगों के साथ पोलिंग स्टेशन में घुसे जयराम

## कांग्रेस के विधायक जगत सिंह नेगी बोले- यह लोकतांत्रिक नहीं

**अरविंद शर्मा, शिमला**

विधानसभा सदन की कार्यवाही दो बजे के बाद फिर शुरू हुई। निलंबित विधायकों को सदन में नहीं आने दिया गया। संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि विपक्ष ने सदन में गैर मर्यादित व्यवहार किया। आसन पर कागज फेंके गए। यह निंदनीय है।

स्पीकर ने कहा कि 15 विधायकों को निलंबित किया गया। उसके बावजूद ये सभी सदस्य सदन में बैठे रहे, यह भी नियमों की अवहेलना है। इस तरह का व्यवहार सही नहीं है। साल भर सारी कार्यवाही देखी जाए तो सबसे ज्यादा वक्त नेता प्रतिपक्ष को दिया गया। पेटिशन हियरिंग में लगा दी गई है। छह विधायकों की अंडर डिफेक्शन पेटिशन की सुनवाई हो रही है। इस पर भाजपा विधायक सतपाल सत्ती ने कहा कि हम मानकर चल रहे हैं कि सरकार अल्पमत में आ गई है। आप सरकार बचाने का काम कर रहे हैं। हम भी इस सदन में नहीं रहेंगे। हम सदन का बहिष्कार कर जा रहे हैं। इसके बाद विपक्ष के विधायक सदन से बाहर चले गए।



कांग्रेस विधायक जगत सिंह नेगी ने कहा कि यह लोकतांत्रिक नहीं है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर 15 लोगों के साथ पोलिंग स्टेशन में घुस गए। उन्हें प्रभावित करने की कोशिश की गई। कैसे यह लोकतंत्र चलेगा, जब बाहर जाने को कहा तो नहीं गए। कांग्रेस की तादाद 40 की थी। क्या वे बगैर प्रलोभन के गए हैं। इस सदन की मर्यादा के लिए जो भी फैसला लिया, उससे लोकतंत्र बच गया है। जयराम तो लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं, जो आदेश को लागू नहीं कर पाए, उन अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। (अनंत ज्ञान)

### प्रदेश में 14 आईएफएस अधिकारियों के तबादले

**शिमला।** प्रदेश सरकार ने वन विभाग में 14 आईएफएस अधिकारियों के तबादले किए हैं।



इसके तहत सीसीएफ बिलासपुर अनिल कुमार शर्मा को सीसीएफ प्रशासन व एचआरडी शिमला लगाया है। इसी तरह सीसीएफ शमशी मीरा शर्मा को कार्यकारी निदेशक एचपीएसएफडीसीएल शिमला, सीएफ कुल्लू बासू कौशल को सीएफ सोलन, डीसीएफ शिमला कृष्ण कुमार को निदेशक दक्षिण एचपीएसएफडीसीएल शिमला, डीसीएफ वित्त व योजना प्रिति भंडारी को सीएफ दक्षिण वाइडलाइफ शिमला, डीसीएफ कैट प्लान व कैंपा संदीप शर्मा को सीएफ कुल्लू, निदेशक दक्षिण एचपीएसएफडीसीएल शिमला रमन शार्म को डीसीएफ कैल प्लान व कैंपा, डीसीएफ शमशी नरेंद्र प्रकाश भरोट को डीसीएफ पालमपुर, डीसीएफ रामपुर विकल्प यादव को डीसीएफ नालागढ़, डीसीएफ रोहड़ू शाहनवाज को डीसीएफ वाइडलाइफ शिमला, डीसीएफ बिलासपुर अवनी भूषण रॉय को डीसीएफ नाहन, डीसीएफ वाइल्डलाइफ शिमला एन रवि शंकर को डीसीएफ रोहड़ू, डीएफओ फ्लाइंग स्कवैड धर्मशाला संजीव शर्मा को डीसीएफ शिमला तथा डीसीएफ चौपाल अंकित कुमार सिंह को डीसीएफ हमीरपुर लगाया गया है। इस आश्य की अधिसूचना सरकार ने जारी कर दी है।

# भाजपा का एक प्लान फेल... दूसरे की तैयारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विधानसभा के बजट सत्र के राज्यसभा की सीट के लिए मतदान के बाद कांग्रेस की हार के बाद भाजपा ने जो सरकार गिराने के लिए रणनीति तैयार की थी, उसमें बीजेपी सफल नहीं हुई। बुधवार बजट सत्र के पश्चात भाजपा विधायक दल की बैठक होटल मरीना में हुई।

इस बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बिंदल विशेष तौर पर उपस्थित रहे। बैठक में भाजपा के प्लान एक के फेल होने के बाद प्लान दो के बारे में रणनीति बनाई गई। अब भाजपा की नजर कांग्रेस की रणनीति पर है कि वह कैसे अपना डैमेज कंट्रोल करते हैं।


पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल व भाजपा विधायक बैठक करते हुए।

### कांग्रेस के नाराज विधायकों पर टिकी भाजपा की नजर

**भाजपा** इस पर भी नजर रखे हुए है कि क्या कांग्रेस अपने मुख्यमंत्री के चेहरे को बदलती है या नहीं। हालांकि पार्टी ने अपनी अगली रणनीति राष्ट्रीय हाइकमान के ऊपर छोड़ दी है। इसी बैठक में सरकार को गिराने के प्लान पर भी चर्चा की गई। भाजपा के आंतरिक सूत्रों के अनुसार भाजपा प्रदेश में सरकार को गिराने की कोशिश नहीं करेगी। अभी तक भाजपा की नजर कांग्रेस के नाराज विधायकों पर टिकी हुई है। भाजपा को उम्मीद है कि अभी और कांग्रेस विधायक भाजपा का रुख करेंगे।

### राज्यपाल से मिले पूर्व सीएम जयराम ठाकुर व विधायक

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की एक मात्र राज्यसभा सीट पर बीजेपी के जीतने के बाद राज्य में सरकार बचाने का संकट खड़ा हो गया है। एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद सिंह सुक्खू कांग्रेस के पांच से 6 विधायकों को अगवा होने का आरोप लगाया है। वहीं दूसरी और बीजेपी डेलिगेशन ने बुधवार को राज्यपाल से मुलाकात कर सुक्खू सरकार के पास पूर्ण बहुमत न होने का दावा किया है। इसके साथ ही उन्होंने सदन में वित्तीय बजट के लिए मत विभाजन की मांग की है। विधायक दल के साथ राज्यपाल से मुलाकात करने के बाद जयराम ठाकुर ने मीडिया से बात करते हुए कहा हमें कई आशंकाएं हैं। हमें आशंका है कि वे भाजपा के विधायकों को विधानसभा में सस्पेंड कर सकते हैं। कांग्रेस के जिन विधायकों ने भाजपा को वोट दिया उन्हें नोटिस जारी हुआ है और उन्हें भी विधानसभा में सस्पेंड करने की दिशा में कदम उठाए जा सकते हैं।

# बंजार में मकान जलकर राख आठ लाख का नुकसान

**अनंत ज्ञान, बंजार**

जिला कुल्लू के बंजार उपमंडल में फरयाड़ी के पास एक मकान जलकर राख हो गया है। इस घटना में करीब आठ लाख के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। घटना के दौरान गांव में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा और ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक मकान पूरी तरह से जल चुका था।

हालांकि घटना में किसी तरह के जानी नुकसान की जानकारी नहीं है, लेकिन मकान जल जाने के कारण मकान मालिक को लाखों का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना प्रशासन को दी गई, जिसके चलते राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और नुकसान का आकलन किया। राजस्व विभाग के आकलन के अनुसार घटना में आठ लाख के नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है। जानकारी के अनुसार यह मकान अमर चंद पुत्र वेदराम गांव फरयाड़ी डाकघर गुशैणी तहसील बंजार जिला कुल्लू का था। अब मकान जल जाने के कारण अमरचंद के परिवार के पास रहने को घर नहीं बचा है। ऐसे में उन्होंने रिश्तेदारों के घर में शरण ले रखी है। उधर, प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवार को राहत के तौर पर 20000 रुपए की राशि प्रदान की गई है, जबकि तिरपाल और अन्य सामान भी प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों को दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार यह घटना शॉर्ट सर्किट के कारण पेश आई है।

# सियासत की सुर्खियों में सीएम के गृह जिले के तीन विधायक

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

सूबे की सियासत में हमीरपुर जिला हमेशा ही सुर्खियों में रहता आया है। सत्ता चाहे भाजपा की रही हो या फिर कांग्रेस की, लेकिन जिला के विधायकों की कारगुजारी और यहां के वोटरों का कमाल, यहां हमेशा ही उफान पैदा होता रहा है।

इस बार का अंदाज जिस खास अंदाज में सुर्खियां बटोर रहा है, उससे यह बात साबित हो ही गई है कि प्रदेश की सियासत में इस जिले के नुमाइंदे उलटफेर करने में माहिर हैं। 14 महीनों की सरकार को इस बार जिन तीन विधायकों ने अपने ही अंदाज में उल्टा-पुल्टा करने का प्रयास किया है। उसमें अब अंजाम चाहे जो भी हो, लेकिन आने वाले दिनों में न केवल हमीरपुर जिला, बल्कि पूरे संसदीय क्षेत्र में हलचल बनी रहेगी। इसके कयास लगने अभी से शुरू हो गए हैं। क्योंकि लोकसभा के चुनाव ठीक सामने हैं और भाजपा की राज्यसभा के उम्मीदवार को क्रॉस वोटिंग के जरिए जिस अंदाज में इन विधायकों ने भाजपा का साथ देकर 'भूचाल' पैदा करने का प्रयास किया, उसके मायने थोड़े नहीं है।

कांग्रेस के बागी 6 विधायकों में से पांच तो इसी संसदीय क्षेत्र से हैं। इसीलिए हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की सेहत में किस तरह की करवट पैदा होगी। इसका पता भी अगले कुछ दिनों में चलने वाला है।

अभी तो सिर्फ इतना है कि कांग्रेस हाई कमान क्रॉस वोटिंग में शामिल छह विधायकों को डिसक्वालीफाई करती है या नहीं? उनके खिलाफ अंतिम फैसला पार्टी से बाहर करने का कब तक लेती है? इस पर नजरें टिक गई हैं। इन विधायकों में सुजानपुर के राजेंद्र राणा, बड़सर के इंद्र दत्त लखनपाल, गगरेट के चैतन्य शर्मा, बंगाणा के देवेंद्र भुट्टो शामिल हैं। इसके अलावा निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा और होशियार सिंह भी हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से ही ताल्लुक रखते हैं। (अनंत ज्ञान)

### हमीरपुर के असंतुष्ट विधायकों ने खतरे में डाली सरकार





**सुजानपुर** के विधायक राजेंद्र राणा तो जब से सरकार सत्ता में आई है तभी से सुर्खियों में रहे हैं। वह सरकार की कारगुजारी को लेकर पहले भी सवाल उठाते रहे हैं, लेकिन बड़सर के आईडी लखनपाल का इस तरह अचानक करवट लेना, क्षेत्र की जनता को अजीबो-गरीब माहौल दे गया है। हालांकि उनके क्षेत्र में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह एक माह पहले घोषणाएं भी करके गए थे। यही स्थिति हमीरपुर के निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा की है। शुरू में तो जब हमीरपुर में पहली जनसभा हुई और मुख्यमंत्री ने उसमें शिरकत की तो आशीष की खूब तारीफ भी उन्होंने की थी, लेकिन उसके बाद धीरे-धीरे सत्ता के गलियारों में उनकी 'चमक' फीकी होती गई। उसी का नतीजा है कि वे भी असंतुष्ट विधायकों की श्रेणी में शुमार हो गए।

### अब आगे क्या होगा, चर्चा शुरू

**अब** देखना यही है कि सत्ता के गलियारों में किसकी 'चमक' असरदार होती है और किसकी फीकी। इसका पता तो जल्दी ही चलने वाला है। क्योंकि सुक्खू सरकार पर आया संकट किस करवट बैठेगा? क्या सुक्खू का ताज बचा रहेगा या फिर बदलाव होगा? यह स्थिति जल्दी क्लीयर हो जाएगी। लेकिन यदि ताज नहीं बचा, तो जिला के क्रॉस वोटिंग में शामिल विधायकों की परिस्थितियों क्या होगी? यदि बचा रहा, तो उनकी दशा दिशा किधर जाएगी। अब बस इसी की इंतजार और चर्चा शुरू हो गई है।

### कारोबारी निशांत की सुरक्षा से जुड़े मामले की सुनवाई 20 को

**शिमला।** प्रदेश हाई कोर्ट में



पालमपुर के कारोबारी निशांत कुमार शर्मा की सुरक्षा से जुड़े मामले पर अगली सुनवाई 20 मार्च को होगी। मामले की सुनवाई के दौरान अतिरिक्त महाधिवक्ता की ओर से न्यायालय को यह बताया गया कि राज्य सरकार ने इस मामले की जांच करने के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। न्यायालय ने एसआईटी को यह आदेश जारी किए हैं कि वह 20 मार्च तक इस मामले की स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करे। इस मामले में प्रार्थी निशांत ने अपने और अपने परिवार की सुरक्षा को खतरे बारे हाई कोर्ट को ई-मेल के माध्यम से अवगत करवाया था।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

**नाहन।** नाहन पुलिस व सड़क सुरक्षा क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आज डॉ. वाई एस परमार स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डीएसपी हेडक्वार्टर रमाकांत ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कालेज के छात्रों को यातायात से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। इस दौरान रमाकांत ठाकुर ने कहा कि इस जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई है। सड़क सुरक्षा क्लब नाहन के अध्यक्ष नरेंद्र तोमर ने बताया कि सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा शैक्षिक संस्थानों व विभिन्न सड़क मार्गों पर जागरूकता शिविर आयोजित कर बच्चों और लोगों यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

### कामगारों का स्वास्थ्य जांच कर दी दवाइयां

**पांवटा साहिब।** हिमाचल बिल्डिंग और अन्य कंस्ट्रक्शन वर्कर कल्याण बोर्ड पांवटा साहिब ने एबीसीआई इंफ्रास्ट्रक्टर पांवटा साहिब में स्वास्थ्य जांच और जागरूकता चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रदीप मनिवाल ने बताया की शिविर में डॉ राहिला अहमद और टीम ने वर्कर्स के स्वास्थ्य की जांच की। साथ ही मुफ्त दवाइयां भी वितरित की। हीरा कुमार सिंह सोशल सेफ गार्ड एक्सपर्ट एलवी अमलविया इंफ्रा प्रोजेक्ट और पारितोष तोमर लेबर वेलफेयर अफसर ने शिविर में शिरकत कर कामगारों को विभिन्न विषयों को लेकर जागरूक किया।

### 100 मीटर दौड़ में निखिल व वैष्णवी प्रथम

**राजगढ़।** नेहरू युवा केंद्र नाहन के सौजन्य से सिरमौरी मंदिर स्पोर्ट्स क्लब के द्वारा एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन सिरमौरी मंदिर में करवाया गया। इस दौरान प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में छात्र वर्ग लंबी कूद में सुमित प्रथम, वंषित द्वितीय तथा दिव्यांश तृतीय स्थान, जबकि छात्रा वर्ग लंबी कूद में खुशबू प्रथम, वैष्णवी द्वितीय तथा लक्ष्मी तृतीय स्थान पर रही। इसी तरह लंबी कूद छात्र वर्ग में निखिल प्रथम, सुमित द्वितीय तथा वंषित तृतीय स्थान पर रहे। छात्र वर्ग में 100 मीटर दौड़ में निखिल प्रथम तो सुमित दुसरे स्थान पर, जबकि छात्रा वर्ग में 100 मीटर दौड़ में वैष्णवी प्रथम तथा खुशबू दुसरे स्थान पर रही। वहीं, रस्सीकशी में खुशबू की टीम ने बजी मारी। इस कार्यक्रम में यूथ क्लब प्रधान शुभम, आंगनबाड़ी अध्यापिका बीना शर्मा, क्लब के सभी सदस्य तरुण, अनूप, अरुण, रोहित, अंकित आदि उपस्थित रहे।

### शूलिनी कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय में एप्लाइड साइंसेज और जैव प्रौद्योगिकी संकाय (एफएएसबी) द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया। इस दिन के मुख्य अतिथि एम.वी. ढेकाणे, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिक थे। कार्यक्रम की शुरुआत शूलिनी विश्वविद्यालय के चांसलर प्रो. पी.के. खोसला के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने विज्ञान के क्षेत्र में सी.वी. रमन, हरगोबिंद खुराना, चन्द्रशेखर और सुब्रह्मण्यम चन्द्रशेखर जैसे अग्रदूतों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को शूलिनी विश्वविद्यालय के भविष्य में नोबेल पुरस्कार विजेता तैयार करने के दृष्टिकोण से प्रेरित किया। एम.वी. ढेकाणे ने अपने मुख्य भाषण में उपस्थित लोगों को भारत के अंतरिक्ष मिशनों की यात्रा से अवगत कराया और इसरो के अन्वेषण प्रयासों के अतीत, वर्तमान और भविष्य के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में शूलिनी विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शोधकर्ताओं को 2023 में अनुसंधान में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। जैव प्रौद्योगिकी विभाग के अनुसंधान विद्वानों ने भी अपने शोध कार्यों पर प्रस्तुतियां दी।

### नेतृत्व कौशल को लेकर छात्रों ने किया बूटकैंप

**सोलन।** डॉ. सुमेर सिंह के मार्गदर्शन में नीरज ठाकुर और विक्रम कुमार के साथ पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर और सुबाथू दोनों शाखाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले 12वीं कक्षा के18 छात्रों ने एमयू 20 लीडरशिप एंड एडवेंचर पर आधारित चार दिवसीय बूटकैंप कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कैंप हाल ही में 21 से 24 फरवरी, 2024 तक हाउस ऑफ लालपुर, पंजाब में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व कौशल को बढ़ाना था। कार्यक्रम बूटकैंप कार्यशालाओं और गतिविधियों की एक श्रृंखला पर आधारित था, जिसमें कार्यकारी उपस्थिति, टीम वर्क के महत्व और स्कूल संदर्भ में नेतृत्व पर आयोजित किए गए, जो युवा प्रतिभागियों को आवश्यक नेतृत्व अंतर्दृष्टि और कौशल के साथ सशक्त बनाने के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए थे। इसके अतिरिक्त, छात्रों को स्थानीय इतिहास और कृषि पद्धतियों की जानकारी दी गई तथा साथ-साथ खेतों और बगीचों का भ्रमण करवाया गया, जहां उन्होंने डॉ. सुमेर सिंह और श्री जसमेर सिंह के साथ आलू की कटाई में सक्रिय रूप से भाग लिया। जसमेर सिंह के नेतृत्व में बसाली के एक निजी जंगल की साहसिक यात्रा और सतलुज नदी पर एक रोमांचक मोटरबोट की सवारी भी प्रतिभागियों के लिए रोमांचक रही। पूरे बूटकैंप के दौरान, भू-राजनीति और आकर्षक राजव्यवस्था परियोजना पर डॉ. सुमेर सिंह की ज्ञानवर्धक बातचीत ने छात्रों के अनुभव को और भी समृद्ध किया। कैंप का समापन सतलुज नदी पर एक यादगार कयाकिंग के साथ हुआ।

### नाहन में 12,538 बच्चे पीएंगे पोलियो ड्रोप्स

**नाहन।** जिला के उपमंडल के स्वास्थ्य खंड धगेड़ा के तहत 3 मार्च को आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान में शून्य से 5 वर्ष तक के 12,538 बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जो बच्चे 3 मार्च को दवा पीने से छूट जाएंगे, उन्हें 4 और 5 मार्च को घर-घर जाकर दवाई पिलाई जाएगी। यह जानकारी पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में बीएमओ डॉ. मोनीषा अग्रवाल ने दी। उन्होंने बैठक में मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे अभियान को सफल बनाने के लिए भरपूर सहयोग करें। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों, झुग्गी झोंपड़ी, बस स्टैंड आदि स्थानों पर जाकर सभी बच्चों को दवाई पिलाएं, ताकि कोई बच्चा भी छूट न जाए। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य खंड में 99 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। इसके लिए 416 स्वास्थ्य कर्मचारियों को तैनात किया गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विनोद सांगल ने बताया कि जिला में ट्रांजिट प्वाइंट जैसे बस स्टैंड, अंतरराज्यीय सीमा के प्रवेश द्वार आदि क्षेत्र में स्थापित किए जा रहे हैं। जहां पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने की व्यवस्था की जाएगी। इस मौके पर हिमालयन कॉलेज के प्रिंसिपल दिनेश चौधरी, नर्सिंग स्कूल नाहन की प्रिंसिपल प्रतिभा वर्मा, स्वास्थ्य शिक्षिका कृष्णा राठौर, कौशल्या, सुरेश शर्मा, मनीष जैन, डॉ. ममता जैन आदि मौजूद रहे।

# वेंडर मार्केट में रेहड़ी धारकों को दुकानें मिलने का इंतजार

**आर मोहन चौहान, सोलन**

सपरून में बनी वेंडर मार्केट में लाभार्थियों को दुकानें मिलने का लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। हालांकि निगम ने वेंडर मार्केट के शेष बचे कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश ठेकेदारों को दिए हैं। इसके लिए समय समय पर निगम की मेयर सहित अन्य पदाधिकारी कार्य का निरीक्षण कर रहे हैं। निगम द्वारा सपरून में बनी वेंडर मार्केट में 54 रेहड़ी धारकों को दुकानें अलॉट किए हुए काफी समय बीत गया है, लेकिन इन दुकानों की चाबियां नहीं सौंपी गई हैं। इसके बाद रेहड़ी धारक अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार दिसंबर 2023 में वेंडर मार्केट में बनी 54 दुकानों को रेहड़ी धारकों को आवंटित किया गया था। इससे रेहड़ी धारकों को उम्मीद जगी थी उन्हें जल्द एक स्थायी छत्त मिल जाएगी, जहां से वह अपना कार्य शुरू कर सकेंगे। वेंडर मार्केट भवन में पानी सहित बिजली का कार्य भी अधूरा पड़ा है, जिस कारण भी इन्हें बसाने में देरी हो रही है। अब निगम ने इस कार्य में तेजी लाई है। (अनंत ज्ञान)



### वर्ष 2017 में शुरू हुआ था निर्माण

वर्ष 2017 में तत्कालीन नगर परिषद सोलन के समय वर्ष 2017 में इस भवन का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। करीब 1.50 करोड़ रुपए की लागत से बनी इस वेंडर मार्केट में 54 दुकानें लाइसेंसशुदा रेहड़ी धारकों के लिए बनाई गई थी। भवन का कार्य वर्ष 2018 में पूरा भी हो गया था। हालांकि शहरी विकास विभाग के नाम जमीन न होने का खुलासा होते ही इसे आवंटित नहीं किया जा सका था और मजबूरन रेहड़ी धारकों को सड़क किनारे रेहड़ी लगाने के लिए विवश होना पड़ रहा था। पूर्व सरकार के समय वर्ष 2020 में नगर परिषद सोलन को नगर निगम का दर्जा दे दिया गया और अप्रैल 2021 में नई नगर निगम का गठन होने के बाद जमीन को ट्रांसफर किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। तत्कालीन एडीसी जफर इकबाल ने बतौर कार्यकारी नगर निगम आयुक्त रहते हुए सरकार को इस जमीन को ट्रांसफर करने का प्रस्ताव भेजा था, जिस पर कार्रवाई करते हुए सरकार ने प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी थी। राजस्व विभाग ने 521 वर्ग मीटर जमीन को नगर निगम की वेंडर मार्केट के लिए ट्रांसफर करने संबंधित पत्र उपायुक्त सोलन को भेज दिया था।

> सपरून में बनी वेंडर मार्केट में शेष कार्य को जल्द पूरा किया जाएगा। इसके लिए वह स्वयं कार्य का समय समय पर निरीक्षण भी कर रही है, ताकि रेहड़ी धारकों को जल्द दुकाने सौंपी जा सकें।
> -उषा शर्मा, मेयर नगर निगम सोलन।

# भाजपा ने राज्यसभा चुनाव जीतने पर सोलन में निकाली विजय यात्रा

## कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार करते बांटी मिठाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

प्रदेश से राज्यसभा के लिए भाजपा के हर्ष महाजन की जीत के बाद बुधवार को भाजपा सोलन ने विजय यात्रा निकाली। सुबह करीब 11 बजे भाजपाई रेस्ट हाउस सोलन में इक्कठे हुए।

इसके बाद यहां से होते हुए पुराने बस स्टैंड तक भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय यात्रा निकाली। इस दौरान जीत का जश्न मनाते हुए इसका पूरा श्रेय केंद्रीय नेतृत्व को दिया। वहीं पुराने बस स्टैंड पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे से खुशी का इजहार करते हुए मिठाई भी बांटी। इस मौके पर सोलन भाजपा नेता डा. राजेश कश्यप ने कहा कि राज्य सभा के लिए भाजपा के महाजन का जीतना बहुत ही आंनद की बात है।

कांग्रेस सरकार से उन्हीं के कुछ विधायक बहुत नाराज चल रहे थे। इसके चलते क्रास वोटिग हुई और बाद पर्ची के माध्यम से हर्ष महाजन को विजेता चुना गया है। साथ ही प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि धर सूद ने कहा कि यह हिमाचल में पहली बार हुआ है। जब सत्ता में कोई पार्टी हो और विपक्ष का उम्मीदवार जीत कर राज्य सभा में पहुंच जाए।



सोलन में विजय यात्रा निकालकर खुशी जाहिर करते भाजपाई।

# मतदान केंद्रों में नेटवर्क सुदृढ़ बनाएं सर्विस प्रोवाइडर : सुमित

## उपायुक्त ने लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत दूरसंचार कंपनियों के साथ की बैठक

**अनंत ज्ञान, नाहन**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिरमौर सुमित खिमटा ने विभिन्न दूरसंचार नेटवर्क, जिसमें बीएसएनएल, जिओ और एयरटेल आदि संस्थान शमिल हैं, से आग्रह किया है कि आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत सभी सर्विस प्रोवाईडर जिला के समस्त 589 मतदान केन्द्रों में संचार नेटवर्क को सुदृढ़ बनाना सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने कहा कि जिला में 21 मतदान केंद्रों में दूरसंचार नेटवर्क कमजोर होने के दृष्टिगत शैडो जोन घोषित किया गया है।

सुमित खिमटा नाहन में लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत दूरसंचार कंपनियों बीएसएनएल, जियो और ऐयरटेल आदि कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। सुमित ने कहा जिला के 21 शैडो जोन वाले मतदान केंद्रों में दूरसंचार कंपनियां विशेष फोकस करें और समय पर यहां मोबाईल नेटवर्क की सुविधा सुनिश्चित बनाएं। सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों की ओर से जिला निर्वाचन अधिकारी को आश्वस्त किया गया कि सभी 589 मतदान केन्द्रों में नेटवर्क सुविधा को सुदृढ़ करने का प्रयास किया जाएगा और 27 शैडो जोन में भी नेटवर्क को सुचारु बनाने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

इस मौके पर तहसीलदार निर्वाचन महेन्द्र ठाकुर, बीएसएनल की एसडीओ शालिनी सिंह और निर्मल सिंह, एयरटेल से संजय बिस्टा और फकीर चंद जिओ के प्रतिनिधि परविन्द्र व निर्वाचन विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत दूरसंचार कंपनियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते डीसी नाहन।

### नेरीपूल में व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**राजगढ़।** उपतहसील पझौता के नेरीपूल नामक स्थान के पास एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी रविन्द्र कौशल के अनुसार पुलिस चौकी पझोता को इस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मृतक की पहचान इंद्र सिंह (43) निवासी पीरन तहसील जुन्गा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल राजगढ़ लाया और पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज करके आगामी छानबीन आरंभ कर दी है।

### विद्युत बोर्ड राजगढ़ के स्टोर से चोरी

**राजगढ़।** विद्युत बोर्ड राजगढ़ उपमंडल के स्टोर से चोरी का एक मामला सामने आया है। थाना प्रभारी रविंद्र कौशल के अनुसार विद्युत विभाग के राजगढ़ के सहायक अभियंता की और से एक शिकायत पत्र थाना में पेश किया गया जिसमें कहा गया कि राजगढ़ हाब्बन सड़क स्थित स्टोर में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़ कर स्टोर से अलग-अलग तकनीकी सामान चोरी कर डाला है, जिसमें लगभग एक दर्जन अलग-अलग किस्म का तकनीकी सामान है, जिसकी कीमत लगभग 1,29,971 रुपए है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है।

### पच्छाद की महिलाओं को मिल रहा खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण

**राजगढ़।** उत्तराखंड के हल्द्वानी की सुविधा संस्था एवं एसबीआई फाउंडेशन के सौजन्य से उन्नति परियोजना के तहत पच्छाद विकास खंड की विभिन्न पंचायतों में महिला कौशल विकास कार्यक्रम एवं आजीविका संवर्धन हेतु खाद्य प्रसंस्करण का प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। एंटरप्राइज एक्सपर्ट प्रबल सिंह नेगी के अनुसार प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं को ग्रुप के माध्यम से 6 पंचायतों में खाद्य प्रसंस्करण हेतु मशीनें भी दी जा रही हैं। यह प्रशिक्षण डिलमन पंचायत के ग्राम कुज्जी, शीना घाट पंचायत के ग्राम पंडाह, नैना टिक्कर पंचायत के ग्राम आंजी, सराहां पंचायत में, सुरला जनोट पंचायत के ग्राम कुइना व नारग पंचायत के ग्राम मोहर में किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं अपनी आजीविका चला सकेंगी। इस प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में दिनेश पंत महिलाओं को प्रशिक्षण दे रहे हैं ।

### छात्रों को दिए करियर गाइडेंस के टिप्स

**सोलन।** करियर गाइडेंस को लेकर ग्रीन हिल्स इंजीनियरिंग कॉलेज में सेमिनार का आयोजन किया गया। इंजीनियर्स कैरियर पॉइंट चंडीगढ़ से आए गुरविंदर सिंह मुख्य वक्ता थे। उन्होंने छात्रों को करियर गाइडेंस के टिप्स भी दिए। ग्रीन हिल्स इंजीनियरिंग कॉलेज के अध्यक्ष सरदार किरपाल सिंह पसरीचा ने अपनी उपस्थिति से छात्रों और शिक्षकों को प्रेरित किया। इंजीनियरिंग विभाग एचओडी प्रो दिनेश कश्यप ने कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सहायक प्रोफेसर निकिता सहित सभी छात्रों व शिक्षकों को बधाई।

# बीबीएन के झाड़माजरी में चलेगा स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ विकास प्राधिकरण (बीबीएनडीए) की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोनाक्षी सिंह तोमर की अध्यक्षता में मंगलवार को बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर बनाने के तहत बैठक का आयोजन किया गया। सोनाक्षी सिंह तोमर ने कहा कि बीबीएन क्षेत्र हिमाचल सहित उत्तर भारत का प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र है और यहां स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा जाना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि समूचे क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बनाए रखने और कूड़ा-कचरा इत्यादि के समयबद्ध निष्पादन के लिए कार्य योजना बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में ऐसे स्थान चिन्हित किए जाएंगे जहां लोग अकारण ही कूड़ा फेंक देते हैं। इन स्थानों का सौंदर्यकरण किया जाएगा। इन क्षेत्रों में सीएसआर के माध्यम से फुटपाथ बनाकर, पौधे रोपित कर तथा दीवारों पर सुंदर चित्रकारी के माध्यम पर्यावरण के प्रति जागरूकता संबंधित नारे लिखकर विकसित किया जाएगा। समूचे अभियान में क्षेत्र में स्थापित उद्योगों का सक्रिय सहयोग लिया जाएगा। शीघ्र ही कूड़ा से संबंधित शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाएगा।



सोनाक्षी सिंह स्वच्छता को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करती हुई।

# अतिरिक्त व्यय पर्यवेक्षकों के लिए कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत पारदर्शी निर्वाचन संपन्न करवाने के उद्देश्य से आज यहां अतिरिक्त व्यय पर्यवेक्षकों को सी-विजिल तथा चुनाव जब्ती प्रबंधन प्रणाली ऐप के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने की। शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान प्रतिनियुक्त नोडल अधिकारी विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा किए गए व्यय की निगरानी, कानूनी प्रावधान, जब्त करने की प्रक्रिया तथा कार्यवाही के बारे में सजग होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि चुनाव में पारदर्शिता बढ़ाने और प्रत्याशियों व उनके समर्थकों पर निगरानी रखने के लिए भारत के चुनाव आयोग द्वारा चुनावी जब्ती प्रबंधन प्रणाली (ईएसएमएस) ऐप चलाई गई है। यह ऐप निर्धारित समयावधि में जब्ती की रिपोर्ट देने के लिए बनाई गई है। आदर्श आचार संहिता के दौरान उड़न दस्ता टीम व स्टेटिक निगरानी टीम द्वारा नकदी, मादक पदार्थ, हथियार इत्यादि की जब्ती का ऑनलाइन रिकॉर्ड भी रखा जाएगा, ताकि कार्यवाही करने में सुगमता हो सके। उन्होंने कहा कि सी-विजिल ऐप के माध्यम से नागरिकों को चुनाव के दौरान रिश्वत, मुफ्त उपहार, मादक पदार्थ वितरण, अनुमति समय से अधिक देर तक लाउड स्पीकर बजाने जैसे आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामलों की शिकायत कर सकते हैं।

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय यादव, तहसीलदार निर्वाचन सोलन ऊषा, नायब तहसीलदार दीवान सिंह सहित अतिरिक्त व्यय पर्यवेक्षकों ने कार्यशाला में भाग लिया।



लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत पारदर्शी निर्वाचन बैठक।

### कामगारों को बताए अग्नि सुरक्षा के तरीके

**नाहन।** जिला सिरमौर की नाहन तहसील के अंतर्गत अंबा शक्ति प्राइवेट लिमिटेड, काला अंब औद्योगिक क्षेत्र में आज अग्निशमन विभाग की ओर से अग्नि सुरक्षा एवं बचाव अभियान पर मॉक अभ्यास का आयोजन कर कामगारों को अग्नि सुरक्षा के तरीके बताए। गृह रक्षक चतुर्थ वाहिनी के आदेशक तोताराम शर्मा ने बताया कि आगजनी की घटनाओं एवं आने वाले ग्रीष्म ऋतु में उनकी बढ़ौतरी को मद्देनजर रखते हुए इस तरह के फायर सेफ्टी एवं मौक अभ्यास उद्योगों में आयोजित करवाए जा रहे हैं। आदर्श अग्निशमन केंद्र, नाहन के लीडिंग फायरमैन रमेश चंद ने बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा सहयोगी टीम के रूप में स्थानीय काला अंब फायर स्टेशन के कर्मचारी भी मौजूद थे।

# जिले में स्वीप गतिविधियों से बढ़ाया जाएगा मतदान प्रतिशत : गौरव महाजन

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिला में स्वीप गतिविधियों (सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता) के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन और निर्वाचन विभाग ने अपनी तैयारी आरंभ कर दी है। भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव-2024 में इस बार न्यूनतम 75 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जिला भर में स्वीप गतिविधियों के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सहायक आयुक्त गौरव महाजन ने बुधवार को नाहन में स्वीप कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह जानकारी प्रदान की। उन्होंने स्वीप के सभी सदस्यों से आग्रह किया कि सभी विभाग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के साथ ही नये पात्र युवाओं को अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए प्रेरित करें।। महाजन ने कहा कि प्रथम अप्रैल 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा भी मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटकों के अलावा स्कूलों, कॉलेजों और शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एनसीसी, नेहरू युवा केंद्र और एनएसएस के स्वयंसेवियों को भी स्वीप गतिविधियों में शामिल कियाा जाएगा। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सिरमौर में पदमश्री विद्यानंद सरैक को जिला आइकन बनाया गया है। इसी प्रकार लोक गायक राजीव राजा और कबड्डी खिलाड़ी सुषमा शर्मा को भी जिला आइकन बनाया गया हैं।

> पदमश्री विद्यानंद सरैक होंगे सिरमौर के आइकन

### 80 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता घर बैठे कर सकेंगे वोट

सहायक आयुक्त ने बताया कि 80 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाता, 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगजनों को स्वैच्छिक रूप से घर से ही मतदान करने की सुविधा दी गई है। इसके लिए फार्म 12-डी भरा जाएगा। उन्होंने सभी बूथ लेवल अधिकारियों से अपने क्षेत्र के इन वर्गों के पात्र मतदाताओं को उनकी इच्छा के अनुरूप यह सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

**बैठक** — अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के तहत चल रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

# 31 मार्च तक निर्धारित लक्ष्य पूरा करें सभी विभाग: डीसी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के तहत जिला में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को 31 मार्च 2024 तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग विकास योजनाओं को निर्धारित अवधि में पूरा करें, ताकि आमजन को इन विकास योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

उपायुक्त सुमित खिमटा आज नाहन में जिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के तहत जिला में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस वित्त वर्ष में अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के तहत 28.35 करोड़ रुपए की सबसे अधिक धनराशि लोक निर्माण विभाग को विभिन्न भवनों और सड़कों के निर्माण के लिए आवंटित की गई है और विभाग इस धनराशि को समय पर खर्च करना सुनिश्चित बनाए।

सुमित ने बताया कि इस वित्त वर्ष में कृषि विभाग को 71 लाख रुपए, भू संरक्षण विभाग को 41 लाख रुपए, उच्च शिक्षा विभाग को विभिन्न भवनों के निर्माण के लिए 73.73 लाख रुपए आवंटित किए गए हैं। इसी प्रकार जल शक्ति विभाग को विभिन्न पेयजल योजनाओं के लिए 1.78 करोड़ रुपए, वन विभाग को 86.59 लाख रुपए तथा पर्यटन विभाग को 2 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। उपायुक्त ने कहा कि बाल विकास परियोजना को विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र भवनों के निर्माण के लिए 58.70 लाख रुपए दिए गए थे और विभाग ने शतप्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया है। सुमित खिमटा ने कहा कि कार्य में अनावश्यक विलंब होने से लागत खर्चे में बढ़ोतरी हो जाती है और साथ ही समय पर आम जन को इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। जिला कल्याण अधिकारी विवेक अरोड़ा ने बैठक का संचालन करते हुए अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के तहत जिला में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा, उप निदेशक उच्च शिक्षा कर्म सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस सुनील शर्मा, उपनिदेशक उद्यान एस.के. बक्शी व अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।



नाहन में अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के तहत समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त।

## न्यूज ब्रीफ

### रमेश कुमार को सौंपी पेंशनर्स संघ की कमान

**डाडासीबा।** जिला कांगड़ा पेंशनर संघ परागपुर ब्लॉक का त्रैमासिक चुनाव बुधवार को अशोक का टेंट हाउस नंगल चौक में संपन्न हुआ। इसमें सर्वसहमति से प्रधान पद के लिए रमेश कुमार को चुना गया। जबकि महासचिव पद के लिए ख्याल चंद कोषाध्यक्ष मेला राम को सर्वसम्मिति से चुना गया। यह चुनाव सभी की सहमति से संपन्न हुआ। इस चुनाव में परागपुर ब्लॉक से शांतला से लेकर रक्कड़, संसारपुर टेरस पेंशनर संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

### हर्ष महाजन की जीत पर निकाला विजय जुलूस



बैजनाथ में हर्ष महाजन की जीत पर खुशी मनाते बीजेपी के कार्यकर्ता।

**बैजनाथ।** हर्ष महाजन के राज्यसभा में चुने जाने पर बैजनाथ मंडल भाजपा ने आज पूर्व विधायक मुल्क राज प्रेमी के नेतृत्व में बैजनाथ बाजार में जुलूस निकालकर जश्न मनाया। इस मौके पर पूर्व विधायक ने कहा बीते कल हुए राज्यसभा के चुनाव में जिस तरह से कांग्रेस पार्टी में आपसी गुटबंदी खुलकर सामने आई है, उससे यह साफ है कि यह सरकार अब वेंटिलेटर पर आ गई है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की वजह से आम जनमानस ही नहीं बल्कि नेता लोग भी प्रभावित होकर भाजपा का दामन थाम रहे हैं। मुलख राज प्रेमी ने कहा आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा बैजनाथ क्षेत्र से भारी बहुमत से जीत हासिल करेगी।

### मोदी है तो सब मुमकिन है : प्रवीण शर्मा

**पालमपुर।** शायद ही कोई सा संसदीय क्षेत्र होगा जहां से एक नहीं दो नहीं अब तीन तीन सांसद होंगे। धर्मशाला से किशन कपूर (लोकसभा), बैजनाथ से इंदु वाला गोस्वामी ( राज्यसभा) ओर अब चंबा से हर्ष महाजन राज्यसभा में चुने गया है। पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीन कुमार ने कहा भाजपा के 25 और कहां कांग्रेस के 40 विधायकों के जादुई आंकड़े में भाजपा के राज्यसभा प्रत्याशी हर्ष महाजन ने टॉस पर अपनी जीत दर्ज करवाई। इस चौंका देने वाली ऐतिहासिक जीत पर सभी का एक स्वर में तर्क संगत कहना है कि मोदी है तो मुमकिन है।

### शाहपुर कॉलेज में चलाया सफाई अभियान

**कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर की रोवर्स व रेंजर्स इकाई, ईको क्लब एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को महाविद्यालय के विज्ञान परिसर की सफाई की गई। इस सफाई अभियान में प्राध्यापक सहित विद्यार्थियों ने शामिल होकर स्वच्छता अभियान में भाग लिया। उन्होंने स्वच्छता के लिए एक मंत्र भी दिया उन्होंने कहा महाविद्यालय में न गंदगी करेंगे, न गंदगी करने देंगे। उन्होंने विद्यार्थियों और विभिन्न विभागों द्वारा स्वच्छ भारत मिशन में हिस्सा लेने और एक स्वच्छ भारत के निर्माण में अपना योगदान देने के लिए किए जाने वाले प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर अभियान में प्रो. सरिता, प्रो. भावना, प्रो. आशा शर्मा, प्रो. सुशीला, प्रो. हरीश, प्रो. साक्षी, प्रो. शिल्पा ने भी भाग लिया।

### जल्द कैशलैस होंगे पुस्तक वितरण केंद्र

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की पहल से अब के तहत अब प्वाइंट ऑफ सेल मशीन इंस्टॉल की जा रही है। इसका लाभ ऑनलाइन भुगतान के लिए मिलेगा। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि बोर्ड के समस्त पुस्तक वितरण, सूचना एवं मार्गदर्शन केंद्रों में बोर्ड द्वारा ऑनलाइन भुगतान हेतु प्वाइंट ऑफ सेल मशीन स्थापित की जा रही है। इस बारे में कार्य प्रगति पर है। बोर्ड सचिव ने बताया कि बोर्ड के विभिन्न पुस्तक वितरण, सूचना एवं मार्गदर्शन केंद्रों के जिला प्रबंधकों, प्रभारियों एवं बोर्ड से पंजीकृत समस्त निजी पुस्तक विक्रेताओं को निर्देश जारी किए जा रहें कि आगे से किसी भी प्रकार का लेन-देन ऑनलाइन प्वाइंट ऑफ सेल मशीन के माध्यम से ही किया जाएगा। सभी पुस्तक वितरण केंद्रों को कैशलैस किया जा रहा है।

### औंद स्कूल के छात्रों से किया शिक्षा संवाद

**नूरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय औंद तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस और शिक्षा संवाद का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। इसमें स्कूल के बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। बच्चों को इस कार्यक्रम के दौरान अलग-अलग विषयों पर प्रश्न पूछे गए तथा उन्हें अलग-अलग विषयों पर जानकारी भी दी गई जो इन बच्चों के भविष्य में काम आ सकती है। विद्यालय प्रधानाचार्या नवीन कुमारी ने बताया कि इस सुअवसर पर बच्चों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ व अभिभावक भी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य महोदया ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### जमा राशि लेने को 31 मार्च तक करें दावा पेश

**जयसिंहपुर।** दी लंबागांव मंडल एचपीएसईबी कर्मचारी वेतन भोगी वचत एवं ऋण सह सभा को लंबे समय से कार्य न करने के कारण विघटन में डाला गया है। सभा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वह 31 मार्च से पहले सभा में जमा अपनी राशि को प्राप्त करने हेतु दावा पेश कर सकते है। वहीं, अगर 31 मार्च के बाद अगर कोई दावा पेश करता है तो वह मान्य नहीं होगा।

### मछुआरों की समस्याओं पर बनाई रणनीति

**जवाली।** दी फिशरीज सोसायटीज एसोसिएशन पौंग डैम रिजर्वियर जवाली की बैठक विश्रामगृह जवाली में अध्यक्ष जसवंत सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मछुआरों की समस्याओं पर रणनीति बनाई गई। जसवंत सिंह ने कहा कि मौजूदा समय में मछुआरों की इंश्योरेंस के लिए जो कंपनी हायर की गई है, उनकी क्लेम के लिए बहुत ज्यादा शर्तें हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी की शर्तों को कम किया जाए, ताकि आश्रितों को विभाग व कंपनी के बार-बार चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने कहा कि जो मछुआरा 60 साल का हो जाए उसे एकमुश्त राशि प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि पौंग जलाशय के लिए कमेटी बनाई जाए जो इस कार्य क्षेत्र पर नजर रख सके। उन्होंने मांग की है कि फिशरीज से रिटायर डायरेक्टर को एडवायजर बनाया जाए जो पौंग जलाशय की देखरेख सुचारू रूप से रख सके। उन्होंने सरकार व मत्स्य विभाग से मांग की है कि मछुआरों की मांगों को मानकर राहत दी जाए। इस मौके पर महासचिव कमल सिंह, मिलखी राम, मनोज कुमार, तरसेम लाल, परस राम, बलदेव सिंह, रविंद्र कुमार इत्यादि मौजूद रहे।

**चेतावनी** कबाड़ी गांव के ग्रामीणों ने दो दिन का दिया अल्टीमेटम, कहा- बन खड्ड की दूसरी जगह किया जाए निर्माण

# चैकडैम का रोको काम, वरना उठा देंगे सामान

**स्वामी राम शर्मा, नगरोटा बगवां**

उपमंडल नगरोटा बगवां के अंतर्गत पंचायत कबाड़ी के किसानों ने जल शक्ति विभाग द्वारा बन खड्ड पर बनाए जा रहे चैकडैम के विरोध में ग्रामीण फिर मुखर हो गए है। ग्रामीण कार्य को रोक कर खड्ड के किसी और स्थल पर इसका निर्माण करने के लिए करीब दो माह से जारी संघर्ष को जारी रखते हुए किसान मोर्चा ने बुधवार को निर्माण स्थल पर करीब 100 किसानों ने हल्ला बोल कर ठेकेदार को अपना सामान उठाने का अल्टीमेटम देते हुए दो टूक कह दिया है कि यदि दो दिनों के भीतर निर्माण स्थल से समान नही हटाया तो किसान सारा सामान हटाने को मजबूर होंगे जिसकी जिम्मेदारी विभाग एस प्रशासन की होगी।

किसान संघर्ष मोर्चा के करीब 200 से ऊपर किसानों ने एक संयुक्त हस्ताक्षर युक्त बयान में कहा है कि किसान करीब दो माह से विभाग एवं प्रशासन को जता चुके हैं की उक्त स्थल पर इस चैकडैम के कार्य को बंद कर इसका निर्माण खड्ड के अन्य स्थल पर किया जाए।

इसके बावजूद विभाग ने इस कार्य को रोकने और दूसरी जगह इस का निर्माण करने के लिए ठेकेदार को आदेश जारी नही किए, जिससे किसानों में भरी रोष व्याप्त है। किसान संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष मंगल चौधरी, महामंत्री सुरिंद्र वालिया, सचिव रंजीत एवं अन्य पदाधिकारी रोष प्रदर्शन करने पहुंचे। किसानों ने कहा कि यदि ठेकेदार ने दिए समय पर समान नहीं उठाया तो किसान मोर्चा तह सारा सामान हटाने को मजबूर हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)



चैकडैम के विरोध में प्रदर्शन करते हुए कबाड़ी गांव के ग्रामीण।

### उपजाऊ भूमि हो सकती है खंडहर

**संघर्ष** समिति का कहना है की बनेर खड्ड से कई कूहलें निकलती है तथा यदि निर्माण स्थल पर चैकडैम बनाया जाता है, तो हजारों एकड़ भूमि खंडहर होने का डर है।

### कार्यालय का घेराव करेंगे ग्रामीण

**किसान** मोर्चा का कहना है कि विभाग इस कार्य को सुझाए गए स्थल पर नहीं बनाता है, तो संघर्ष समिति विभाग कार्यालय का घेराव करने को मजबूर हो जाएंगे। वहीं, ग्रामीण कार्य को रोक कर खड्ड के किसी और स्थल पर इसका निर्माण करान के लिए बाले रहे हैं।

## भाजपा ने लड्डू बांट कर मनाई खुशी

### कचहरी में हर्ष महाजन की जीत पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश की एकमात्र राज्यसभा सीट पर कांग्रेस के बागी तथा आजाद विधायकों की क्रॉस वोटिंग से जीती भाजपा में खासा जोश है।

इस को लेकर कचहरी चौक में भाजपा के जिलाध्यक्ष सचिन शर्मा की अगुआई में कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा सीट पर भाजपा के कोर कमेटी के सदस्य तथा रणनीतिकार हर्ष महाजन की जीत की खुशी पर जमकर नारेबाजी कर तथा लड्डू बांट कर मनाई गई। इस दौरान मोदी जी तुम आगे बढ़ो, जयराम जी तुम आगे बढ़ो हम तुम्हारे साथ हैं तथा बिंदल जी को जय श्री राम के नारे कार्यकर्ताओं ने लगा अपनी खुशी जाहिर की। इस मौके पर काफी सख्यां में महिला कार्यकर्ता भी मौजूद रहीं। वहीं, भाजपा के जिलाध्यक्ष सचिन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार से जनता पहले से त्रस्त थी, तो उनके विधायक भी इनसे त्रस्त थे तथा इसका सबूत गत रोज मिल चुका है।



कचहरी अड्डे में लड्डू बांट कर खुशी मनाते बीजेपी की कार्यकर्ता।

### नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दें सुक्खू

**सचिन** शर्मा ने कहा कि जनता के साथ अपने ही विधायकों का विश्वास खो चुकी सुक्खू सरकार को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इनके विधायकों ने अपनी अंतरआत्मा की आवाज पर वोट किया है तथा अब प्रदेश से तानाशाही की सरकार की रवानगी तय है। उन्होंने कहा कि विधायकों ने हर्ष महाजन की अंतरात्मा की आवाज पर वोट देने की अपील पर उन्हें वोट देकर विजयी बनाया।

## राज्यसभा चुनाव की जीत पर जयसिंहपुर भाजपा ने पंचरुखी बाजार में निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**

देश में हुए राज्यसभा चुनावों में हिमाचल में भाजपा की जीत पर जयसिंहपुर भाजपा ने खुशी जाहिर करते हुए पंचरुखी बाजार में रैली निकाली व मिठाई बांटी। रैली में पूर्व विधायक रवि धीमान व भाजपा प्रदेश सदस्य घनश्याम शर्मा विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

पूर्व विधायक रविंद्र रवि धीमान ने कहा कि राज्यसभा चुनाव के दौरान जो कुछ भी हुआ वो संविधान के अनुरूप हुआ। कांग्रेस के जिन छह विधायकों ने अपने ईमान को ध्यान में रखकर वोट किया है, मैं उनको बधाई देता हूं। रवि धीमान ने कहा कि जिन झूठी गारंटियों के सहारे कांग्रेस ने अपनी सत्ता का हवा महल बनाया था वो इन्हीं गारंटियों के भार से ढहने वाला है। उन्होंने कहा कि जब विधायक ही अपने मुख्यमंत्री से दुखी हैं तो आम जनता का क्या हाल है। अब हिमाचल की जनता समझ चुकी है। आज सरकार मख्यमंत्री अपने पद से त्याग पत्र दे रहें और यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित है कि बहुत जल्द कांग्रेस सरकार गिरने वाली है और हिमाचल में भी रामराज्य स्थापित होने वाला है क्योंकि झूठ की दीवार लंबे समय तक नहीं टिकती है। वहीं, भाजपा प्रदेश सदस्य घनश्याम शर्मा ने कहा कि हिमाचल में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनने जा रही है। मुख्यमंत्री ने अपने ही विधायकों को घुटन में रखा था जो अब आजाद होकर सहज महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार अपने कर्मों से ही हासिये पर आ गई है। इस मौके पर भाजपा मीडिया प्रभारी प्रकाश चंद, जन्म पठानिया, राज वालिया, स्वरूप डोगरा, राजेश शर्मा, आदर्श सूद, प्रेम भूषण, भाजपा महिला मोर्चा की सदस्य व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ रैली निकालते पूर्व विधायक रविंद्र रवि धीमान व घनश्याम शर्मा।

## वन परिक्षेत्र कार्यालय जवाली में काटे तुणी के पेड़

### रेंज अधिकारी जवाली व डीएफओ नूरपुर इस मामले पर नहीं दे पाए कोई स्पष्ट जवाब

**अनिल छांगू, जवाली**

वन परिक्षेत्र कार्यालय जवाली के परिसर में अवैध रूप से हरे पेड़ों को काटने का मामला प्रकाश में आया है। वन परिक्षेत्र कार्यालय परिसर में तुणी के दो पेड़ काटे गए लेकिन किसकी परमिशन से काटे गए, इसका कोई भी स्पष्ट जवाब नहीं दिया जा रहा है।

रेंज अधिकारी जवाली व डीएफओ नूरपुर इस पर कोई भी स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रहे हैं। तुणी के पेड़ कटान पर प्रतिबंध लगा हुआ है तो फिर वन परिक्षेत्र कार्यालय में लगे तुणी के दो पेडों को कैसे काट डाला गया। विभागीय अधिकारी जवाब दे रहे हैं कि पेड़ गिर रहे थे परंतु सवाल यह है कि बिना बारिश व तूफान पेड़ कैसे गिर गए और दूसरा कि इतने बड़े पेड़ों के गिरने से रिहायशी आशियाने का कोई नुकसान क्यों नहीं हुआ। केवल तुणी के पेड़ ही क्यों गिरे जबकि आसपास अन्य पेड़ भी हैं। लोगों ने मांग की है कि बिना परमिशन पेड़ों को काटने की एवज में विभागीय अधिकारियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। (अनंत ज्ञान)

### मामले पर क्या बोले अधिकारी

**डीएफओ** नूरपुर अमित शर्मा ने बताया कि इस बारे मुझे इसकी जानकारी नहीं है। पता करने पर ही कुछ बता पाऊंगा। एसडीएम जवाली विचित्र सिंह ने कहा कि मेरे द्वारा वन विभाग को कोई भी परमिशन नहीं दी गई है। अगर बिना परमिशन पेड़ काटे गए हैं तो शिकायत मिलने पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वन परिक्षेत्र अधिकारी जवाली आशीष ने बताया कि पेड़ मेरे रिहायशी आशियाने पर गिर गए थे इसलिए कटवाए गए हैं।



अवैध कटान कर काटी गई लकड़ी

## शिक्षा बोर्ड धर्मशाला में स्थापित किया कंट्रोल रूम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा मार्च 2024 में संचालित की जा रही दसवीं तथा जमा दो की नियमित व राज्य मुक्त विद्यालय की आठवीं, दसवीं व जमा कक्षाओं की परीक्षाओं के सुचारु संचालन के दृष्टिगत परीक्षार्थियों अध्यापकों व अन्य संबंधित पक्षों की सुविधा के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इस कक्ष में दो कर्मचारी मौजूद रहेंगे। वहीं, किसी भी परीक्षार्थी एवं अभिभावक की ओर से मांगी गई जानकारी को रजिस्टर में नोट करेंगे तथा संबंधी शाखाओं को निपटारे हेतु अग्रेषित करेंगे।

इसको लेकर हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड के सचिव मेजर विशाल शर्मा ने कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी है।

कुल तीन लोगों को नियंत्रण कक्ष की देखरेख के लिए नियुक्त किया गया है। जबकि कक्ष में नियमित रूप से दो कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

## शातिरों ने ट्रेडिंग का झांसा देकर युवक को लगाया 11 लाख रुपए का चूना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कनाडा से दोस्त की कॉल के चलते जवाली के युवक के करीब नौ लाख ठगे जाने के बाद जिला के टांडा में लाखों की साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है।

मामले में शातिरों ने पीड़ित को ट्रेडिंग क झांसा देकर उससे 1135000 रुपए ठग लिए। जानकारी के अनुसार टांडा निवासी शिकायतकर्ता कुछ समय से एलआरओ मैक्स नामक ऐप पर ऑनलाइन ट्रेडिंग कर रहा था तथा उसके करीब 10000 रुपए भी उसको मिले। इसके बाद सोशल मीडिया से दिए गए लिंक पर शेयर ट्रेडिंग को कहा गया तथा उक्त युवक को करीब 15 से 20 लाख रुपए उसके ट्रेड अकाउंट में होने के संदेश भी आए। बाद में युवक के खाते में पैसा न आने के बाद उसे ठगी का शिकार होने की भनक लगी, लेकिन तब तक वो लाखों गवां चुका था। पीड़ित ने साइबर पुलिस थाना धर्मशाला में अपनी शिकायत दर्ज करवाई। जहां पुलिस ने शिकायत दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

### केस की जांच शुरू

**उधर,** एएसपी साइबर, प्रवीण धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 419,420 तथा आईटी एक्ट 66 सी व डी के तहत मामला दर्ज कर किया गया है तथा जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने लोगों से एक बार फिर अपील की कि किसी भी प्रलोभन में आकर अपनी मेहनत की कमाई को न गवाएं। उन्होंने कहा कि लोग जागरूक रहें तथा ठगी का शिकार न हों।

### कोटला बेहड़ पंचायत के लोगों ने जानी बैंकिंग प्रणाली

**डाडासीबा।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित शाखा कस्वा कोटला में 28 फरवरी को जसवां परागपुर की पंचायत कोटला बेहड़ में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शाखा प्रबंधक अश्वनी कुमार ने लोगो को डिजिटल मेकिंग, एटीएम, इटरनेट बैंकिग व डेबिट कार्ड, मोबाइल बैंकिंग प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना साइबर काइम व बैंक की अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर बैक की ओर से शाखा प्रबंधक, व बैंक कर्मचारी कुलभूषण सिंह के साथ दैनिक भोगी व कृषि सहकारी सभा के सचिव के साथ लोगों ने भाग लिया।

### ओटीपी और ऑनलाइन फ्रॉड पर लोगों को किया जागरूक

**गगल।** बुधवार को केंद्रीय सहकारी बैंक सलोल के सौजन्य से गांव कोठड़ू में एक शिविर का आयोजन किया गया। इसमें नबार्ड द्वारा चलाई गई सभी योजनाओं को उपस्थित लोगों विस्तार पूर्वक बताया गया। केंद्रीय सहकारी बैंक सलोल के मैनेजर रितेश गार्गी ने बताया कि इस शिविर में लोगों को नई-नई सरकार के द्वारा चलाई गई योजना को जानकारियां दीं। इसमें किसान क्रेडिट कार्ड, इंश्योरेंस स्कीम, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, ऑनलाइन सिस्टम के बारे में तथा एटीएम ऑनलाइन फ्रॉड, ओटीपी फ्रॉड, सेल्फ हेल्प ग्रुप, जिसमें महिला मंडल के ग्रुप को इस योजना में लिया गया है और इसी योजना के तहत महिलाओं को चार प्रतिशत पर लोन भी दिया जाता है और चार प्रतिशत सब्सिडी भी है। इस अवसर पर शिविर में एजीएम कुलतार सिंह मनकोटिया, अरुण कुमार, महिला मंडल की प्रधान ललिता कुमारी, सचिव अजीत कुमारी, पंचायत सदस्य किक्कर सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित है।



नूरपुर। राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर के अर्थशास्त्र विभाग ने नए विचारों, नवाचार और कार्यान्वयन पर चर्चा के लिए शार्क टैंक नामक एक प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में बीए, बीकॉम के अर्थशास्त्र विषय के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। छात्रों ने उत्कृष्ट व्यवसायिक विचारों और वास्तविक दुनिया में इसके कार्यान्वयन पर चर्चा की। प्रतियोगिता में 13 छात्रों ने भाग लिया और इस मौके पर 72 छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।

**लोकसभा चुनाव** क्षेत्रीय, जातीय संतलुन और आक्रामक अंदाज; मजबूत है दावा, गुटबंदी के हुए थे शिकार

# राकेश पठानिया पर दांव खेल सकती है भाजपा

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



लोकसभा चुनावों में हिमाचल प्रदेश में क्लीन स्वीप का दम भर रही भाजपा को अभी कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में एक नए चेहरे की तलाश है। लगभग एक वर्ष पूर्व विधानसभा चुनाव में प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा में बुरी तरह पिछड़ने और वर्तमान सांसद किशन कपूर की खराब सेहत के कारण भाजपा इस बार के लोकसभा चुनाव में किसी नए चेहरे को उतारने पर विचार कर रही है। भाजपा का गढ़ रहे कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चंबा जिले की चार विधानसभा सीटें भी आती हैं। लिहाजा, क्षेत्रीय संतुलन, जातीय संतुलन और राजनीतिक अनुभव के आधार पर भाजपा राकेश पठानिया के नाम पर भी विचार कर सकती है। नूरपुर विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रह चुके राकेश पठानिया क्षेत्रीय एवं जातीय संतुलन, राजनीतिक अनुभव और पार्टी के अन्य सभी मानदंडों पर खरा उतरते हैं। ऐसे में वह एक मजबूत प्रत्याशी हो सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### 28 साल में बने विधायक

**वर्ष** 1998 में मात्र 28 वर्ष की आयु में विधायक बने राकेश पठानिया एक तेज तर्रार एवं दमदार राजपूत नेता माने जाते हैं। वह ऐसे क्षेत्र से संबंध रखते हैं, जो कि कांगड़ा और चंबा की सीमा पर स्थित है।

### हुए थे राजनीति का शिकार

**वर्ष** 2022 में पठानिया एक बार फिर राजनीति का शिकार हुए। अगर उनकी सीट नहीं बदली होती तो शायद वह आसानी से चुनाव जीत सकते थे। बहरहाल, इस बार भाजपा उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए एक प्रत्याशी के रूप में उतार सकती है।

### पठानिया ने कांग्रेस को दी कड़ी टक्कर

**राकेश** पठानिया अपने आक्रामक तेवरों के लिए जाने जाते हैं और पिछली विधानसभा में हिंदी एवं अंग्रेजी में उनके दमदार भाषणों ने कई बार विपक्ष को पस्त किया था। उनके इस अंदाज और लोकप्रियता को देखते हुए ही भाजपा हाइकमान ने वर्ष 2022 के आम चुनावों में एक नया प्रयोग करते हुए उन्हें नूरपुर के बजाय फतेहपुर से उतारा था। नए विधानसभा क्षेत्र में भी पठानिया ने कांग्रेस को कड़ी टक्कर दी थी।

### जयराम सरकार में बने थे मंत्री

**वर्ष** 1998 के आम विधानसभा चुनाव में राकेश पठानिया ने नूरपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीत कर पहली बार भगवा लहराया था और पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष भी रहे। 2003 में वह वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व. सत महाजन से चुनाव हार गए। 2007 में गुटबंदी के कारण उन्हें पार्टी से टिकट नहीं मिला तो उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा व जीत हासिल की। वर्ष 2017 के चुनावों में उन्होंने एक बार फिर से नूरपुर विस क्षेत्र से जीत हासिल की और जयराम सरकार में मंत्री भी बनें।

## भगवान भी चाहते हैं सुक्खू सरकार की विदाई : अतुल

### समाजसेवी ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा, बोले- बागी विधायक सम्मान के हैं हकदार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

वर्तमान कांग्रेस सरकार ने जनभावनाओं का सम्मान नहीं किया। इसके चलते आज सरकार को यह दिन देखने को मजबूर होना पड़ रहा है।

कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह व कांग्रेस आलाकमान ने अपने लाव लश्कर के साथ हिमाचल की जनता के मध्य केंद्रीय विश्वविद्यालय को धर्मशाला में स्थापित करने का निर्णय लिया था, लेकिन सुक्खू सरकार ने पैसा अब तक जमा नहीं करवाया और न ही विधायक के प्रश्न का जवाब विधानसभा में दिया। ऐसे में कांगड़ा-चंबा की जनता की जनभावनाओं का निरादर किया। सामाजिक कार्यकर्ता अतुल भारद्वाज ने कहा कि धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने सोशल मीडिया पर सही कहा था कि आत्मसम्मान के साथ कभी समझौता नहीं करना चाहिए। अतुल भारद्वाज ने कहा कि जिन छह विधायकों को बागी कहा जा रहा है, उन विधायकों ने हिमाचल के आत्मसम्मान की रक्षा की है और आत्मसम्मान को बढ़ाया है, ऐसा प्रदेश की जनता मानती है। जिन विधायकों ने हिमाचल के आत्मसम्मान की रक्षा की है, उन विधायकों को प्रदेश की जनता की ओर से सम्मानित किया जाएगा।



अतुल भारद्वाज ने कांग्रेस आलाकमान को चेतावनी देते हुए कहा है की अभी यह राज्यसभा का परिणाम है, लेकिन यदि गलतियों का सुधार नहीं हुआ तो लोकसभा चुनावों में एक भी विधानसभा से कांग्रेस पार्टी लीड नहीं ले पाएगी। उन्होंने कहा कि ईश्वर सब देख रहा है और यह प्रभु कृपा ही है कि बहुमत होने के बाद भी कांग्रेस के राज्यसभा का उम्मीदवार जीत हासिल नहीं कर पाया और अंतता टॉस करने पर भी भगवान ने उनका साथ नहीं दिया इससे स्पष्ट हो गया है कि भगवान भी नहीं चाहते कि यह सरकार चले।

## न्यूज ब्रीफ

### जल संरक्षण से ही जल संकट का समाधान

**गरली।** नाग मंदिर करियाड़ा के प्रबंधक कुलदीप सिंह गुलेरिया ने कहा कि जल ही जीवन है ये हम हमेशा से सुनते और पढ़ते आए हैं। लेकिन जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती। उतना ही सच ये भी है कि जल-संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में प्रति व्यक्ति पानी की उपलब्धता तेजी से घटती जा रही है। यदि पानी के उपयोग का यही सिलसिला जारी रहा तो स्वच्छ जल की उपलब्धता भविष्य में धीरे-धीरे और घट जाएगी। उन्होंने बताया कि जल कुदरत की अनुपम, अमूल्य और सर्वश्रेष्ठ देन है और उसे बचाना हम सबका दायित्व है। उन्होंने कहा कि उदाहरण के तौर पर हम घरों में पानी का प्रयोग बरतन धोने, कपड़े धोने, फर्श एवं शौचालय की साफ-सफाई आदि सभी कार्यों में करते हैं।

### कवयित्री कमलेश सूद को दी बधाई



**पालमपुर।** 'बुलंदी' अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक सेवा समिति संस्था बाज़पुर (उत्तराखंड) के तत्वावधान में पिछले माह जनवरी में हिंदी की वैश्विक यात्रा बुलंदी पर हिंदी नामक वर्चुअल कवि सम्मेलन आयोजित किया गया था। इसमें में पालमपुर की कवयित्री कमलेश सूद ने भी सहभागिता की है। बता दें कार्यक्रम में विश्व के 55 देशों के हिंदी भाषीय कलमकारों सहित एक हज़ार से ऊपर प्रतिभागियों ने काव्य पाठ किया। इस कवि सम्मेलन को हॉवर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, (लंदन) द्वारा दुनिया के सबसे बड़े एवं सबसे ज्यादा देशों की सहभागिता सहित 220 घंटे अनवरत आयोजित होने वाले कवि सम्मेलन के रूप में विश्व रिकॉर्ड में सम्मिलित किया गया है। कवि सम्मेलन में पालमपुर की कवयित्री कमलेश सूद की सहभागिता को लेकर हिमाचल के साहित्यिक समाज ने अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हुए कमलेश सूद को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की है। साथ ही कमलेश सूद ने अंतरराष्ट्रीय संस्था 'बुलंदी' का धन्यवाद जताया है।

### नौ मार्च को आयोजित होगी लोक अदालत

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला के सभी न्यायालयों में नौ मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांगड़ा अजय मेहता ने दी। उन्होंने बताया की लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौतों के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, चेक बाउंस मामले, मोटर व्हीकल चालान के मामलों आदि पर सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त लोक अदालत में सड़क दुर्घटना में क्लेम, घरेलू हिंसा विवाद व वैवाहिक विवाद आदि के मामलों का भी निपटारा किया जाएगा।

### मतदाता जारूकता अभियान पर करेंगे विशेष फोकस: डीसी

**धर्मशाला।** उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 में सभी नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान आरंभ किया जाएगा, ताकि मतदान प्रतिशतता में इजाफा हो सके। बुधवार को लोकसभा निर्वाचन-2024 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि गत लोकसभा चुनावों में कांगड़ा जिला में 70.49 प्रतिशत मतदान हुआ था। इसमें सबसे कम जयसिंहपुर विस क्षेत्र में 63.77 तथा बैजनाथ विस क्षेत्र में 64.93 प्रतिशत मतदान हुआ था। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रों में वोटर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि जिले में हर विधानसभा क्षेत्र में पहले के मुकाबले अधिक मतदान के लक्ष्य के साथ प्रयास करें। पिछले चुनाव में जिन क्षेत्रों में जिले की औसत से कम मतदान रहा है, उनके लिए विशेष योजना बना कर कार्य करें। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों तथा शैक्षणिक संस्थानों में स्वीप के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाएं ताकि नए मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा सके। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि स्वीप गतिविधियों के साथ युवा क्लबों, महिला मंडलों तथा स्वैच्छिक संस्थाओं को भी शामिल करें इसके साथ ही नुक्कड़ नाटक तथा विभिन्न स्तरों पर युवाओं के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन भी करें जिसके माध्यम से मतदान के महत्व के बारे में नागरिकों को अवगत करवाया जा सके और मतदान के लिए प्रेरित किया जा सके।

## 1000 होटलों में पिछले दो माह से कारोबार में मंदी की मार; कारोबारी हुए परेशान, सात से 11 मार्च तक खेला जाएगा मैच

# 20 प्रतिशत से नहीं बढ़ी ऑक्यूपेंसी, अब टेस्ट मैच से जगी आस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पर्यटकों को धर्मशाला में घूमने के लिए, रहने व खाने आदि की सुविधाएं मुहैया करवाने वाले करीब 1000 होटलों में पिछले दो माह से मंदी पसरी हुई है। इन पहाड़ों को जीवंतता देती बर्फ की चांदी की चादर भी हट चुकी है। साल 2024 में धर्मशाला के पर्यटन कारोबार को लगातार निराश होना पड़ रहा है।

इस साल अब तक हुए हिमपात के बाद भले ही बर्फ देखने के शौकिनों ने यहां का रूख किया है लेकिन इसके बाद लगातार धूप तथा गर्मी का पारा चढ़ा हुआ नजर आने के बावजूद भी टूरिज्म सेक्टर में मंदी बनी हुई है। विश्व के सुंदरतम क्रिकेट मैदानों में शुमार एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में सात से 11 मार्च तक चलने वाले भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैच से पर्यटन कारोबार को अच्छे कारोबार की आस है। अहम पहलू ये कि लोगों में क्रिकेट देखने के साथ सुंदर स्टेडियम को देखने और यहां की तस्वीरों को कैमरे में कैद करने को लेकर लोगों में खासा क्रेज रहता है। हिमपात के बाद के कुछ दिनों की 35 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी को छोड़ दिया जाए तो होटलों की ऑक्यूपेंसी 10 से 20 फीसदी से ऊपर नहीं चढ़ पाई है। ऐसे में अब होटल कारोबारियों को क्रिकेट मैच से कारोबार में लाभ मिलने की उम्मीद है। यहां बताते चलें कि पूरे पर्यटन वृत में करीब 1000 होटल, गेस्ट हाउस, होम स्टे तथा लॉज हैं तथा क्षेत्र की बड़ी आबादी की आर्थिकी का साधन पर्यटन कारोबार है। यहां हजारों कर्मचारी काम करते हैं तथा व्यापारी वर्ग समेत कई वर्ग पर्यटन से प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। ऐसे में अगर टेस्ट मैच को देखने के लिए लोगों में उत्साह रहता है तो इसका सीधा लाभ होटल कारोबार को मिलेगा। पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों के अनुसार इस साल की शुरुआत से क्षेत्र का पर्यटन कारोबार ठंडा रहा है तो वहीं बर्फ भी देरी से गिरी तथा ज्यादा दिन टिक नहीं पाई। ऐसे में पर्यटन कारोबार में मंदी छाई रही तो वहीं अब टेस्ट मैच के दौरान यहां अगर काफी संख्या में क्रिकेट प्रेमी पहुंचते हैं तो इससे होटल कारोबारियों समेत पूरे पर्यटन व्यवसाय को लाभ होगा।

### होटल मालिकों को आ रहे क्रिकेट प्रेमियों के फोन: अश्वनी बाम्बा



**इस** बारे में जब होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष अश्वनी बाम्बा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि 2024 में अब तक पर्यटन कारोबार मंदा रहा है। हालांकि होटलों में टेस्ट मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों के फोन होटलों को आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि टेस्ट मैच के दौरान लॉअर धर्मशाला में ऑक्यूपेंसी 45 से 50 तो वहीं अपर धर्मशाला में ये 25 प्रतिशत के करीब रह सकती है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में क्रिकेट मैच को देखने क लिए लोगों में काफी क्रेज रहता है तथा मार्च के माह में पर्यटन कारोबार में बढ़ोती की उन्हें उम्मीद है।

# दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कैद

## सत्र न्यायाधीश धर्मशाला अनिल कुमार की अदालत ने सुनाई सजा, ठोंका जुर्माना

**दीपक पुरी, धर्मशाला**

नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोपी को जिला व सत्र न्यायाधीश धर्मशाला अनिल कुमार की अदालत ने 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

जिला न्यायवादी विशेष सरकारी वकील राजरानी ने बताया कि नवंबर 2019 को पीड़िता की माता ने धर्मशाला थाने में गांव के मनीष कुमार क खिलाफ उसकी बेटी को शादी करने के इरादे से भगाकर ले जाने की शिकायत दर्ज करवाई थी। इस मामले में पुलिस ने पीड़िता को आरोपी युवक के साथ सिद्धबाड़ी के एक मकान में बरामद किया था।

पूछताछ में पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती की और उसकी इच्छा के विरुद्ध यौन संबंध बनाया। इसके बाद आरोपी युवक को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय में चालान पेश किया। मामले में 25 गवाह पेश किए गए। दोष सिद्ध होने पर आरोपी को 20 वर्ष कठोर कारावास और पांच हजार रुपए जुर्माना देने की सजा सुनाई। वहीं जुर्माना अदा न करने पर दोषी को दो वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। (अनंत ज्ञान)

### छात्रों को ग्लोबल वार्मिंग पर किया जागरूक

**कांगड़ा।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के राजकीय महाविद्यालय लंज में बुधवार को ईको क्लब तथा सड़क सुरक्षा क्लब के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह आयोजित किया गया। इसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। डॉ. संजय कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर साल 28 फरवरी विज्ञान से होने वाले लाभों के प्रति समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम विकसित भारत के लिए भारतीय स्वदेशी प्रौद्योगिकी तय की गई है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को पर्यावरण से संबंधित ज्वलंत मुद्दों जैसे कि ग्लोबल वार्मिंग, पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर जागरूक किया साथ उन्होंने यह भी कहा कि अच्छे पर्यावरण के साथ अच्छा मानसिक स्वास्थ्य रहता है और बताया कि किस तरह हम स्वदेशी प्रौद्योगिकी का उपयोग करके भारत को एक विकसित राष्ट्र बना सकते हैं।

# सुधीर शर्मा ने सख्त तेवर दिखाने के बाद की बगावत की शुरुआत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



पहाड़ की एमकात्र राज्यसभा सीट पर विपक्ष में बैठी भाजपा की जीत के बाद धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने एक पोस्ट शेयर की। उन्होंने हर्ष महाजन को राज्य सभा सदस्य चुने जाने पर बधाई तो वहीं इससे पहले एक श्लोक लिखा है कि देह शिवा बर मोहे ईहे, शुभ कर्मन ते कभुं न टरूं, न डरौं अरि सौं जब जाय लड़ौं, निश्चय कर अपनी जीत करौं। यानि मां भवानी, मुझे यह वरदान दो की मैं शुभ कर्मों से कभी भी टलूं नहीं। जब युद्ध में जाऊ तो शत्रु से डरू नहीं और संकल्प के साथ अपनी विजय प्राप्त करू।

कुल मिलाकर सुधीर शर्मा ने तेवर दिखाने के बाद बगावत की शुरूआत कर दी है। यहां बताते चलें कि अनंत ज्ञान ने 'प्रदेश में आएगा सियासी भूचाल, केंद्र होगा धर्मशाला' शीर्षक में संभावना जताई थी कि बागी दिग्गज कांग्रेस विधायक सुधीर शर्मा बगावत में अहम रहेंगे। वहीं, अब उनके समर्थक उनको डिप्टी सीएम बनाए जाने की संभावना जताने लगे हैं। यहां बताते चलें कि सुधीर शर्मा कांग्रेस के कद्दावर नेता होने के साथ मंत्री रहे हैं तथा ऐसे में अगर उनका नाम डिप्टी सीएम के लिए उठता है तो कोई हैरानी नहीं होगी। यहां बताते चलें कि सुधीर लंबे समय से कभी सोशल मिडिया पोस्ट्स तो कभी अपने तेवरों से कांग्रेस सरकार को चुनौती देते आए हैं।

### गगल में जेंडर निर्माण पर की चर्चा

**गगल।** जागोरी के ऑफिस में बुधवार को लोगों के साथ जेंडर निर्माण की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। कार्यशाला की जानकारी देते हुए संस्था की प्रवक्ता सोनिका ने बताया के एक गेंद वाले खेल और मुन्ना मुन्नी की कहानी के माध्यम से ये समझा की जेंडर आधारित भिन्नताएं समाज द्वारा किस तरह से बनाई गई है। जेंडर हिंसा पर आधारित कानून विशेषकर घरेलू हिंसा विरोधी अधिनियम और जागोरी नारी अदालत के बारे में भी अधिवक्ता अनुष्का द्वारा बताया गया के घरेलू हिंसा पर महिलाए खुलकर आवाज उठाएं।


**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी एवं तहसीलदार तहसील सदर चंबा जिला चंबा (हि. प्र.)**

**मिसल न. 6/तहसील/रीडर/2024**

तारीख पेशी 1-3-2024

रोशन पुत्र चंद निवासी गांव/मुहल्ला मल्ला परगना कलंद्रा तहसील व जिला चंबा (हि.प्र.)

**बनाम**

**साधारण आम जनता**

**विषय :** कागजात माल से प्रार्थी का नाम दरुस्त करने बारे।

प्रार्थी रोशन पुत्र चंद निवासी गांव/मुहल्ला मल्ला परगना कलंद्रा तहसील व जिला चंबा (हि.प्र.) ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि उसका नाम परिवार नकल रजिस्टर ग्राम पंचायत कुठेहड़ विकास खंड मैहला व उसके आधार कार्ड में रोशन दर्ज है, जो कि सही व दुरुस्त है। परंतु तहसील चंबा के पटवार सर्कल जांघी के मुहल्ला मल्ला के राजस्व अभिलेख में उसका नाम रोशन लाल दर्ज कागजात माल है जो कि गलत है। तथा प्रार्थना की है कि उसका नाम तहसील चंबा के पटवार सर्कल जांघी के मुहल्ला मल्ला के राजस्व अभिलेख में रोशन लाल की बजाए रोशन दुरुस्त करने के आदेश पारित करें।

अतः इस ईश्तहार द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि रोशन लाल के नाम को दुरुस्त करने बारे आम जनता को कोई आपति हो तो वह इस ईश्तहार के प्रकाशन एक माह के भीतर-भीतर सुबह 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक दर्ज करवा सकता है। निर्धारित अवधि में आपति न आने की सूरत में प्रार्थी के नाम को दुरुस्त करने के आदेश पारित कर दिए जाएंगे। **आज दिनांक 1-2-2024 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय जारी हुए हैं।**

सहायक समाहर्ता प्रथम-श्रेणी
सदर चंबा जिला चंबा।

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी एवं तहसीलदार तहसील सदर चंबा जिला चंबा (हि. प्र.)**

**मिसल न. 5/तहसील/रीडर/2024**

तारीख पेशी 1-3-2024

ऋषि कपूर पुत्र चंद निवासी गांव/मुहल्ला मल्ला परगना कलंद्रा तहसील व जिला चंबा (हि.प्र.)

**बनाम**

**साधारण आम जनता**

**विषय :** कागजात माल से प्रार्थी का नाम दरुस्त करने बारे।

प्रार्थी ऋषि कपूर पुत्र चंद निवासी गांव/मुहल्ला मल्ला परगना कलंद्रा तहसील व जिला चंबा (हि.प्र.) ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि उसका नाम परिवार नकल रजिस्टर ग्राम पंचायत कुठेहड़ विकास खंड मैहला व उसके आधार कार्ड में ऋषि कपूर दर्ज है, जो कि सही व दुरुस्त है। परंतु तहसील चंबा के पटवार सर्कल जांघी के मुहल्ला मल्ला के राजस्व अभिलेख में उसका नाम ऋषि दर्ज कागजात माल है जो कि गलत है। तथा प्रार्थना की है कि उसका नाम तहसील चंबा के पटवार सर्कल जांघी के मुहाल मल्ला के राजस्व अभिलेख में ऋषि की बजाए ऋषि कपूर दुरुस्त करने के आदेश पारित करें।

अतः इस ईश्तहार द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि ऋषि के नाम को ऋषि कपूर दुरुस्त करने बारे आम जनता को कोई आपति हो तो वह इस ईश्तहार के प्रकाशन एक माह के भीतर-भीतर सुबह 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक दर्ज करवा सकता है। निर्धारित अवधि में आपति न आने की सूरत में प्रार्थी के नाम को दुरुस्त करने के आदेश पारित कर दिए जाएंगे। **आज दिनांक 1-2-2024 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय जारी हुए हैं।**

सहायक समाहर्ता प्रथम-श्रेणी
सदर चंबा जिला चंबा।


# नागावाड़ी में कार हादसे में बुजुर्ग की मौत, तीन घायल

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**



नागावाड़ी में हादसे के बाद दुर्घटनाग्रस्त कार।

नूरपुर के नागावाड़ी में एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार में सवार एक बुजुर्ग की मौत हो गई। गाड़ी में सवार तीन अन्य लोग जख्मी हो गए। घायलों को तुरंत नूरपुर के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया।

यहां पर घायलों का ईलाज चल रहा हैं। मामले की पुष्टि करते हुए नूरपुर डीएसपी विशाल वर्मा ने बताया की गाड़ी जो कि पठानकोट से जसूर की तरफ आ रही थी अचानक नागावाड़ी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी में चार लोग सवार थे। बताया जा रहा हैं की गाड़ी सवार बुजुर्ग सीता राम निवासी म्मोर (कमनाला) की मौके पर ही मौत हो गई व तीन अन्य घायल हो गए। इनमें वनीत कुमार सुपुत्र सीता राम उम्र 42 वर्ष, सागरी देवी पत्नी सीता राम उम्र 70 वर्ष व महक ठाकुर पुत्री वनीत कुमार आठ वर्ष निवासी म्मोर (कमनाला) को घायल अवस्था में सिविल अस्पताल नूरपुर में लाया गया। अस्पताल में घायलों का ईलाज चल रहा हैं। पुलिस ने शुरू की छानबीन।

## अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

- **मेष** : शुभता और सहजता बढ़त पर रहेंगे। सृजनात्मकता, सक्रियता और संवेदनशीलता को बल मिलेगा।
- **वृषभ** : साहस से सभी को प्रभावित करेंगे। वाणिज्यिक कार्यों में रुचि बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्यों को जल्द पूरा करें।
- **मिथुन** : आर्थिक मामले अनुकुल बने रहेंगे। मित्रों में प्रभावशील रहेंगे। कारोबारी भेंट वार्ताओं में अच्छा करेंगे।
- **कर्क** : महत्वपूर्ण कार्य से यात्रा संभव है। अधिकार और लाभ के मामले बेहतर बने रहेंगे और सभी सहयोगी रहेंगे।
- **सिंह** : सहजता और सकारात्मकता बढ़ेगी। भाग्य की प्रबलता से सभी काम बनेंगे। संबंध और भी मजबूत होंगे।
- **कन्या** : अच्छा सोचें और करें। सात्विक भोजन पर जोर दें सकारात्मकता हर प्रकार से सहायक होती है।
- **तुला** : निजी जीवन हर्ष-आनंदमय रहेगा। स्थायित्व को बल मिलेगा। भूमि भवन के मामले बनेंगे। सबका साथ अनुकूलता बनाये रखेगा।
- **वृश्चिक**: पेशेवरता कार्यक्षेत्र में स्पष्टता और आत्मविश्वास के महत्वपूर्ण कारक है। अपनों के लिए समय निकालेंगे।
- **धनु** : मतभेद और मनभेद दूर होंगे। परिस्थितियां सकारात्मक बनी रहेंगीं। मित्रों के साथ हंसी खुशी से समय बीतेगा।
- **मकर** : जो कहें या करें उसमें स्पष्टता रखें। क्योंकि कई समस्याएं तो सिर्फ इसलिए हो जाती हैं कि हम उचित सम्प्रेषण स्थापित नहीं
- **कुंभ** : सामाजिकता और संबंधों को बल मिलेगा। सूचना एवं संपर्क बेहतर होगा। बंधुजनों में करीबी बढ़ेगी।
- **मीन** : उत्सव अयोजन में प्रमुखता से शामिल होंगे। अपनों के साथ मनोरंजक यात्रा पर जा सकते हैं।

### आज का पंचांग

**29 फरवरी, 2024, वीरवार**

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** फाल्गुन, **तिथि :पंचती** (06:24)**: नक्षत्र :** चित्रा (10:23), **पक्ष :** कृष्ण, योग धृति (05:54) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:10)-(12:56), राहुकाल 02:00 - 03:27 ।

### विशेष दिन

29 फरवरी 1896 को देश के पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई का जन्मदिन।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कंडरोला प्लासी ब्लाक नादौन जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित सामग्री पंचायत विकास कार्यों के लिए निविदाएं ग्राम पंचायत कंडरोला प्लासी ब्लाक नादौन जिला हमीरपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है जो कि डाक द्वारा या पंचायत घर में 07 मार्च 2024 तक भेजना सुनिश्चित करें। निविदाएं दिनांक 11 मार्च 2024 को 11 बजे ग्राम पंचायत द्वारा खोली जाएंगे।

| क्रम संख्या | वस्तु की विवरणी | मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | क्रेशर बजरी 10एमएम,20एमएम,40एमएम | प्रति क्यूबिक मीटर |
| 2. | क्रेशर रेता/धुला रेता | प्रति क्यूबिक मीटर |
| 3. | सोलिंग | प्रति क्यूबिक मीटर |
| 4. | मिक्सर तेल सहित | प्रति दिन |
| 5. | जेसीबी कच्चा कार्य | प्रति घंटा |
| 6. | जेसीबी पक्का कार्य | प्रति घंटा |
| 7. | पानी टैंक स्टे चार्ज सहित | प्रति टैंक 3000 लीटर |
| 8. | लोकल फेरा | प्रति फेरा |
| 9. | सीमेंट ढुलाई लेबर सहित | प्रति बैग |
| 10. | ईंट अव्वल व दोम | प्रति ईंट |
| 11. | सेटरिंग भवन | प्रति वर्ग फुट प्रति वर्क |
| 12. | सेटरिंग नाली, रास्ता व डंगा | प्रति वर्ग फुट प्रति वर्क |
| 13. | कंक्रीट ब्लॉक साइज सहित | प्रति ब्लॉक |
| 14. | टाइल आईएसआई मार्का 40एमएम,60एमएम,80एमएम | प्रति टाइल |

**नोट** :- निविदा के साथ जीएसटी नंबर कापी संग्लन करना आवश्यक है। बिना जीएसटी के निविदा रद्द की जाएगी। निविदा पास होने पर सप्लाई न देने पवर 25000/-तक का जुर्माना हो सकता है। ग्राम पंचायत के पास निविदा को बिना सूचना के रद्द करने का पूरा अधिकार होगा। सिक्यूरिटी राशि के तौर पर 10000/- रु. जमा करवाने होंगे।


# सीयू ने डॉक्टर हरिसिंह गौर विवि सागर के साथ साइन किया एमओयू



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय और डॉक्टर हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (मप्र.) अब अनुसंधान, शैक्षणिक, विस्तार गतिविधियों और कौशल विकास के क्षेत्रों में सहयोग और संसाधनों को साझा करेंगे। इसी संबंध में बुधवार को कुलपति सचिवालय में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस मौके पर केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल, डॉक्टर हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता, केंद्रीय विवि के कुलसचिव प्रो. सुमन शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. सुनील मौजूद रहे।

समझौता ज्ञापन के अनुसार विभिन्न शैक्षणिक विषयों में अनुसंधान और शिक्षा, परियोजनाओं और कार्यक्रमों की सुविधा रहेगी। वहीं छात्रों और संकाय विकास, संकायों, अनुसंधान विद्वानों और पीजी छात्रों का आदान-प्रदान, ज्ञान और अकादमिक अनुसंधान संसाधनों को साझा करना और संश्लेषण के लिए सहयोग रहेगा। समझौता ज्ञापन की समयावधि के दौरान शोध के परिणामों को संयुक्त रूप से पेटेंट कराया जाएगा और पेटेंट के लाभ समान रूप से साझा किए जाएंगे। समझौता ज्ञापन के अनुसार विज्ञान और प्रौद्योगिकी या मानविकी के विभिन्न क्षेत्रों में संसाधन-साझाकरण और ज्ञान-साझाकरण वातावरण में सहक्रियात्मक सहयोग विकसित करना रहेगा। इसके साथ ही शैक्षणिक और अनुसंधान कार्यक्रम विकसित करना और कार्यक्रमों के संयुक्त आयोजन, छात्रों के संयुक्त मार्गदर्शन, संकाय और छात्रों के आदान-प्रदान और इंटर्नशिप आदि के माध्यम से प्रशिक्षण और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में विशेषज्ञता साझा भी किया जाएगा।


## कार्यालय पंचायत सामुदायिक केंद्र हलेड, विकास खंड लंबागांव त. जयसिंहपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.) पिन -176091

प्रस्ताव सं. 05 उपस्थिति 7/7 दिनांक 27-02-2024

**विषय :** ग्राम पंचायत हलेड़ द्वारा वर्ष 2024-25 के अंतर्गत सभी के अधीन करवाए जाने वाले निर्माण कार्यों के लिए सामग्री की निविदाएं आमंत्रित की जानी हैं।

**सर्वसाधारण** को सूचना के सूचित आधार पर सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत हलेड़ द्वारा सभी मदों के अधीन जो भी निर्माण कार्यों को करवाया जाना है उनमें प्रयुक्त होने वाली सामग्री हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती। सामग्री का विवरण निम्न प्रकार से होगा :-

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | दर भाड़े सहित ( FOR ) |
|---|---|---|
| 1. | लोकल रेत | प्रति CFT |
| 2. | लोकल बजरी | प्रति CFT |
| 3. | गोला पत्यर | प्रति CF |
| 4. | तोड़ा पत्थर | प्रति हजार |
| 5. | क्रेशर रेत | प्रति CFT |
| 6. | क्रेशर बजरी | प्रति CFT |
| 7. | पेवर टाइल 20MM.40MM.60MM.80MM. | प्रति SET |
| 8. | फ्लोर टाइल 1BY1 AND 2BY2. | प्रति SET |
| 9. | शेटिंग | प्रति SET |
| 10. | पक्की ईंटें | प्रति हजार |
| 11. | सरिया | प्रति किलो |
| 12. | दरवाजा एल्यूमिनियम | प्रति दरवाजा |
| 13. | दरवाजा लकड़ी | प्रति दरवाजा |
| 14. | खिड़की एल्यूमिनियम | प्रति खिड़की |
| 15. | खिड़की लकड़ी | प्रति खिड़की |
| 16. | साइन बोर्ड | प्रति बोर्ड |
| 17. | सीमेंट किराया लंबागांव से हलेड स्टोर | प्रति बैंग |
| 18. | सीमेंट बेंच | प्रति बेंच |
| 19. | क्रेट वायर मारंडा पालमपुर से हलेड स्टोर तक | किराया |

निविदा बंद लिफाफे में डाक या व्यक्तिगत रूप से ग्राम पंचायत कार्यालय में दिनाक 12-02-2024 शाम 5.00 बजे तक डाक या व्यक्तिगत रूप से जमा करवानी होगी तथा लिफाफे के उपर निविदा शब्द अंकित होना चाहिए।
2. बिल में GST.NO, गाड़ी नं. व साथ में बिल के साथ एमफार्म व बिल के साथ बिल में राशी बनाते समय GST भी प्रदर्शित करनी होगी।
3. सप्लायर के पास अपना GST नंबर होना अनिवार्य है जिस फर्म के पास GST नम्बर नहीं है उसे शामिल नहीं किया जाएगा।
4. सामग्री की गुणवत्ता समस्त जिम्मेदारी सप्लायर की होगी और सही सामग्री न देने की स्थिति में निविदा को रद्द कर दिया जाएगा तथा दूसरे स्थान के सप्लायर से सामग्री की सप्लाई ली जाएगी इस के अतिरिक्त जिस सप्लायर की निविदा होती है उसे ग्राम पंचायत में मु. 10000.00 रुपए की राशि धरोहर के रूप में जमा करवानी होगी जो कि दिनांक 1-04-2025 को वापस की जाएगी और समय पर सामग्री न देने पर कमेटी के निर्णय के अनुसार राशी जब्त हो जाएगी।
5. समय पर व निर्माण स्थल पर जहां-जहां तक सड़क की सुविधा है सामग्री पहुंचाना सप्लायर की जिम्मेदारी होगी जिसे पूरा न करने स्थिति में निविदा को रद्द कर दिया जाएगा तथा दूसरे स्थान के सप्लायर से सामग्री की सप्लाई ली जाएगी । और स्थिति में उक्त राशि जब्त हो जाएगी।
6. निविदा दिनाक 31-03-2025 तक मान्य होगी। प्रतिलिपि प्रस्ताव आगामी कार्यवाही हेतु प्रेषित है। पृष्ठांकन संख्या :- G.P.H/ 05

**प्रतिलिपि :-** **दिनाक 27-02-2024**

खंड विकास अधिकारी लंबागांव में अवश्यक कार्यबाही हेतु प्रेषित है ।

## कार्यालय ग्राम पंचायत नखलेहड़ा विकास खंड झंडूता जिला बिलासपुर (हि.प्र.)

आज दिनांक 22-02-2024 को ग्राम पंचायत नखलेहड़ा में मासिक बैठक आयोजन का श्री जगदीश चंदेल की अध्यक्षता संपन्न हुई। जिसमें उपस्थिति 8/09 रही। बैठक में निम्न कार्यवाही अम्ल में लाई गई।

**प्रस्तावः कुटेशन/ निविदाएं आमंत्रित करने बारे।**

पंचायत बैठक में सर्वसम्मति ने प्रस्ताव पारित किया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-2025 हेतु विभिन्न मदों के अंतर्गत विकासात्मक कार्यों के निष्पादन हेतु निविदाएं समाचार पत्रों के माध्यम से आमंत्रित की जाए। मटेरियल विक्रेताओं से अनुरोध है कि जिसके पास पैन कार्ड, जीएसटी सर्टिफिकेट है वे निविदा कुटेशन प्रत्येक कार्य दिवस को 10:00 बजे से 4:00 बजे शाम तक ग्राम पंचायत कार्यालय में बंद लिफाफे में डाक/स्वयं दिनांक 07/03/2024 तक जमा करवा सकते हैं। निविदा दिनांक 11.03.2024 को 1:00 बजे दोपहर खोली जाएगी। निविदा आमंत्रित करने हेतु सामग्री विवरण निम्न प्रकार से है-

| क्रम सं. | सामग्री का नाम | मूल्य प्रति इकाई |
|---|---|---|
| 1. | रेता क्रेशर (धुला रेता) | per cu.m |
| 2. | बजरी क्रेशर 10mm/20mm/40mm | per cu.m |
| 3. | बोल्डर पत्थर | per cu.m |
| 4. | कट स्टोन (पत्थर) | per cu.m |
| 5. | पत्थर चक्का | per cu.m |
| 6. | ईंटें (2nd class | per Brick |
| 7. | स्टील (सरिया) | मार्केट रेट पर मान्य होगा। |
| 8. | फॉर्म वर्क/सेटरिंग (लकड़ी, स्टील) | per sq.m/mt |
| 9. | सीमेंट ढुलान सिविल सप्लाई झंडूता से कार्य स्थल तक (including loading, unloading | per Bag |
| 10. | बोर्ड निर्माण व लिखाई | प्रति फुट स्क्वेयर |
| 11. | JCB | प्रति घंटा |
| 12. | दरवाजे, खिड़कियां, लकड़ी | sq.ft/sq.mt/cubic |
| 13. | Door, window, shutter, grill, steel with labour & Carriage | Per Kg |
| 14. | पानी का टैंकर | perटैंक |
| 15. | मिक्सचर | Per work day |
| 16. | Inter Lock tile (40mm,60mm,80mm) (आईएसआई पर प्रमाणित) | Per Tile |
| 17. | PVC (110mm,140mm,160mm,180mm,200mm,225mm) | Per Pipe |

**अनिवार्य शर्ते..**

1. निविदाकर्ता को अपना पैन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता, बिल नमूना, जीएसटी न. व एफडी निविदा के साथ लगाना अनिवार्य है। यदि इनमें से कोई भी पेपर अधूरा या नहीं पाया जाता है तो कुटेशन को उसी समय रद्द कर दिया जाएगा। 2. सामग्री निविदादाता द्वारा कार्यस्थल अथवा जहां तक ट्रैक्टर जा सके उपलब्ध करवानी होगी। 3. सामग्री की दरें रायल्टी, जीएसटी दरों सहित होंगी। कटिंग व ओवर राइटिंग वाली निविदा मान्य नहीं होगी। 4. स्वीकृत वेंडर को सप्लाई आदेश मिलने के सात दिनों के भीतर सामग्री उपलब्ध करवानी होगी अन्यथा निविदा बिना नोटिस किए ही रद्द मानी जाएगी। 5. समय पर सामग्री न देने पर तथा सामग्री की गुणवत्ता सही नहीं होने पर कुटेशन रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। 6. निविदादाता अनुपस्थित होने पर स्वयं जिम्मेदार होगा। 7. एम फॉर्म सामग्री के साथ निविदादाता को जमा करवाना होगा। 8. स्वीकृत निविदा दाता द्वारा 25000/- (पचीस हजार रु.) की धरोहर राशि ग्राम पंचायत बडगांव के नाम बंधित (पलैज) कराकर शपथ पत्र सहित जमा करवाए अन्यथा आपकी निविदा रद्द करने का पूर्ण अधिकार पंचायत को होगा। 9. सामग्री अदायगी टीए/जेई द्वारा कार्य असेस्मेंट/मूल्यांकन के अनुसार की जाएगी।

बिना रुके, एक लक्ष्य का पालन करना, यही सफलता का रहस्य है।
-अन्ना पावलोवा

# शरणार्थियों को राहत देगा नागरिकता संशोधन कानून

**नागरिकता** संशोधन कानून यानी सीएए एक बार फिर सियासी पोटली से बाहर निकल आया है जिसको लेकर पूरे देश में चर्चा तेज हो गई है। मोदी सरकार लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच सीएए लागू करवाने के मूड में है और इसके लिए सरकार ने अंदरखाते तैयारी भी कर ली है। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। इसमें प्रवासियों को वह अवधि साबित करनी होगी कि वे इतने समय में भारत में रह चुके हैं। उन्हें यह भी साबित करना होगा कि वे अपने देशों से धार्मिक उत्पीड़न की वजह से भारत आए हैं। वे लोग उन भाषाओं को बोलते हैं, जो संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हैं। उन्हें नागरिक कानून 1955 की तीसरी सूची की अनिवार्यताओं को भी पूरा करना होगा।

इसके बाद ही प्रवासी आवेदन के पात्र होंगे। हालांकि आवेदकों से कोई यात्रा दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा। अटकलें यह लगाई जा रही हैं कि केंद्र की मोदी सरकार सीएए की अधिसूचना मार्च के पहले हफ्ते में जारी कर सकती है। जनवरी 2020 में राष्ट्रपति की मुहर लगने के साथ यह कानून अस्तित्व में आया था। उस वक्त सीएए को लेकर देशभर में खासकर पूर्वोत्तर राज्यों में प्रदर्शन हुए थे।

पूर्वोत्तर के सात राज्य सीएए कानून से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए थे। वहां तोड़फोड़ के कारण करोड़ों की संपत्ति का नुकसान हुआ था। इतने लंबे अर्से बाद यह प्रतीक्षा अब पूरी होने जा रही है। बीते दिनों केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव से पहले सीएए को देश में लागू करने का ऐलान किया था। दरअसल, इस कानून में मुख्य रूप से गैर-मुस्लिम देशों में प्रताड़ित होकर भारत आने वाले नागरिकों को भारत की नागरिकता प्रदान करने का प्रावधान है। इस कानून के लागू होने से भारत के तीन पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए उन लोगों को भारत की नागरिकता मिलेगी, जो दिसंबर 2014 तक अपने देशों में किसी न किसी प्रताड़ना का शिकार होकर भारत आ गए हैं।

इन लोगों में गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यक हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई शामिल हैं। सवाल यह है कि यह कानून बार-बार टाला क्यों जाता रहा? इसका विरोध क्यों किया जा रहा है? पूर्वोत्तर राज्य तर्क दे रहे हैं कि यदि यह कानून लागू हो जाता है तो बाहरी लोगों को नागरिकता देने से उनके राज्य में जनसंख्या बढ़ जाएगी और उनकी परंपराएं, संस्कृति तथा रीति-रिवाज खतरे में पड़ जाएंगे। विपक्ष इसलिए विरोध कर रहा है कि इस कानून में मुस्लिमों को वंचित रखा है। सरकार का कहना है कि जिन देशों के शरणार्थियों को नागरिकता देने का प्रावधान किया जा रहा है, वहां मुस्लिम अल्पसंख्यक नहीं, बल्कि बहुसंख्यक हैं इसलिए उन्हें इस देश में यानी भारत में नागरिकता देने का कोई मतलब नहीं है। केरल, पंजाब, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में बिल के विरोध में प्रस्ताव पारित किया गया था। सीएए को लागू करने का वादा पश्चिम बंगाल में पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाजपा का एक प्रमुख चुनावी मुद्दा था। उम्मीद की जानी चाहिए कि लंबे समय से भारत में शरण लेने वालों को इस कानून से बड़ी राहत मिलेगी।

# मंडी शिवरात्रि में माधव जलेब की शोभा बढ़ाते हैं देवी-देवता

**त्योहार** कोई भी क्यों न हो, उसकी प्रतीक्षा तो रहती ही है। और फिर कई-कई दिन पहले ही त्योहार को मनाने की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। शिवरात्रि आने वाली है और हम अभी से बड़ी ही उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे हैं।

शिवरात्रि का त्योहार भी अपनी चहल-पहल व देवी-देवताओं के रथों के आगमन से वसंत ऋतु को और भी महका देता है, क्योंकि इन दिनों मौसम का मिजाज ही कुछ ऐसा रहता है कि न गर्मी का एहसास होता है और न ही ठंड का पता चलता है, तो भला फिर क्यों न इस मौसम का शिवरात्रि के इस त्योहार के साथ आनंद लिया जाए।

कैसे-कैसे मनाया जाता है यह पर्व रूपी त्योहार? किस देवता से संबंध है इसका तथा किसलिए इसे मानते हैं? यदि शिवरात्रि का अर्थ समझा जाए, तो यही अर्थ निकलता है कि यह वह रात्रि होती है जो भगवान शिव से संबंधित रहती है। कहीं-कहीं कश्मीरी पंडित लोग इसे हर रात या हर रात्रि और हेराथ भी कहते हैं। देखा जाए तो वर्ष में कुल मिला कर 13 ही शिवरात्रियां आती हैं, जिनमें से हर माह आने वाली शिवरात्रि (जो कि कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को आती है) को केवल शिवरात्रि के नाम से जाना जाता है।

इस तरह कुल मिला कर मासिक शिवरात्रियां 12 बन जाती हैं। वर्ष में एक बार आने वाली शिवरात्रि महा शिवरात्रि के नाम से जानी जाती है और जिसे फागुन कृष्णा चतुर्दशी भी कहा जाता है। पौराणिक साहित्य के अनुसार इस दिन भगवान शिव व देवी पार्वती की शादी हुई थी,इसलिए हिंदुओं के लिए इस दिन का अधिक महत्व रहता है और त्योहार को इसी लिए बड़े ही धूम धाम से सभी जगह मनाया जाता है। कहीं-कहीं देवी पार्वती के सती होने की कथा को भी इस दिन से जोड़ा जाता है और शिव द्वारा तांडव नृत्य करने व उनके तीसरे नेत्र के तेज से ब्रह्मांड के विनाश करने वाली कथा से भी महाशिवरात्रि के संबंध बताए जाते हैं।

ऐसे ही आगे भगवान शिव द्वारा समुद्र मंथन से निकलने वाले विष को पीने व देवताओं तथा असुरों की रक्षा करने वाली कथा भी इसी से जोड़ी जाती है। कुछ भी हो महाशिवरात्रि का यह दिन शिव पुराण के अनुसार भगवान शिव के प्रकट होने का ही दिन भी बताया गया है और इसी दिन शिव निराकार से साकार रूप में आए थे।

इसलिए इस दिन भगवान शिव की पूजा अर्चना के लिए पंचगव्य (दूध, दही, घी, मधु और शक्कर) के लेप व बाद में मंदोषण जल से स्नान करने का विधान बताया गया है।

शिवरात्रि में पूजन के लिए बिल्लपत्र, धतूरा, अंबीर, गुलाल, बेर, उम्बी व भांग आदि को विशेष रूप से प्रयोग करने के लिए बताया गया है। पूजा में भगवान शिव के मंत्र, ओम नम:शिवाय का 108 बार जाप (रुद्र संहितानुसार) बताया गया है।

महाशिवरात्रि के दिन रखे गए व्रत में कुछ नहीं खाया जाता। व्रत के पश्चात फल आदि ही ग्रहण किए जाते हैं और इस व्रत से 100 से भी अधिक यज्ञों का फल प्राप्त होता है। कहते हैं की शिवरात्रि के दिन शिव पूजन से सभी प्रकार की इच्छाओं की पूर्ति होती है। वैसे भी इनकी आराधना से मनवांछित वर या वधु की प्राप्ति होती है और विवाह भी इनकी कृपा से शीघ्र व ठीक विधि विधान से हो जाता है। भगवान शिवजी के भोग में ठंडाई



-डॉ. कमल के प्यासा
माया गार्डन, जीरकपुर।

(बादाम, खस-खस, काजू, पिस्ता, सौंफ, छोटी इलायची, काली मिर्च व भांग आदि का जल युक्त मिश्रण) मॉल पुड़े व अन्य दूध की बनी सामग्री बताई जाती है।

मध्य प्रदेश में उज्जैन का महाकालेश्वर मंदिर इसी कारण अपनी विशेष पहचान व महत्व रखता है। कश्मीर में तो तीन-चार दिन पहले ही शिव-पार्वती विवाह का आयोजन शुरू हो जाता है और फिर आगे दो दिन तक त्योहार को मनाया जाता है। यदि दक्षिण भारत (आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु व तेलंगाना) आदि के मंदिरों की बात की जाए तो वहां भी महाशिवरात्रि में भारी भीड़ इस त्योहार में देखने को मिल जाती है।

हिमाचल में तो इस त्योहार को तो अंतरराष्ट्रीय व राज्य स्तरीय मेलों के रूप में भी देखा जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय मेले के रूप में मंडी की महाशिवरात्रि आ जाती है। महाशिवरात्रि के इस त्योहार को मेले के रूप में राजा अजबर सैन (1497-1554) के समय से ही मनाया जा रहा है। 1526 में ही राजा अजबर सैन द्वारा भूत नाथ मंदिर के निर्माण के पश्चात ही शहर में शिवरात्रि को मेले के रूप में मनाया जाने लगा था।

अब मेले में मंडी जिला के लगभग 250 देवी देवताओं के रथ अपने देवलुओं व गाजे बाजे के साथ पहुंच कर समस्त वातावरण को गुंजायमान करके देवमय बना देते हैं।

ये सभी देव रथ सबसे पहले देव माधव राव के यहां अपनी हाजरी देते हैं। इसके पश्चात ही सभी अपने अपने ठहराव वाले स्थान पहुंचते हैं। बड़ा देव कमरूनाग का रथ मेले में शामिल नहीं होता बल्कि इनकी छड़ी (पंखा)ही मंडी अपने देवालुओं के साथ पहुंचती है और वह भी अपने स्थान (तरना मंदिर) में ही रहती है।

मेले वाले दिन सभी देवी-देवता माधव राव मंदिर से निकलने वाली शोभा यात्रा (जलेब) में शामिल होते हैं, जिसमें देव माधव राव की पालकी भी मुख्य अतिथि, अधिकारियों व जनसमूह के साथ शामिल रहती है। प्रशासनिक अधिकारी द्वारा भूतनाथ मंदिर में पूजा-पाठ के पश्चात शोभा यात्रा शहर की परिक्रमा करके पडडल (मेला स्थल)को प्रस्थान करती है। इस तरह मेला सात दिन तक अधिकारिक तौर पर चलता रहता है, लेकिन मेले की दुकानें अर्थात व्यापारिक मेला 20-25 दिन तक चलता है। मेलों में शोभा यात्रा सात दिनों में कुल मिला कर तीन बार निकलती है। पहली शोभा यात्रा मेले के पहले दिन, दूसरी मेलों के मध्य व तीसरी शोभा यात्रा मेले के समाप्त होने पर निकलती है। अंतिम मेले का आयोजन मुख्य बाजार चौहट्टा में रहता है और सभी देवी-देवताओं के रथ चौहट्टा बाजार में ही विराजमान हो कर अंतिम दर्शन देते हैं। इस दिन मेले के समाप्त होने तक चौहट्टा से आन-जाने वाली सभी तरह की गाड़ियां व रास्ता बंद रहता है क्योंकि देव दर्शनों के लिए आए लोगों के कारण सारा बाजार ही देवमय हो जाता है।

**किन्नौर की शिवरात्रि :** जिला किन्नौर में शिवरात्रि का शुभारंभ सबसे पहले किन्नर कैलाश की पूजा से होता और इधर शिवरात्रि का यह त्योहार 3 दिन तक चलता है। पहले दिन बड़ी मात्रा में शाकरी (मैदे के फूल पापड़)तैयार किए जाते हैं। कही-कहीं आटे का रोट भी बनाया जाता है। पूजन के लिए ही भगवान शिव की प्रतिकात्मक कृति हरे पत्तों, जिनमें तेज पत्र, नर्गिस के पतियां व अन्य इसी तरह के हरे पत्तों को लेकर तैयार की जाती है। पत्तों से बनी भगवान शिव की कृति को बीच में लटका दिया जाता है।

दूसरी ओर किन्नौर के रूशकलंग गांव में लोग पारंपरिक लिबास में सजधज कर शिव पार्वती के रूप के मुखौटे धारण करके, नृत्य करते हुए व गा-गा कर धूम मचाते हुवे शिवरात्रि को मानते हैं।

**बैजनाथ की शिवरात्रि :** बैजनाथ का शिवरात्रि त्योहार पांच दिन के लिए राज्यस्तर के मेले के रूप में मनाया जाता है। यहां भी मेला शुरू होने से पूर्व शोभा यात्रा निकाली जाती है और विधिवत रूप से मुख्य शिव मंदिर बैजनाथ में पूजा-अर्चना के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

नजरिया

# यूपी लोकसभा चुनाव में क्यों भरेगी भाजपा की झोली?

**अब** कुछ हफ्तों बाद ही देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा हो जाएगी। पर उत्तर प्रदेश (यूपी) को छोड़कर देश के लगभग सभी राज्यों की लोकसभा सीटों के लिए कांटे की टक्कर होने की संभावना है, लेकिन उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर नतीजे कुल मिलाकर लगभग तय हैं। यह बात उत्तर प्रदेश के शिखर सियासी नेताओं से लेकर आम जनता तक को भलीभांति पता है। कभी जंगलराज, भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार से जूझने वाला यूपी अब भारी-भरकम मोटा निवेश भी खींच रहा है।

सात साल पहले तक तो यूपी की गिनती बीमारू राज्यों में होती थी, लोग मजाक में यूपी को उल्टा प्रदेश भी कहते थे लेकिन, आज यूपी की पहचान देश के खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्य के रूप में भी होने लगी है। यूपी देश की जीडीपी में हिस्सेदारी के मामले में महाराष्ट्र के बाद दूसरे नंबर पर है। देश में सर्वाधिक जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों की संख्या के मामले में भी आज यूपी अव्वल है। राज्य में डिजिटल लेन-देन में एक साल में तीन गुना की बढ़ोतरी हुई है। आज अगर यूपी




लेखक : आरके सिन्हा
(वरिष्ठ संपादक, पूर्व सांसद)

में चौतरफा विकास हो रहा है तो इसका मुख्य श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ही जाता है। देश में यूपी की सियासी अहमियत निर्विवाद है। यहां पर भाजपा का प्रदर्शन लगातार सुधर ही रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपनी जीत को दोहराया ही नहीं है, वह लगातार विपक्ष की राजनीतिक जमीन को कमजोर भी कर रही है। कभी मंडल और कमंडल की राजनीति का गढ़ रहा यह प्रदेश मंदिर का घंटा और सख्त कानून व्यवस्था का डंडा एक साथ बजा रहा है। यूपी में आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्ष के लिए कोई बहुत अवसर नहीं हैं।

योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में यूपी भाजपा का अभेद्य किला बनकर उभरा है। 2019 में हुए पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सूबे की 80 में से 64 सीटें अकेले दम पर जीत ली थीं। वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने अकेले दम पर उत्तर प्रदेश विधानसभा की 403 सीटों में से 225 सीटें जीत कर सत्ता में धमाकेदार वापसी की। अपने सहयोगियों के साथ भाजपा की सीटों का आंकड़ा 272 तक पहुंच गया।

## अंदाज-ए-बयां
## किसके मत्थे मढ़ें दोष

*किसके मत्थे मढें अब दोष।*
*नदी नालों में है जोश*
*प्रकृति के दोहन में सदैव।।*
*आदमी जब रहा है मदहोश।*
*भगवान तो हैं कण-कण में*
*बसे हैं हर एक के मन में*
*सब कुछ तो उसने ही दिया*
*हम ही तो हैं एहसान फरमोश।।*
*याद करो तुम वो दिन पुराने*
*क्यों बसा करते थे बुजुर्ग सयाने*
*नदी नालों से दूर बहुत दूर*



*मस्त रहा करते थे उनमें संतोष।*
*आबादी का बढ़ गया है कहर।।*
*गांव-गांव, नगर-नगर*
*शहर-शहर नदी नालों के किनारे जब हमने*
*कर दिया अतिक्रमण दें किसे दोष।*
*उसने अब बदला लेने की ठानी है बरसात में पानी ही पानी है*
*प्रचंड गर्मी-सर्दी ने अगर सबको नानी याद कराई है तो किसका दोष।।*

अनिल शर्मा नील

# पाक सेना बॉर्डरों की सुरक्षा करने की बजाए सरकारें बनाने, गिराने में रखती है दिलचस्पी

**पाकिस्तान** में जनता हार रही और सेना जनरल अपने मनसूबों में कामयाव बन रहे हैं। पाक सेना बॉर्डरों की सुरक्षा करने की वजाए सरकारें बनाने और गिराने में अधिक दिलचस्पी रखती है। मुस्लिम लीग, पीपुल्स पार्टी के नताओं में सीटों की बंदर-बाट को लेकर पूरी सेटिंग हो चुकी है। इमरान खान समर्थकों ने इन दोनों पार्टियों के नेताओं को नाकों चने चबाकर जनता के दिलों में खास जगह बनाई है। चुनावों में हुई धांधली को लेकर पाकिस्तान की जनता सेना और पुलिस में आमने-सामने टकरार होना कोई शुभ संकेत नहीं है।

इमरान खान ने अपनी पार्टी से प्रधानमंत्री पद का दावेदार घोषित करके पाक सेना की मुश्किलें बड़ा दी हैं। आजाद प्रत्याशियों पर पुलिस, सेना द्वारा लगातार दबाव बनाकर उन्हें तोड़ने की कोशिशें जारी हैं। नावाज शरीफ लंदन से वापस पाकिस्तान यह सोचकर आए की वह चौथी बार फिर प्रधानमंत्री की शपथ लेंगें। पाक सेना ने शाहवाज शरीफ को प्रधानमंत्री घोषित करके नावाज शरीफ के साथ खेला कर दिया है। एक भाई ने दूसरे भाई की आशाओं पर पानी फेरकर रख दिया ऐसा कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं है। नावाज शरीफ की जीत को लेकर भी विरोध किया जा रहा, इसलिए भी उन्हें अचानक पीछे धकेलने की सेना ने कोशिश की है। पाकिस्तान सेना द्वारा रची स्क्रिप्ट अनुसार मुस्लिम लीग पार्टी से शाहवाज शरीफ प्रधानमंत्री, मारियम नवाज को पंजाब सुवे का मुख्यमंत्री, नेशनल पीपुल्स पार्टी से आसिफ अली जरदारी को राष्ट्रपति और उनके पुत्र विलावल बट्टो को सिंध प्राप्त का उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की कवायद शुरु है। पाकिस्तान में उड़ी लोकतंत्र की धज्जियों के बीच मौलाना फजुल रहमान की पार्टी द्वारा इमरान खान के साथ समझौता किए जाने की चर्चाएं हैं। फजूल रहमान बेशक स्वयं अपनी सीट से जीत नहीं पाए, मगर मौलानाओं की जमात में उनकी खास पकड़ है। पाकिस्तान ने लोकतंत्र के मायने ही दक्षिण एशिया देशों में बदल कर रख दिए ऐसा कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं है। गनीमत यह की चुनावों में कम सीटें जीतने बाले दल अपनी कुर्सियां पक्की करके बैठ गए और सबसे ज्यादा आंकड़ा पार करने बाली पार्टी के उम्मीदवारों को मौका नहीं है।



सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

सेना और भ्रष्ट अधिकारियों के हस्तक्षेप चलते जिस तरह चुनावों में धांधली के मामले मीडिया में उजागर हुए उससे पाकिस्तान की छवि पूरी दुनियां में खराब हुई है। मुस्लिम लीग पार्टी इन चुनावों में दूसरे स्थान पर रही है। इस पार्टी के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ द्वारा स्वयं को चौथी बार प्रधानमंत्री घोषित किए जाने को लेकर बिक्ट्री स्पीच करना बेहद शर्मनाक है। नवाज शरीफ के चुनाव परिणाम को लेकर भी पीटीआई पार्टी ने न्यायलय में अपील दायर की है। हैरानी बाली बात यह की नवाज शरीफ की बिक्ट्री बोटों का आंकड़ा कुल बेल्ट पेपरों से कम निकला है। ठीक इसी कारण भी नवाज शरीफ का चौथी बार प्रधानमंत्री की कुर्सी से दूर रखा गया है। सच बात यह की शहवाज शरीफ के प्रधानमंत्री बनने से सेना पूरी तरह से अपनी मनमर्जी से काम कर सकती है।

# सोशल मीडिया की पसंद, नापसंद के फेर में खराब होती मनोवृत्ति

**आज** के आधुनिकता के दौर में और सूचना क्रांति के कारण आज का मनुष्य अपनी पसंद, नापसंद के आधार पर अपने हर पल और गतिविधि को शेयर कर दुनिया को अपनी तरफ आकृष्ट करना चाहता है। इसकी एवज में वह आज तमाम लोगों और समाज के आकर्षण भाव के रूप में अपने टेलेंट के ऊपर उनकी पसंद और नापसंद की उम्मीद लगाए बैठे भ्रमित हो रहा है, क्योंकि अगर किसी ने लाइक किया है तो उनकी मनोवृत्ति में हर्ष का ठिकाना नहीं है, लेकिन इसी के विपरीत किसी दोस्त ने अपनी प्रतिक्रिया नापसंद की है तो अमुक व्यक्ति निराशा को तुरंत प्राप्त हो रहा है।

आज के इस आभासी मशीनी युग और मोबाइल मीडिया के फेर में फंसकर आज के मानुष की सोच सिकुड़ कर अपने तक ही रह गई है। महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग, अधेड़ सभी अपने हुनर को नाच गाने के रूप में या अश्लीलता के रूप में, रीयल्स बनाने की होड़ में लगे हैं। वह वास्तविक सुख त्याग कर काल्पनिक दुनिया और काल्पनिक समाज को अपने पक्ष में करना चाह रहे हैं। जिस सोशल मीडिया के दोस्तों की लंबी कतार या फॉलोअर्स को देख सफलता का दम हम भरते हैं, यह ध्यान देने योग्य है कि पिछले कुछ दिनों में 10 हजार फॉलोअर्स युक्त व्यक्ति को एक दुर्घटना का शिकार हो जाने पर उसके मित्रों द्वारा उसके अकाउंट्स से ही उक्त व्यक्ति की जान बचाने के लिए रक्तदान की अपील की पोस्ट डाली गई, ताजुब की बात कि इतने मित्रों की लंबी कतार में से कोई भी सोशल मीडिया दोस्त खून नहीं दे सका, जबकि उसकी इस मित्र सूची में चीर परिचित नजदीकी रिश्तेदार भी शामिल थे। आज के मानुष ने अपना सुख-चैन खो दिया है। 24 घंटे हमें ईश्वर ने अपनी अपनी प्रगति के लिए व उत्कर्ष के लिए प्रदान किए हैं। दिन में परिश्रम कर और उस परिश्रम से थकान महसूस करने के पश्चात रात्रि के समय आराम करने के लिए होते है, परंतु हम इस आराम को सोशल मीडिया में पसंद नापसंद के रूप में व्यर्थ गवां कर अपनी आंखें, अपने मानसिक संतुलन को लगातार खराब कर स्वयं ही बीमारियों को आमंत्रण दे रहे हैं। विकार ग्रस्त होकर शीघ्रता से गुस्सा हो जाना, चिड़चिड़े स्वभाव सहित अपना जरूरी काम भूल कर इसमें फालतू समय बर्बाद करने में लगे हुए हैं।



लेखक : ठाकुर तारा
सोशियोलॉजिस्ट, सुंदरनगर

एक ताजा उदाहरण उत्तर प्रदेश राज्य के लखनऊ शहर को लेकर हम इसके संदर्भ को समझ सकते हैं कि आने वाले बच्चों का भविष्य अभिभावकों के लिए कितना भयंकर होगा, उक्त शहर में इकलौते बेटे जिसके पिता सेना में सूबेदार के पद में थे, घर पर मां अकेली बेटे के साथ रहती थी। मां ने 19 साल के बेटे को यह कह कर टोका कि बेटा मोबाइल फोन का इस्तेमाल मत करो, वह 16-17 घंटे मोबाइल फोन पर गेम खेलने पर ही व्यतीत करता था। एक दिन मां ने खेलते-खेलते मोबाइल फोन छीन लिया तो उग्र बेटे ने अपनी ही मां का गला घोंटकर उसकी जीवन लीला समाप्त कर दी। यानी उस लड़के को खेलते-खेलते उस निर्जीव मोबाइल से इतना ज्यादा लगाव हो गया कि उसकी मां उसके आगे कुछ भी नहीं थी। यह लत और सोच रुझान को मोबाइल फोन के भीतर एकाग्र चित्त करने में सहयोग करती है। हम जिस तरह से तीव्र लालसा से ओत-प्रोत होकर उसमें खोते जाते हैं, उसी के साथ-साथ हमारा संपूर्ण ध्यान भी हमारे वास्तविक रिश्ते नातों से हटकर आभासी, काल्पनिक दुनिया में सक्रियता को प्राप्त होता जाता है। आधुनिक मां भी पहले जैसा व्यवहार अपने नौनिहालों के साथ नहीं कर रही है। माताएं भी आजकल मोबाइल फोन से ही चिपकी रहती हैं।

बच्चे को अपनी मां से क्या सरोकार है, भूख से आहत है या प्यास से, उन्हें मोबाइल के भीतर अपनी रील्स देखने की होड़ और बेसब्री लगी रहती है कि कितनों ने लाइक किया है और क्या-क्या नया हुआ है। उनकी भावनात्मक करुणा बच्चे से हटकर लोगों के लाइक्स पर रहती है।

डिजिटल दुनिया के साथ समायोजन करना अच्छी बात है, लेकिन उसमे ही रम जाना अपने शारीरिक विकारों मनोभावों के लिए सही नहीं है। लगातार सूचनाओं के संग्रहण से, दूसरों के पारिवारिक जीवन, सालगिरह, खुशी के पलों के वीडियो, फोटो, पहनावे को देख कर हम सभी उन सभी की नकल को अपने परिवार में उतारना चाहते हैं। उन सभी उदगारों, प्रवाहों और छवियों की तुलना अपने पति, बच्चों बुजुर्गों से कर बैठते हैं, जो दूसरों की खुशी हम महसूस करते हैं, वह असली है या नकली, हम दावा नहीं कर सकते। जरूरी नहीं जो व्यक्ति आपको अपनी खुशियां दिखा रहा हो, उनके जीवन में सब कुछ सही चल रहा हो, यह वही व्यक्ति अच्छे तरीके से परिभाषित कर सकता है। इसका उदाहरण हम बॉलीवुड अभिनेता, अभिनेत्रियों से ले सकते हैं। पहले पर्दे पर चकाचौंध की दुनिया में अक्सर दर्शक इन अभिनेताओं को अपने आदर्श मानते हैं। उनके जीवन में कितनी प्रतिस्पर्धा है, उतार-चढ़ाव, अवसाद है, यह सिर्फ उन्हें ही पता होता है।

खुश दिखने वाले कई अभिनेता, अभिनेत्रियों ने अपने ही निजी अपार्टमेंट्स में अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। हम दिखावटी, बनावटी रिश्तों में क्यों जिएं क्योंकि ईश्वर ने हमें अलग नायाब तरीके से बनाया है। किसी को हम आभासी दुनिया में अच्छे लगे या बुरे, यह अधिकार हम ने खुद तय किया है, सोशल मीडिया प्लेटफार्म में घुसकर। अगर उमुक्त उमंग भरे जीवन जीना है तो हम सभी को इसके इस्तेमाल, उपयोग करने से दूरी बना लेनी चाहिए। आमने-सामने बैठकर जो रिश्ते कायम किए जाते हैं, उनमें अटूट विश्वास होता है, संबंध प्रगाढ़ होते हैं, न कि बल्कि आभासी दुनिया के इन रिश्तों में।

# नेहरू भी कायल थे मोरारजी की सादगी व अनूठी योग्यता के



जयंती विशेष

लेखक : मुकेश विंग
ठोडो ग्राउंड मोड़, सोलन

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

**भारत** के चौथे प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई का जन्म लीप वर्ष यानी 29 फरवरी, 1896 को गांव भदेली, जिला बुलसर, गुजरात में हुआ। इनके पिता रण छोड़ देसाई भावनगर में टीचर थे। मोरारजी ने सेंट बुसर हाई स्कूल से 10वीं तथा 1918 में बंबई प्रांत के विल्सन सिविल सेवा से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। गुजरावेन से 1911 मे इनका विवाह हुआ। विरूमति, इंदु बेटियां व कांति लाल इनके पुत्र थे। मोरारजी गुजरात विद्या पीठ के कुलाधिपति भी रहे। 12 वर्ष तक डिप्टी क्लेक्टर के रूप मे कार्य किया। 1931 में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के सदस्य बने व 1937 तक गुजरात प्रदेश कांग्रेस सचिव रहे।

स्वतंत्रता संग्राम के दौरान तीन बार जेल गए। 1952 में बंबई के मुख्यमंत्री बने व 14 नवंबर 1956 को केंद्र में वाणिज्य एवं उद्योग तथा 1958 मे वित्त मंत्री बने। 1963 में इस्तीफा दे दिया। नेहरू के बाद दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के असमय निधन हो जाने पर नेतृत्व संभालने के लिए इंदिरा व मोरारजी में कांटे की टक्कर हुई, लेकिन इंदिरा गांधी यह पद संभालने में कामयाब तो जरूर हुई, लेकिन मोरारजी इंदिरा मंत्री मंडल में उपप्रधानमंत्री व वित्त मंत्री के पद पर 1967-69 तक बने रहे। 1974 में भारत के पहले परमाणु परीक्षण के बाद चीन व पाकिस्तान से मैत्रीपूर्ण संबंध बहाल करने में मोरारजी की विशेष भूमिका रही। प्रशासनिक सुधार आयोग के अध्यक्ष बनने के लिए मोरारजी को शास्त्री जी ने मनाया था। मोरारजी चाहते थे कि भारत के लोगों को निडर बनाया जाए ताकि वे किसी भी सर्वोच्च पद पर बैठे किसी भी व्यक्ति की गलती या मनमानी पर उसके खिलाफ खुलकर शिकायत कर सके। यहां तक कि प्रधानमंत्री भी कानून से ऊपर न हो।

मेराजी की सादगी व महान विचारों से प्रभावित होकर अप्रैल 1956 में नेहरू जी ने सीडी देशमुख को लिखा कि मैं मोरारजी जैसे योग्य, निष्पक्ष व हर प्रकार से काबिल शख्स का कायल हुं। 26 जून 1975 से 18 जनवरी 1977 तक हिरासत में रहने के बाद मोरारजी सफलता के शिखर की तरफ बढ़ने लगे। सूरत से वह सांसद चुने गए व जनता पार्टी भी बहुमत में आ गई। मोरारजी ध्वनिमत से नेता चुने गए व 24 मार्च 1977 को मोरार जी देसाई देश के प्रधानमंत्री बने। प्रधानमंत्री होते हुए भी वह स्वयं पोस्टकार्ड हाथ से लिखते थे। 81 वर्ष की उम्र में यह पद ग्रहण करने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति थे मोरारजी देसाई। इन्हीं के कार्यकाल में शारदा मुखर्जी व ज्योति वेंकटचलम महिला राज्यपाल के पद पर आसीन हुई। भारत रत्न पुरस्कार किसी को भी नहीं दिया गया। उस समय एक हजार व दस हजार के नोट भी प्रचलन में थे। मोरारजी ने काफी विचार विमर्श के बाद इन्हें प्रचलन से बाहर करने का निर्णय लिया।

सन् 1978 में नोट बंदी की घोषणा हुई। मोरारजी के इस निर्णय को सराहना ही मिली क्योंकि ऐसे निर्णय वह जनहित में ही लेते थे। अपनी निजी समस्याओं को उन्होंने कभी बहाने के रूप में नहीं लिया। उनकी सादगी, संघर्ष व सेवाओं को देखते हुए 1990 में नरसिम्हा राव सरकार ने उन्हें 'भारत रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया। सरदार पटेल को भी यह सम्मान दिया गया। इस सरकार ने पांच वर्ष में कुल छह लोगों को ये पुरस्कार दिया। उधर पाकिस्तान भी उनके मैत्रीपूर्ण संबंधों व मधुर व्यवहार का कायल था इसीलिए 19 मई 1990 को हमारे पड़ोसी देश ने मोरार जी देसाई को पाकिस्तान के सर्वोच्च सम्मान निषान-ए-पाकिस्तान से नवाजा। मोरारजी देसाई एक मात्र ऐसे प्रधानमंत्री थे जिन्हें दो राष्ट्रों के सर्वोच्च सम्मान दिए गए। इनका जन्मदिन भी वैसे तो चार वर्षों में एक बार आता है लेकिन ऐसे गुणी व महान विचारों वाली शख्सियत के कार्यों को तो हर दिन ही याद किया जाता है। दस अप्रैल 1995 को 99 वर्ष की उम्र में मोरारजी देसाई का निधन हो गया। इनकी पत्नी का 25 अक्तूबर 1981 को निधन हुआ था। सन 1978 में जब 39वें अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर मोरारजी से मिले तो मोरारजी ने उन्हें गीता भेंट की।

भारत ने दलाईलामा को 1959 से क्यों शरण दे रखी है चीनी राष्ट्रपति झाऊ एन लाई के इस सवाल पर मोरारजी देसाई ने इस मसले पर चीन से दखल न देने की हिदायत देते हुए उसे कड़ा संदेश दिया था पाक को भी यही समझाया था कि 1971 के युद्ध जैसे हालात दोबारा न बनें तभी दो पड़ोसी देशों में आपसी सौहार्द व भाईचारा कायम रह सकता है।

## अपनी बात

**यदि** हम भारत के परिपेक्ष्य में बात करें तो देश में रोजगार के अवसरों की कमी का बड़ा कारण हमारी तेजी से बढ़ती आबादी है। देश में रोजगार के अनेक क्षेत्र और अवसर हैं, परंतु अनियंत्रित बढ़ती आबादी के चलते प्रत्येक व्यक्ति को नौकरी देना अब संभव नहीं है, ऐसे में रोजगार के अवसर तभी जरूरतमंद को मिलेंगे, जब हम जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण हासिल कर लेंगे। दूसरा बड़ा कारण कौशल प्रशिक्षण का अभाव है। हमारे देश में निपुण व्यवसायिक प्रशिक्षण का अभाव है, जिससे प्रशिक्षित युवा को आगे चलकर रोजगार मिल सके। केवल बुनियादी शिक्षा से सरकारी नौकरियों तक रोजगार सिमित रह जाएगा। देश के युवाओं को व्यवसायिक शिक्षा दी जाए तो नौकरी के विकल्प वे स्वयं पैदा कर सकते हैं। विकसित देशों में कई रोजगार के ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें हमारे देश के युवा अभी भी अपनी पसंद जाहिर नहीं करते हैं। अभिभावक आज भी अपने बेटे-बेटी को इंजीनियर, डॉक्टर, पायलट आदि ही बनाना चाहते हैं, जिनकी संभावनाएं बहुत कम होती हैं। केवल देश में रोजगार के अवसरों को बढ़ाकर ही रोजगार की समस्या को खत्म नहीं किया जा सकता है। इसके लिए हमें शिक्षा से लेकर हमारी व्यवस्था में एक नए तंत्र को अपनाना पड़ेगा। जिससे निरंतर प्रशिक्षित युवा आगे बढ़ सके।

-सोनिका शर्मा, मझैरणा

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### लाइसेंस धारक बंदूक करवाएं जमा

**तीसा।** पुलिस थाना तीसा के अंतर्गत समस्त गन लाइसेंस धारकों को सूचित किया जाता है की कार्यालय पुलिस अधीक्षक चम्बा से प्राप्त आदेशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनज़र सुरक्षा की दृष्टि से अपने-अपने लाइसेंस धारक बन्दूकों को एक सप्ताह के भीतर पुलिस थाना तीसा में जमा करवाना सुनिश्चित करें। आदेशों की पालना सख्ती से की जाए। इस सम्बन्ध में सभी ग्राम पंचायत प्रधान/उप प्रधान वार्ड मेंबर को भी सूचित किया जाता है की आप अपने पंचायत क्षेत्र में रेहने वाले तमाम गन लाइसेंस धारकों को गन जमा करवाने बारे सुनिश्चित करें।

### बिजली सप्लाई से असंतुष्ट हिमगिरी के लोग

**डलहौजी।** डलहौजी मंडल की सुदूर पंचायतें हिमगिरी और पन्झेइ में आए दिन बिजली गुल रहती है, जिससे इलाकावासियों को लम्बे समय से परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। बिजली के खम्बों के बीच दूरी ज्यादा होने से बिजली की तारें झूलती रहती हैं, जिससे बिजली कभी आती है कभी कम वोल्टेज की समस्या हो जाती है या कभी पूरा दिन बिजली की सप्लाई ठप्प रहती है। इलाका वासियों ने मांग की है कि इसका कोई ठोस हल किया जाए नहीं तो हमें सड़कों पर उतरना पड़ेगा।

### परिवार को जीवन रक्षा बीमा से मिले दो लाख



**चुवाड़ी।** हिमाचल प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक शाखा चुवाड़ी में एक साल पहले एक दुर्घटना में अनिल कुमार की मौत पर पीड़ित परिवार को कोऑपरेटिव बैंक शाखा चुवाड़ी ने दो लाख बीमा राशि प्रदान की है। गौर हो कि अनिल कुमार ने अपनी मौत से एक वर्ष पूर्व जीवन रक्षा बीमा करवाया गया था।

### कियाणी में चिन्हित किए जाएं वाहन पार्किंग स्थल

**चंबा।** चंबा-तीसा मार्ग पर स्थित कियाणी पंचायत क्षेत्रवासी एक लंबे अर्से से पार्किंग स्थल समस्या से दो चार हो रहे है। कियाणी पंचायत क्षेत्र ग्रामीणों में विनोद, प्रवीण कुमार, धीरज, हंस राज, धर्मेंद्र, अशोक कुमार, भीखो राम, सोनू, मनोज, कृष्णचंद, जोगिंद्र, सतीश कुमार, सुरेंद्र कुमार व अमित ने पुलिस विभाग से अपील की है कि पार्किंग स्थल न होने के चलते वाहन धारक सड़क के बीचों बीच वाहन को खड़ा कर रहे है। उन्होंने पुलिस व उपमंडल अधिकारियों से आह्वान किया कियाणी पंचायत मुख्य स्थल पर पार्किंग स्थल सुनिश्चित कर स्थल चिन्हित किए जाए।

### छात्रों को परीक्षाओं में बैठने का दें मौका : एबीवीपी

**मंडी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी इकाई द्वारा ब्लूमस बीएड कॉलेज के छात्रों को आ रही समस्याओं के विषय में ज्ञापन सौंपा गया। इसमें विद्यार्थी परिषद ने ब्लूमस बीएड कॉलेज के छात्रों को मार्च में होने जा रही एंड सेमेस्टर एग्जामिनेशन में बैठने की अनुमति हेतु मुद्दा उठाया। हाई कोर्ट के निर्देशों के बाद भी ब्लूम्स बीएड कॉलेज के प्रिंसीपल ने छात्रों को यह कहकर टाल दिया कि वे इस विषय में सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में बात कर रहें हैं, परंतु विश्वविद्यालय प्रशासन ने पहले ही हाई कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए ब्लूमस बीएड कॉलेज को नोटिस जारी कर फर्जी घोषित कर दिया था, विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष हर्षित मिन्हास ने कहा कि 6 मार्च से सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी एंड सेमेस्टर एग्जामिनेशन करवाने जा रही है, जिसमें अभी तक ब्लूमस बीएड कॉलेज के छात्रों को रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं दिया गया है ऐसे में ब्लूमस बीएड कॉलेज के कुछ छात्रों ने विद्यार्थी परिषद से मदद के लिए अपील करी। हर्षित मिन्हास ने बताया कि उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से इस विषय पर विश्वविद्यालय प्रशासन से बातचीत की एवं प्रति कुलपति अनुपमा सिंह ने कहा कि अगर हाई कोर्ट विश्वविद्यालय प्रशासन को ब्लूमस बीएड कॉलेज के छात्रों को रजिस्टर करने की अनुमति प्रदान करता है तो विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों को रजिस्ट्रेशन नंबर अलॉट कर दिया जाएगा।

## खफा पार्षदों का 11वें दिन भी जारी रहा धरना

# मुंह पर काली पट्टियां बांध किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो**

नप चंबा कार्यालय के बाहर सांकेतिक धरने पर बैठे खफा पार्षदों ने 11वें दिन मुंह पर काली पट्टियां बांध आरंभ मौन धारण प्रदर्शन। नगर परिषद चंबा कार्यालय के बाहर दो घंटे सांकेतिक धरने पर बैठे खफा पार्षदों ने 11वें दिन मुंह पर काली पट्टियां बांध कर मौन धारण धरना प्रदर्शन आरंभ कर दिया है। जिसमें धरने पर बैठे पार्षदों ने स्पष्ट कर दिया है कि अब वह नारेबाजी या ब्यानबाजी न कर मौन रह कर अपना धरना जारी रखेंगे।

इस अवसर पर धरने पर बैठे पार्षदों की ओर से सुल्तानपुर वार्ड पार्षद सीमा कुमारी ने समस्त पार्षदों की ओर कहा कि गत 11 दिनों से उनके सहित चौगान, हरदासपुरा, सुराड़ा वार्डों के पार्षद धरने पर बैठे हुए है। जिसमें धरने का आगाज शांतिपूर्वक आरंभ करते हुए उन्होंने

**9 वर्षों की प्रशासनिक जांच की उठाई मांग**

**मनमानी कार्य प्रणाली का सच हो उजागर**



कार्यालय के बाहर मुंह पर काली पट्टियां बांध सांकेतिक धरने पर बैठे खफा पार्षद।

वार्डों के रूके विकास कार्यों सहित भेदभाव नीति के प्रति आवाज बुलंद की। लेकिन इसके तहत हाऊस की ओर से उन्हें कोई संतोषजनक जवाब तो प्राप्त नहीं हुआ बल्कि झूठे कार्यों की सूची जारी कर उन पर आरोप लगाने का प्रयास किया गया।

वहीं जब नप अध्ययक्ष व उपाध्यक्ष ने मांगों को लेकर पार्षदों एवं जनता का दबाव पड़ता देख उन्होंने कांग्रेस सरकार व प्रशासन का हवाला देते हुए जांच की मांग कह अपनी छवि स्पष्ट बताने की कोशिश की। जिसको स्वीकार करते हुए खफा पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन के समक्ष 9 वर्षों की प्रशासनिक जांच करने की मांग उठाई है, ताकि नप चंबा में तमाम विकास कार्यों में हुई धांधलियों सहित नप चंबा के मनमानी कार्य प्रणाली का सच उजागर हो सकें।

उन्होंने कहा कि पार्षदों द्वारा मुंह पर काली पट्टियां बांध कर धरने प्रदर्शन को जारी रखने का मुख्य कारण तमाम बातों को सामने लाने सहित अब उनके पास कोई बात शेष नहीं बची है लेकिन नप हाऊस अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को कोई चिंता न कोई शर्म है। इस मौके पर चौगान वार्ड पार्षद खालिद मिर्जा, हरदासपुरा वार्ड पार्षद अंजू राणा, सुराड़ा वार्ड पार्षद उर्मिला जसरोटिया, मनोनीत पार्षदों में भावना गुलाटी, जीवन सलारिया ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# टैक्सी स्टैंड निर्माण के लिए हो सकता है आंदोलन : शर्मा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

शिव-शक्ति टैक्सी यूनियन चंबा ने शहर परिसर में टैक्सी स्टैंड स्थल को जल्द निर्मित करवाने की सरकार व प्रशासन समक्ष उठाई मांग पर घोषणाओं व चर्चा से अधिक प्रतिक्रिया न आता देख स्टैंड निर्माण के लिए आंदोलन छेड़ने का निर्णय लिया है। जिसके चलते शिव-शक्ति टैक्सी यूनियन उपाध्यक्ष विकेश शर्मा की अध्यक्षता में यूनियन कार्यकारिणी ने बैठक आयोजित की।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए यूनियन उपाध्यक्ष विकेश शर्मा ने कहा कि गत कुछ वर्षों से शहर परिसर में टैक्सी वाहनों का अत्याधिक इजाफा हुआ है। जिसके चलते वाहन खड़ा करने के लिए भूमि का अभाव भी बढ़ा है। वाहनों की संख्या बढ़ने व भूमि अभाव के स्थल टैक्सी युक्त वाहनों की पार्किंग पर भी बेहद असर पड़ा है। वहीं गत वर्ष पूर्व वाहन चालकों के अपहरण एवं हत्या की घटना टैक्सी स्टैंड एवं बूथ निर्माण करवाना ओर भी अनिवार्य कर दिया है। हालांकि यूनियन द्वारा उठाई जा रही इस जायज मांग प्रति सरकार ने विशेष बजट सहित मंजूरी प्रदान की है। मगर नप ने इस दिशा में पहल न करते हुए जनसाली वार्ड को पार्किंग योजना से जोड़ा गया। जबकि यूनियन प्रतिनिधिमंडल को हर बार प्रशासन व नप से जल्द पार्किंग स्थल प्रदान किए जाने के कई बार आश्वासन प्राप्त हो चुके है, लेकिन अब अश्वासनों के बेहकावे में यूनियन नहीं आने वाली है, जिसके चलते अब स्थल निर्माण कार्य को लेकर यूनियन ने आंदोलन माध्यम अपनी मुहिम पूर्ण करने का निर्णय लिया है।

इस मौके पर यूनियन पदाधिकारियों व सदस्यों में सुधीर, राजेश, प्रकाश, चमन व आदि ने उपाध्यक्ष द्वारा स्टैंड मांग का समर्थन करते हुए मांग को पूरा करने की अपील की।

# भाजपा ने निकाला विजय जुलूस

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन की जीत का ऐलान होते ही उनके गृह जिला चंबा में खुशी की लहर दौड़ गई। वहीं भारतीय जनता पार्टी समर्थकों ने भाजपा जिलाध्यक्ष चंबा धीरज नरयाल की अगुवाई में मुख्यालय में विजय जुलूस निकाल श्रीचंद महाराज गुरूद्वारा में माथा टेक आशीर्वाद लिया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष धीरज नरयाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश राज्य में राज्यसभा चुनाव में इतनी करीबी वोटिंग होने व विपक्ष का प्रत्याशी जीतने का यह पहला इतिहास भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन द्वारा रचा गया है। वहीं जिला चंबा से भी यह पहला मौका है कि कोई राजनेता राज्यसभा सीट पर पहुंचा है।

राज्यसभा सीट पर विजय होने पर वह राज्यसभा सदस्य हर्ष महाजन को तमाम समर्थकों की ओर से बधाई देते है। उन्होंने कहा कि चुनाव में क्रॉस वोटिंग होने का



धीरज नरयाल व (नीचे) विजय जलूस निकालते हुए भारतीय जनता पार्टी समर्थक।

सीधा तात्पर्य है कि मुख्यमंत्री सुक्खू अपनों का ही अपने पर विश्वास खोखे बैठे है, जिसके चलते जनता के विश्वास की कसौटी में उनका उतरना बहुत दूर नजर आ रहा है। उन्हें नैतिकता के आधार पर ही अपने पद से इस्तीफा दें देना चाहिए।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य जसवीर नागपाल, धनो देवी व भाजपा अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष इंदुबाला सहित कई समर्थकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# विज्ञान का जीवन में बहुत महत्व : विद्यासागर

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय महाविद्यालय चंबा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य पर आज एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. विद्यासागर शर्मा ने शिरकत की। वहीं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष पर महाविद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छह टीमों ने भाग लिया।

प्राचार्य डॉ. विद्यासागर शर्मा ने कहा कि विज्ञान का हमारे जीवन में बहुत महत्व है विज्ञान के बिना हमारे जीवन की दिनचर्या के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता। हम जो भी आज देख रहे हैं सुन रहे हैं वह सब कुछ विज्ञान की ही देन है। इसी उपलक्ष्य पर उन्होंने विज्ञान में योगदान देने के लिए महान वैज्ञानिकों को भी याद किया।

इसी कड़ी में महाविद्यालय के प्रोफेसर राकेश राठौर प्रोफेसर मनेष और प्रोफेसर कुलदीप ने अपने विज्ञान के महत्व पर अपना वक्तव्य रखा। वहीं आयोजित



कार्यक्रम विजेता प्रभागी को पुरस्कृत करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विद्या सागर शर्मा व (नीचे) कार्यक्रम में मौजूद प्रो.विद्यार्थी व अन्य।

**प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन**

प्रतियोगिता में पहले स्थान पर टीम सी से अमीषा और सृष्टि रही। जबकि दूसरे स्थान पर टीम बी से सुशील और वैभव व तीसरे स्थान पर टीम ए से अमन और हिमांशु रहे। इस मौके पर प्रो. पीसीआर नेगी, प्रो. डॉ. पूनम, प्रो.सुमित, प्रो. संजीव डॉक्टर पवन, प्रो. डॉ. वीरेंद्र, प्रो. अंजना बाला, प्रो. विजय, प्रो. अंकित धवन विशेष रूप से मौजूद रहे।

# छात्रावास स्वच्छ होंगे तभी पढ़ेंगे बच्चे : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, चंबा**

समग्र शिक्षा के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावासों के लिए, एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का शुभारंभ एसडीएम चंबा अरुण शर्मा ने किया। कार्यशाला में विभिन्न छात्रावासों के हैड कुक, सहायक कुक, पीयन कम हेल्पर तथा स्वीपर आदि ने भाग लिया इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रावास में काम करने वाले कर्मचारियों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के बारे में जानकारी देना था।

इस अवसर पर एसडीएम चंबा अरुण शर्मा ने सभी कर्मचारियों से छात्रावास में सफाई तथा स्वच्छता के ऊपर विशेष बल दिया। उन्होंने बताया कि यदि हमारे छात्रावास साफ-सुथरा होंगे, वहां का रसोई घर, शौचालय, परिसरसाफ-सुथरा होगा तो इसका प्रभाव उस छात्रावास में पढ़ने वाली बालिकाओं के ऊपर पड़ेगा। छात्रावास में पढ़ने वाली बालिकाएं शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ होगी।



प्रशिक्षण शिविर में मौजूद कर्मचारी व (नीचे) कर्मचारियों को जानकारी देती हुई डॉ. कविता बिजलवान।

छात्रावास एवं मीडिया समन्वयक डॉ. कविता बिजलवान ने बताया कि इस कार्यशाला में 44 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त होटल इरावती के उप वरिष्ठ प्रबंधक वरुण कुमार ने भी सभी प्रतिभागियों का होटल में आने पर स्वागत किया। इस कार्यशाला में करीयां, मैहला, भरमौर, हिमगिरी, बघेईगढ़, तीसा तथा किहार से कर्मचारियों ने भाग लिया है।

## छतराड़ी विद्यालय में 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' का आयोजन

# फसलें उगाने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान,भरमौर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छतराड़ी में 'राष्ट्रीय विज्ञान विज्ञान दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छतराड़ी पिंकू राम जी ने की। मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत प्रधान श्री महंदो राम जी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पूरे भारतवर्ष में 28 फरवरी को मनाया जाता है। इस वर्ष 'विज्ञान विज्ञान दिवस' की थीम 'विकसित भारत के लिए भारतीय स्वदेशी प्रौद्योगिकी' थी। इस थीम के तहत राज्य के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छतराड़ी में दो तरह की प्रदर्शनी लगाई गई ।



छतराड़ी विद्यालय 'राष्ट्रीय विज्ञान विज्ञान दिवस' के मौके पर बच्चे व अन्य।

इन दोनों प्रदर्शनियों में स्थानीय स्तर पर उगाई जाने वाली वलुप्त होने वाली फसलों व उत्पादों जैसे की कोदरा कोणी बजर भांग, फुलण,जो आदि मोटे अनाजों को विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को दिखाया गया तथा उनके संबंध में जानकारी भी दी गई।

प्रधानाचार्य महोदय पिंकू राम जी ने सभी विद्यार्थियों को स्थानीय उत्पादों के प्रति इस दिवस का मुख्य उद्देश्य माना। हर साल 28 फरवरी को भारत में मनाया जाने वाला राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के बारे में भी जानकारी छात्रों को दी गई। प्रधान ग्राम पंचायत छतराड़ी ने भी फसलों को उगाने के संबंध में छात्रों तथा अभिभावकों को प्रेरित किया। मोहिंद्र कुमार ने लोकल फार वोकल विषय पर छात्रों को संबोधित किया।

# बिजली बोर्ड ने मांगे उपभोक्ताओं के सुझाव

**शिमला।** प्रदेश में बिजली की नई दरें तय करने को लेकर प्रदेश की जनता से सुझाव व आपत्तियां मांगी गई है। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने वर्ष 2024-25 के लिए बिजली दरें तय करने से पहले जनता के सुझाव आमंत्रित किए हैं। प्रदेश के बिजली उपभोक्ता दरों में क्या चाहते है। इसके लिए राज्य विद्युत नियामक आयोग ने 3 मार्च तक सुझाव व आपत्तियां मांगी है। उपभोक्ता बिजली दरों में बढ़ौतरी नहीं चाहते हैं तो इस संबध में अपने सुझाव व आपतियां सचिव राज्य विद्युत नियामक आयोग को भेज सकते हैं।

इसी कड़ी में 14 मार्च को आयोग के कुसुम्पटी स्थित कार्यालय में जनसुनवाई होगी। लोगों के सुझाव और आपत्तियों का बिजली बोर्ड 7 मार्च तक जवाब देकर भेजेगा। जवाब से असंतुष्ट लोग 12 मार्च तक दोबारा अपनी बात रख सकेंगे। 30 मार्च को राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से बिजली की नई दरों की घोषणा की जाएगी। इन नई दरों के हिसाब से ही अगले वित्त वर्ष बिजली की दरें घरेलू और अन्य उपभोक्ताओं से वसूली जाएगी।

# किशोरियों को दिए 'वो दिन' योजना के टिप्स

**अनंत ज्ञान,भरमौर**

महिला एवं बाल विकास के तत्वावधान में आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण भरमौर में अपराजिता में चंबा की 'वो दिन' योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

चिकित्सा अधिकारी डॉ. नलिन मिन्हास ने शिविर में मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। डॉ. नलिन मिन्हास ने कहा कि 'वो दिन' योजना का उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान हिम्मत व सहारा प्रदान करना है।

उन्होंने मासिक धर्म के दौरान उचित आहार-व्यवहार की जानकारी दी की




एकदिवसीय जागरूकता शिविर के दौरान गणमान्य लोग।

इस दौरान हर रोज स्नान करना आवश्यक होता है। कपड़ा या नैपकिन लगाने से पहले और बाद में साबुन से हाथ अवश्य धोएं। एक नैपकिन का एक बार ही इस्तेमाल करें। उन्होंने महिलाओं एवं बच्चों में एनीमिया की रोकथाम के लिए विस्तृत जानकारी भी प्रदान दी।

उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से महिलाओं और किशोरियों को इस योजना से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की जा रही हैं। शिविर में मास्टर ट्रेनर वंदना और अनामिका ने भी साफ-सफाई और मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता तथा संतुलित आहार के बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण भरमौर की छात्राओं ने भी बेटी बचाओ बेटी पढाओ के तहत अपने विचार भी सांझा किए । आईटीआई भरमौर से सुमन कुमार परियोजना एवं बाल विकास कार्यालय से विनोद उपस्थित रहे।

## तनाव पर जागरूकता



राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा में कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षक व अभिभावक जानकारी हासिल करते हुए।

**राजनीति** | हर्ष महाजन की जीत के बाद राजनीति में फेरबदल की संभावनाएं

# राज्यसभा चुनाव : सियासत पर भारी भाजपा की पारी

**एमएम डैनियल, चंबा**

राज्यसभा सदस्य सीट चुनाव में हर्ष महाजन की रोमांचक जीत के बाद हिमाचल की राजनीति में व्यापक फेर बदल की संभावनाएं और भी बढ़ गई हैं। वहीं चंबा की जनता की महत्वाकांक्षाओं की कसौटी पर खरे उतर चुके हर्ष महाजन को चंबा की जनता एक टकटकी लगाए उनके आगामी चंबा के विकास प्रति अत्यंत गंभीरता से देख रही हैं। यह उद् गार भाजपा जिला मीडिया प्रभारी चंबा शिशु गुप्ता ने चंबा में जारी एक बयान में कही। उन्होंने पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राज्यसभा सदस्य हर्ष महाजन के कार्यकाल का गुणगान करते हुए कहा कि हर्ष महाजन वर्ष 1993 से 2007 तक तीन बार चंबा विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे हैं। वहीं वर्ष 2007 के बाद से उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत वीरभद्र सिंह के चुनावों का जिम्मा संभाला था। जबकि 1993 में पहली बार विधायक बने महाजन तत्कालीन सरकार में मुख्य संसदीय सचिव रहे।



हर्ष महाजन व शिशु गुप्ता ।

1998 में प्रदेश कांग्रेस का चीफ व्हीप चुना गया। 2003 में महाजन कैबिनेट मंत्री बने थे। वर्ष 1986 से 1996 तक महाजन प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। 2012 में राज्य सहकारी बैंक का चेयरमैन नियुक्त किया गया। वह कांग्रेस प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष भी रहे।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कुशल नेतृत्व एवं विचारधारा के तहत भाजपा में शामिल हुए।

भाजपा ने भी हर्ष महाजन को भाजपा में शामिल करके केंद्र सरकार ने ये साबित कर दिया है कि वो कंकड़ के ढेर में हीरा पहचानने की काबिलियत रखती है।

भाजपा हाईकमान ने विश्वास जताते हुए उन्हें राज्यसभा चुनाव में पार्टी की ओर से प्रत्याशी घोषित किया। जिसमें हर्ष महाजन अपनी सूझबूझ एवं कार्य प्रणाली के चलते भाजपा में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाने में कामयाब रहे है। (अनंत ज्ञान)

### हर्ष महाजन का चंबा सदर का कार्यकाल बेहतरीन

**शिशु** गुप्ता ने कहा कि हर्ष महाजन का चंबा सदर का कार्यकाल अब तक का एक बेहतरीन राजनीतिक कार्यकाल गिना जाता रहा है। भाजपा राज्यसभा चुनाव जीतने के बाद लोगों की महत्वाकांक्षाएं उनके प्रति काफी बढ़ चुकी है। भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकताओं समेत समस्त चंबा की जनता उनके चंबा प्रवास का बेसब्री से इंतजार कर रही है।

# तनाव के कारणों को दूर करने पर की चर्चा

**आरके रांगड़ा, चंबा**

राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के तत्वावधान में जिला चंबा के विद्यालयों के अध्यापकों व अभिभावकों के लिए संवेदिकरण एवं अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान राजकीय महाविद्यालय चंबा सहायक प्रो. अविनाश पाल मुख्य स्त्रोत व्यक्ति के रूप में उपस्थित रहें। इसके इलावा कार्यक्रम के दौरान उपनिदेशक उच्च शिक्षा जिला चम्बा प्यार सिंह चाढ़क, विशेष कार्य अधिकारी उमाकांत आनंद, प्रधानाचार्य कन्या विद्यालय विकास महाजन, विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक व एसएमसी सदस्य उपस्थित रहें।



विचार व्यक्त करते हुए सहायक प्रो. अविनाश पाल ।

इस अवसर अपने सम्बोधन में प्रो. अविनाश ने परीक्षा व पढ़ाई के दौरान मानसिक तनाव, तनाव प्रबंधन, तनाव के कारण, तनाव के कारणों को दूर करने संबंधित विस्तृत चर्चा की गई। अपने वक्तव्य के दौरान अभिभावकों व अध्यापकों के प्रश्नों का यथा सम्भव उत्तर देकर निवारण किया गया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के परीक्षा पर चर्चा के कार्यक्रम से प्रेरित होकर आयोग ने परीक्षा पर्व मनाने का निर्णय लिया है। इसी परीक्षा पर्व के अंतर्गत हार्दिक वर्षा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।

इस वर्ष परीक्षा पर्व 6.0 का आयोजन पूरे भारत में किया जा रहा है। आज चम्बा में जिला चंबा के विद्यालयों के अध्यापकों व एसएमसी सदस्यों के लिए तनाव प्रबंधन संबंधित संवेदिकरण एवं अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### हर्ष महाजन की जीत पर भाजपा ने बांटी मिठाई



एक-दूसरे को लड्डू बांट कर खुशी जाहिर करते भाजपा कार्यकर्ता।

**कुल्लू ।** जिला भाजपा कुल्लू ने भाजपा नेता हर्ष महाजन के राज्य सभा सांसद निर्वाचित होने की खुशी में लड्डू बांट कर जश्न मनाया। जिला भाजपा के पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में रथ मैदान एकत्रित हो कर एक-दूसरे का मुंह मीठा किया। जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने बताया कि भाजपा के नेता हर्ष महाजन के राज्य सभा सांसद निर्वाचित होने पर कांग्रेस पार्टी की नाराजगी जगजाहिर हुई है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता नरोतम ठाकुर, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष भीमसेन शर्मा, जिला महामंत्री अमर ठाकुर, बलदेव महंत, जिला भाजपा उपाध्यक्ष तरुण विमल, जिला सचिव नैना शर्मा, जिला भाजपा प्रवक्ता रुक्मणि जोशी, सौरभ भारद्वाज, जिला कार्यालय प्रभारी विवेक भारद्वाज, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी श्याम कुल्वी, सह मीडिया प्रभारी लोकेश भवानी, अजय ठाकुर सहित जिला पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

### बंजार भाजपा ने आतिशबाजी कर मनाया जश्न



बंजार भाजपा मंडल के पदाधिकारी हर्ष महाजन के सांसद बनने पर जश्न मनाते हुए।

**बंजार।** हर्ष महाजन के राज्यसभा सांसद बनने की खुशी में बंजार भाजपा मंडल ने जश्न मनाया। बंजार भाजपा ने खुशी व्यक्त करते हुए लड्डू बांटे और आतिशबाजी की। इस अवसर पर बंजार भाजपा मंडल उपाध्यक्ष श्रवण शर्मा, महामंत्री जय सिंह ठाकुर, प्रधान शिकारीघाट विजय ठाकुर, नरेंद्र शौरी प्रधान मोहनी, लाल सिंह प्रधान चनौंन, प्रधान हीरा सिंह, दीपक, चेत राम, प्रधान चेहणी पूर्ण चंद, नगर पंचायत अध्यक्ष आशा शर्मा, प्रधान तुंग घनश्याम, पूर्व प्रधान बालक राम, पूर्व प्रधान संजय ठाकुर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रकाश वशिष्ठ, पार्षद कुलदीप सोनी, जिला युवा मोर्चा चिराग ठाकुर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिनेश ठाकुर और भाजपा के सभी पदाधिकारियों सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नोडल अधिकारियों को बताईं उनकी जिम्मेदारियां




नोडल और सेक्टर अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए उपायुक्त।

**केलांग ।** केलांग में बुधवार को लोकसभा चुनाव के सफल आयोजन के लिए सभी नोडल और सेक्टर अधिकारियों को उपायुक्त सभागार में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसकी अध्यक्षता उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल कुमार ने की। इस मौके पर उन्होंने प्रशिक्षण से संबंधित अधिकारियों को चुनाव से पूर्व चुनाव के दिन उनकी जिम्मेदारियों व कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी रजनीश शर्मा ने नोडल अधिकारियों को उनके कार्यों की जानकारी दी। सहायक आयुक्त संकल्प गौतम ने पोलिंग पार्टी तथा पोलिंग के दिन प्रबंधन के बारे में जानकारी दी।

### बच्चों को दी मृदा स्वास्थ्य कार्ड ऐप की जानकारी




जागरूकता शिविर के दौरान केंद्रीय विद्यालय सैंज के बच्चे सामूहिक चित्र में।

**कुल्लू ।** केंद्रीय विद्यालय एनएचपीसी सैंज में कृषि विभाग, आत्मा, डीआरडीए व कृषि विज्ञान केंद्र बजौरा द्वारा 'विद्यालय मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रम' पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मृदा जांच, मिट्टी में पाए जाने वाले पोषक तत्वों की महत्वता व मृदा स्वास्थ्य कार्ड संबंधी मोबाइल ऐप व पोर्टल के बारे में विभिन्न अधिकारियों द्वारा जानकारी प्रदान की गई। जागरूकता शिविर में डॉ. रतन लाल शर्मा मृदा परीक्षण अधिकारी, डॉ. प्रदीप कुमार 34 परियोजना निदेशक आत्मा, डॉ. सुभाष शर्मा मृदा वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र, बजौरा, प्रशांत अग्रवाल तकनीकी विशेषज्ञ, डॉ. ईशान शाशनी कृषि विकास अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य विनीता परशीरा सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

## देवसदन में तीन दिवसीय कुल्लू साहित्य उत्सव का आगाज, उपायुक्त तोरूल एस रवीश ने किया उत्सव का शुभारंभ

# देश-विश्व की हर कड़ी को जोड़ता है साहित्य : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के देवसदन में बुधवार को कुल्लू साहित्य उत्सव का आगाज हुआ। हिमतरु प्रकाशन समिति तथा भाषा एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय इस कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त कुल्लू तोरूल एस रवीश ने किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि साहित्य की प्रासंगिकता आज भी उतनी ही जितनी पूर्वकाल में थी समय के साथ इसमें बदलाव आते रहे। साहित्य देश, विश्व की हर कड़ी को जोड़ता है। काल व इतिहास को संकलित करता है। उन्होंने आधुनिक सूचना तकनीक के युग में साहित्य पठन पाठन के महत्व पर बल दिया तथा बच्चों में बाल्यकाल से ही पाठ्यक्रम पुस्तकों के पढ़ने के साथ अन्य पुस्तकें पढ़ने पर बल दिया। उन्होंने समाज में साहित्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि निरंतर अध्ययनरत रहना न केवल हमारे बौद्धिक विकास को बढ़ाता है, बल्कि हमें समाज के प्रति संवेदनशील भी बनाता है। आधुनिक युग में जब पाठक डिजिटल माध्यम के प्रति अधिक आकृष्ट हो रहे हैं ऐसे में भी पुस्तक पाठन लेखन की प्रासंगिकता ओर बढ़ गई है। वहीं, इस दौरान डॉ. शेखर पाठक ने पहाड़ की चिंताएं व हिमालय विषय पर अपने शोधपूर्वक विचार रखे।



साहित्य उत्सव के शुभारंभ मौके पर मुख्यातिथि के साथ अन्य गणमान्य।

बजरंग बिहारी तिवारी ने दलित विमर्श पर अपने विचार व्यक्त किए। हिमतरु प्रकाशन समिति अध्यक्ष किशन श्रीमान ने मुख्यातिथि व अन्य गणमान्य का स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए साहित्यकार उपस्थित रहे। गौर रहे कि तीन दिनों तक आयोजित होने वाले इस साहित्य उत्सव में जहां साहित्य पर चर्चा के अलावा समसामयिक मुद्दों; पर्यावरण, दलित विमर्श, स्त्री विमर्श, आदिवासी विमर्श आदि पर भी आमंत्रित वक्ताओं द्वारा चर्चा-परिचर्चा की जाएगी। इस उत्सव में देश के विभिन्न भागों से प्रसिद्ध एवं चर्चित साहित्यकार, कवि, आलोचक, चिंतक, पर्यावरणविद, फिल्मकार भाग ले रहे हैं। उत्सव का उद्देश्य हिमाचल जैसे दूरदराज के क्षेत्र में नई पहाड़ी पौध में पठन-पाठन तथा साहित्य के प्रति रुचि पैदा करना है, ताकि विद्यार्थियों और साहित्य प्रेमियों में स्त्री, जाति, लोकतंत्र, पर्यावरण, आदिवासी विमर्शों पर दृष्टि विकसित हो सकें।




उपायुक्त कुल्लू तोरूल एस रवीश।

### मांगों पर डटे डॉक्टर मरीज हो रहे परेशान

**कुल्लू।** प्रदेश सरकार में चल रही राजनीतिक उठापटक के बीच कुल्लू जिला के क्षेत्रीय अस्पताल सहित विभिन्न चिकित्सा कंद्रों में सभी चिकित्सक अपनी मांगों को लेकर कलम छोड़ हड़ताल पर डटे रहे। बुधवार को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू सहित जिले के विभिन्न चिकित्सा केंद्रों में चिकित्सकों ने अपने अढ़ाई घंटे की कलम छोड़ हड़ताल को जारी रखते हुए अपनी मांगों को दोहराया। जिला चिकित्सा संघ कुल्लू के चिकित्सकों ने कहा कलम छोड़ हड़ताल सात मार्च तक यूं ही चलेगी। सात मार्च के बाद भी अगर कोई हल नहीं निकल पाया तो ऐसे में सभी चिकित्सक आगे की रणनीति तय कर कड़ा कदम उठाएंगे। चिकित्सक इस राजनीतिक परिवर्तन के बदलते स्वरूप से आशंकित जरूर हैं। दूसरी तरफ क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में अढ़ाई घंटे के लंबे इंतजार के बीच परेशानी को झेल रहे मरीजों में भी रोष बढ़ता जा रहा है और इसी बीच चिकित्सकों की हड़ताल ओर प्रदेश सरकार पर मंडराते संकट पर चर्चा करते हुए मरीज कतारों में लग कर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं।



### विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रितिका, आरव व अखिल फर्स्ट



डीएवी मनाली में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पर प्रधानाचार्य विद्यार्थियों के साथ।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य पर डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली के छात्रों ने विज्ञान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य आरएस राणा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर विज्ञान विभाग प्रभारी अध्यापक ने सत्र 2023-24 के विज्ञान के क्षेत्र में किए उत्कृष्ट कार्यों को अपनी रिपोर्ट द्वारा प्रस्तुत किया।

विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छठी से दसवीं कक्षा के छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने विज्ञान मॉडल की प्रदर्शनी भी लगाई। इस अवसर आयोजित पोस्ट मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सागर, द्वितीय स्थान पर नव्या त्यागी तथा तृतीय स्थान पर पंशुल रहा। ग्रीटिंग कार्ड निर्माण में तन्वी प्रथम, लक्ष्य द्वितीय तथा भविष्य तीसरे स्थान पर रहा। विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आर्यभट्ट सदन की छात्रा रितिका, आरव तथा अखिल प्रथम स्थान पर रहे। अंत में विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

## मैराथन का दूसरा एडिशन दस मार्च से होगा शुरू

# लाहौल-स्पीति में होगी दुनिया की सबसे ऊंची स्नो मैराथन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारत की पहली और दुनिया की सबसे ऊंची स्नो मैराथन का दूसरा एडिशन दस मार्च को लाहौल-स्पीति में होने जा रहा है। मैराथन में हिमाचल और देश के अन्य राज्यों से भी प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

मैराथन में देश-विदेश से प्रतिभागी भी शामिल होंगे। स्नो मैराथन को आयोजित कराने वाली संस्था रीच इंडिया के सीईओ राजीव कुमार ने शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि पिछले साल करवाई गई स्नो मैराथन में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था, लेकिन इस बार प्रतिभागियों की संख्या पिछले वर्ष से डबल है। इस मैराथन में भारतीय नौसेना अपने 25 शीर्ष धावकों को भेज रही है। इसमें भारतीय सेना और वायु सेना के धावक भी भाग लेंगे।



यह स्नो मैराथन दस हजार फुट की ऊंचाई पर होगी इस स्नो मैराथन के लिए 42 किमी, 21 किमी, दस किमी और पांच किमी के चार प्रारूपों में आयोजित करने का प्रस्ताव है। यह मैराथन पुरुषों, महिलाओं और जूनियर श्रेणियों के वर्ग के लिए आयोजित की जाएगी।

**400 प्रतिभागी प्रतियोगिता में लेंगे भाग**

#### प्रदेश में पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**हिमाचल** प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार भी लगातार प्रयास कर रही है। इस तरह के आयोजन से प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। बता दें कि हर साल कई लाखों लोग गर्मियों में प्रदेश का रुख करते हैं। ऐसे में मार्च महीने में होने वाली इस स्नो मैराथन से प्रदेश के पर्यटन में जरूर तेजी आएगी।

#### एक किलोमीटर जॉय रेस का होगा आयोजन

**शीतकालीन** मैराथन में रोमांच का अनुभव करने के लिए संस्था अलग से एक किलोमीटर की जॉय रेस का भी आयोजन करने जा रहा है। उन्होंने बताया कि संस्था पर्यटन विभाग विभिन्न स्टेक होल्डर्स के साथ मिल कर यह कार्यक्रम आयोजित करेगा। रीच इंडिया संस्था ने मैराथन का आयोजन हिमाचल को गंदगी से बचाने के उद्देश्य से किया है।

## नशा एक बीमारी, समय रहते करवाएं इलाज

### खल्याणी स्कूल में नशे के खिलाफ बच्चों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला रेडक्रॉस कुल्लू के अंतर्गत भुंतर में संचालित एकीकृत नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खल्याणी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नशा निवारण के बारे में स्थानीय युवक-युवतियों व स्कूल के बच्चों को जानकारियां प्रदान की गईं। डॉ. अपूर्वा ठाकुर ने कहा कि नशा एक बिमारी है, इससे बचने के लिए इससे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानना आवश्यक है।

नशे के गिरफ्त में आए युवक-युवतियों का इलाज संभव है। यदि समय रहते हुए उन्हें नशा निवारण केंद्र में लाया जाए तथा विभिन्न प्रकार के औषधियां एवं उपचार से उन्हें नशे की लत से बाहर निकाला जा सकता है। उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति केंद्र में इसके लिए डॉक्टरों की देखरेख में उचित परामर्श एवं दवाइयों के साथ-साथ मेडिटेशन, योगा, खेल एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नशे के व्यसनी महिलाओं को नशे की लत से बाहर निकाला जाता है। परियोजना समन्वयक अनीता ठाकुर ने कहा कि भुंतर स्थित नशा मुक्ति केंद्र में मरीज का उपचार वाहय रोगी या आवासीय रोगी के रूप में किया जाता है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रीता ने सभी का धन्यवाद किया और कहा कि अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 01902 265265 पर संपर्क करें।




खल्याणी स्कूल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में जानकारी देते डॉक्टर।

# 'एक था गधा उर्फ अल्लादाद खां' से होगा राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का आगाज

### पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेन गोकुलचंदन करेंगे शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

कुल्लू के लाल चंद प्रार्थी कलाकेंद्र में स्थानीय रंगमंच संस्था ऐक्टिव मोनाल कल्चरल ऐसोसिएशन के द्वारा पहली से नौ मार्च तक आयोजित किए जा रहे कुल्लू राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का आगाज़ आयोजक संस्था की हास्य व्यंग्य से भरपूर नाटक एक था गधा उर्फ अल्लादाद खां से होगा।

संस्था के अध्यक्ष एवं नाट्योत्सव के निर्देशक केहर सिंह ठाकुर ने बताया कि जिला के पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेन गोकुलचंदन नाट्योत्सव का शुभारंभ करेंगे, जबकि छह मार्च की संध्या में जिलाधीश तोरूल एस रवीश बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी। केहर सिंह ने बताया कि अन्य राज्यों के नाटकों का चयन भी इस प्रकार किया गया है कि कुल्लू के रंग दर्शकों को भरपूर मनोरंजन के साथ मिल सकें और साथ ही समाज में प्रस्तुत नाटकों के माध्यम से एक सशक्त संदेश जाए ओर साथ ही अधिकतर हास्य नाटक ही प्रस्तुत किए जाएंगे। केहर सिंह ने बताया कि नाट्योत्सव की सारी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं और कुल्लू के रंगकर्मी, रंग दर्शक और रंगप्रेमी आने वाले नाट्यदलों के नाटकों को देखने के लिए आतुर हैं।



एक्टिव मोनाल कल्चरल के कलाकार नाटक की रिहर्सल करते हुए।

## कार्यपालक निदेशक निर्मल सिंह ने पार्वती पावर स्टेशन का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सैंज**

एनएचपीसी के क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के कार्यपालक निदेशक निर्मल सिंह ने बुधवार को पार्वती पावर स्टेशन बिहाली का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पावर स्टेशन के अलावा बांध क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया। इससे पूर्व चंडीगढ़ से पहुंचे कार्यपालक निदेशक निर्मल सिंह का पार्वती पावर स्टेशन के अधिकारियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

पार्वती परियोजना चरण तीन के ग्रुप महाप्रबंधक प्रकाश चंद ने अपनी टीम के साथ बिहाली में कार्यपालक निदेशक को सम्मानित करने के उपरांत परियोजना की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। अपने इस दौरे के दौरान निर्मल सिंह ने पार्वती पावर स्टेशन के विद्युत गृह के जेनरेटर के वार्षिक मेंटेनेंस कार्यों का जायजा लिया और पावर स्टेशन के इंजीनियरों के साथ बैठक की तथा उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद कार्यपालक निदेशक निर्मल सिंह ने पावर स्टेशन के बांध का दौरा भी किया और कुल्लू जिले में आई बाढ़ के बाद किए जा रिस्टोरेशन के कार्यों का जायजा लिया तथा कार्यों को समय पर पूरा करने के दिशा-निर्देश जारी किए। पार्वती परियोजना के निर्माण कार्यों को संतोषजनक बताते हुए निर्मल सिंह ने पार्वती पावर स्टेशन के महाप्रबंधक (प्रभारी) प्रकाश चंद को बधाई देते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की। इस दौरान ग्रुप महा प्रबंधक प्रकाश चंद के साथ महाप्रबंधक (विद्युत) कविराज नायक व डैम संचालन के अधिकारी भी उपस्थित रहे।



एनएचपीसी के क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के कार्यपालक निदेशक निर्मल सिंह।

**आयोजन** प्रोजेक्ट निश्चय के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में रोवर बंटी राम ने मारी बाजी

# सिमरन ने बनाई सबसे सुंदर रंगोली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में पिछले एक महीने से नशे के खिलाफ शुरू किए गए प्रोजेक्ट निश्चय तथा रोड सेफ्टी क्लब के अंतर्गत किए गए कार्यक्रम का एक साथ समापन समारोह आयोजित किया गया।

इस समारोह के मुख्यातिथि महाविद्यालय कुल्लू के प्राचार्य डॉ. रोशन लाल तथा विशेष अतिथि विशाल शर्मा, संचालक संकल्प नशा मुक्ति केंद्र, बाशिंग व मुख्य वक्ता प्रो. निश्चल शर्मा रहे, जिसमें विशाल शर्मा ने नशे के विषय में बच्चों को जागरूक करवाया और बताया कि कैसे नशा धीरे-धीरे इंसान को अपनी गिरफ्त में जकड़ता है और सोचने समझने की शक्ति को समाप्त करता है। साथ ही मुख्य वक्ता प्रो. निश्चल शर्मा ने सड़क दुर्घटना के बाद के गोल्डन आवर के बारे में जानकारी दी। इसके पश्चात प्रोजेक्ट निश्चय तथा रोड सेफ्टी क्लब के अंतर्गत करवाई गई रंगोली (एकल एवं समूह) तथा पोस्टर मेकिंग (एकल एवं समूह) प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

प्रोजेक्ट निश्चय के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में रोवर बंटी राम ने प्रथम, रेंजर कृष्णा ने द्वितीय स्थान तथा रेंजर अंजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया साथ ही रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रोवर बंटी राम, द्वितीय स्थान रेंजर किरण, कृष्णा, पूजा तथा तृतीय स्थान रेंजर अंजलि, गायत्री, आंचल ने प्राप्त किया। साथ ही रोड सेफ्टी क्लब के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग में साक्षी, सुष्मिता व कनव ठाकुर क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे तथा रंगोली एकल में सिमरन, प्रियंका व कानव ठाकुर क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। रंगोली समूह में मुस्कान व आंचल, साक्षी व तेनजिन और प्रियंका व नंदनी क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंत में प्रो. अजय के धन्यवाद प्रस्ताव तथा राष्ट्रगान के साथ इस आयोजन का समापन किया गया।



कुल्लू कॉलेज में आयोजित प्रोजेक्ट निश्चय के सम्मान के दौरान रोवर, रेंजर्स व अन्य गणमान्य सामूहिक चित्र में।

# 'सहभागिता' ने मनाया छठा राज्य स्तरीय स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

टीम सहभागिता ने अपना राज्य स्तरीय स्थापना दिवस कुल्लू के देवसदन में धूमधाम से मनाया। समारोह का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन (आईपीएस) ने बतौर मुख्यातिथि किया। वहीं, समापन समारोह के मुख्यातिथि के रूप में ठाकुर दास राठी ने शिरकत की।

इसके साथ कई महान विभूतियों ने विशेष अतिथि तथा गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में शिरकत की, जिसमें डॉ. पीडी लाल, मनोहर लाल ठाकुर (राज्य प्रशिक्षण आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स हिमाचल प्रदेश), कविता ठाकुर (जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी), मंगल चंद मनेपा (अध्यक्ष लला मेमे फाउंडेशन), रोहित महाजन (जिला यूथ कांग्रेस कुल्लू), विशाल सूद (उपाध्यक्ष ट्रक यूनियन कुल्लू), मंजु ठाकुर (योग प्रशिक्षक) तथा रेखा ठाकुर (डायरेक्टर सांफिया फाउंडेशन) के साथ अन्य कई लोग शामिल रहे। समारोह में ज़िला के आनी, बंजार, नगर तथा कुल्लू खंड के 23 महिला मंडल, युवक मंडल तथा शैक्षणिक संस्थानों को उनके उम्दा कार्यों लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ-साथ टीम सहभागिता के कुछ सदस्य जिन्होंने पिछले वर्ष के कार्यकाल में काफ़ी अच्छा कार्य किया उनको सहभागिता स्टार का टाइटल दिया गया तथा उन्हें तथा उनके अभिभावकों के सम्मानित किया गया।

समारोह में विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के अंत में प्रदेश उपाध्यक्ष राज सिंघानिया ने सभी अथितियों का धन्यवाद किया। संस्था के संस्थापक सदस्य शालिनी अग्निहोत्री (आईपीएस) एसपी कांगड़ा तथा डॉ. लाल सिंह उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र ने वीडियो के माध्यम से टीम सहभागिता के माध्यम से टीम के सभी सदस्यों को छठे स्थापना दिवस की बधाई दी।

# इतिहास में पहली बार एक करोड़ में बिका लुहणू मैदान

## नलवाड़ी मेले में प्रशासन को हुआ फायदा, मेले को बेहतर बनाने के लिए की जा रही प्लानिंग : एसडीएम

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर के नलवाड़ी मेले के इतिहास में पहली बार लुहणू मैदान की एक करोड़ रुपए की बोली लगी है, जिसमें प्रशासन की ओर से एक मुश्त में मैदान को बेचा गया है।

करोड़ रुपए की लगी बोली से प्रशासन को फायदा पहुंचा और प्रशासन का कहना है कि यह पैसा मेले को बेहतर बनाने के लिए खर्च किया जाएगा। वहीं, इस मैदान की करोड़ रुपए की बोली लगाने में सदर एसडीएम आईएएस अभिषेक कुमार गर्ग की मुख्य भूमिका रही है। एसडीएम के प्रयासों से यह सब संभव हो पाया है। पिछले साल की बात करें, तो लुहणू मैदान की 95 लाख 35 हजार रुपए बोली लगाई गई थी, जिसको अब बढ़ाकर एक करोड़ रुपए तक पहुंचाया गया है। एसडीएम का कहना है कि नलवाड़ी मेले में इस बार काफी कुछ नया देखने को मिलेगा, जिसमें कुछ नए प्रकार के शो भी शामिल किए जाएंगे। जानकारी के अनुसार मेले में विभिन्न प्रकार की दुकान, झूले स्थापित करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से लुहणू ग्राउंड को एक मुफ्त किराये पर देने के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई थी।

उपमंडल अधिकारी ने बताया कि इस बार निवदाओं की बोली पिछले वर्ष से अधिक एक करोड़ की दी गई है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में 95 लाख 35 हजार की बोली गई थी, जबकि वर्ष 2022 में केवल 19 लाख 53 हजार की बोली लगाई गई थी। इच्छुक फर्मों व पार्टियों ने बोली प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लिया। (अनंत ज्ञान)



### मेला 17 से 23 मार्च तक होगा शुरू

गठित कमेटी की ओर से लुहणू ग्राउंड में बोली के माध्यम से किराये पर देने का निर्णय लिया गया, जिसमें प्रीतम सिंह एंड सन की सबसे अधिक एक करोड़ की बोली थी, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 4, 30 लाख रुपए अधिक है। बिलासपुर का ऐतिहासिक नलवाड़ी मेला 17 मार्च से शुरू होने जा रहा है। यह मेला 17 से 23 मार्च तक आयोजित किया जाता है। प्रशासन का कहना है कि नलवाड़ी मेले को बेहतर बनाने के लिए प्रशासन काफी प्लानिंग कर रहा है। उधर, एसडीएम का कहना है कि अगर बिलासपुर की युवा पीढ़ी व अन्य लोग मेले को लेकर कुछ सुझाव देना चाहते हैं, तो वह सुझाव दे सकते हैं। लोगों के सुझावों के अनुसार ही मेले को बेहतर बनाया जा सकता है।

**एसडीएम सदर अभिषेक कुमार के प्रयासों से मेले ग्राउंड की हुई सफल बोली**

> नलवाड़ी मेले के लुहणू मैदान की एक करोड़ रुपए बोली फाइनल की गई है। नलवाड़ी मेले को बेहतर बनाने के लिए प्रशासन काफी प्लानिंग कर रहा है।
> **अभिषेक कुमार गर्ग, सदर एसडीएम।**

# लंझता गांव में 50 वर्षीय महिला ने लगाया फंदा, मौत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

भराड़ी थाना के तहत लंझता गांव में 50 वर्षीय महिला का शव घर अंदर पंखे से लटका हुआ मिला। बहरहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के मुताबिक लंझता गांव की 50 वर्षीय कांता देवी का शव अपने ही घर के अंदर बरामदे में लटका हुआ था। मृतक के पति प्यार सिंह पुलिस विभाग में कार्यरत हैं। मंगलवार रात को वह घुमारवीं थाना में ड्यूटी पर तैनात थे। घर पर उनकी पत्नी अकेली ही थी। प्यार सिंह के मुताबिक बुधवार सुबह उन्होंने अपने घर फोन किया, लेकिन पत्नी ने फोन नहीं उठाया। काफी देर तक फोन करता रहा, लेकिन पत्नी द्वारा फोन न उठाने के बाद उसने पड़ोसियों को फोन किया व कहा कि उनके घर पर पत्नी फोन नहीं उठा रही है, तो घर और जाकर देख आएं व पत्नी को फोन उठाने को कह दें। पड़ोसी जब उनके घर पहुंचे तो अंदर से दरवाजा बंद था, जिसके बाद कमरे की खिड़की उखाड़ कर अंदर देखा, तो कांता देवी का शव पंखे से लटका हुआ था। उधर, भराड़ी थाना प्रभारी देवानंद ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम करवाकर मौत के कारण का पता चलेगा।

# भाजपा विधायकों का निलंबन अलोकतांत्रिक : महेंद्र धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

सुक्खू सरकार की ओर से अलोकतांत्रिक तरीके से बजट पास करवाना लोकतंत्र की हत्या है। भाजपा के विधायकों को सदन से निलंबित करना विधानसभा और जनता के हितों के विरुद्ध है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार अल्पमत में आ गई है, इसलिए उन्हें अपने पद से त्याग पत्र देना चाहिए। महेंद्र धर्माणी ने कहा कि विपक्ष के विधायकों का निलंबन और उनकी अनुपस्थिति में बजट को पारित करना अलोकतांत्रिक है। आज कांग्रेस अपनी अंदरुनी राजनीति और मुख्यमंत्री के प्रति

**अपनी अंतर्कलह से टूट रही प्रदेश की सुक्खू सरकार**

विधायकों की नाराजगी से अल्पमत में आ गई है और सरकार येन-केन प्रकारेन सत्ता में बनी रहना चाहती है, जो अत्यंत निंदनीय है। प्रदेश की एकमात्र राज्यसभा सीट के चुनाव में हार के बाद सुक्खू सरकार बने रहने का नैतिक अधिकार खो चुकी है, पिछले एक वर्ष में कांग्रेस सरकार के प्रदेश में विकास कार्य तो पूर्ण रूप से बंद पड़े हैं, वहीं कांग्रेस के विधायक और नेता अपने आप को अपेक्षित महसूस कर रहे हैं। झूठी गारंटियों के सदोर बनी सरकार आज अपने ही विरोधाभास से अल्पमत में आ गई है।

# बडू-बधाघाट वाया सोहल सड़क की दो माह में उखड़ी टारिंग

## स्थानीय लोगों में नाराजगी, सड़क में प्रयोग की गई सामग्री की गुणवत्ता पर भी उठा रहे सवाल

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

विधानसभा क्षेत्र घुमारवीं के अंतर्गत आने वाली बडू-बधाघाट वाया सोहल सड़क पर की गई टारिंग का काम दो महीने भी नहीं टिक पाया है और यह सड़क उखड़ना शुरू हो गई है।

लोक निर्माण विभाग घुमारवीं की ओर से इस सड़क की टारिंग का काम करीब दो महीने पहले ही किया गया था, लेकिन सड़क पर बिछाई गई टारिंग दो महीने भी नहीं टिक पाई है, जिसको लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि सड़क की टारिंग का काम होने के बाद न तो ऐसी कोई


बडू-बधाघाट वाया सोहल सड़क।

बारिश हुई है कि जिस कारण यह सड़क उखड़ पाती। ऐसे में लोग सड़क में प्रयोग की गई सामग्री की गुणवत्ता पर भी सवाल उठा रहे हैं। बताते चलें कि यह बडू से वाया सोहल बधाघाट निकलने वाली यह सड़क का काफी समय से खस्ता हालत में थी, जिसके बाद लोगों की ओर से बार-बार इस सड़कों को ठीक करवाए जाने की मांग की जाती रही है।

लोगों का कहना है कि दो महीने पहले ही विभाग की ओर से इस सड़क पर दोबारा से टारिंग किए जाने का काम शुरू किया गया था, लेकिन विभाग की ओर से किया गया कार्य कितनी गुणवत्ता से भरपूर है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यह रिटारिंग दो महीने भी नहीं टिक पाई है। लोगों का कहना है कि निर्माण के दौरान मानकों की जमकर अनदेखी की गई है। सड़क निर्माण के दौरान घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है।

### संबंधित ठेकेदार जल्द सड़क को करवाए ठीक

लोगों का कहना है कि सालों के प्रयास के बाद सड़क का निर्माण कार्य हुआ और यदि सड़क इसी तरह टूटती रही, तो कुछ ही दिनों में यह पूरी तरह जर्जर हो जाएगी। लोगों का कहना है कि संबंधित ठेकेदार तो सड़क निर्माण के पैसे विभाग से लेकर चले जाते हैं, लेकिन परेशानी स्थानीय लोगों को झेलनी पड़ती है। उन्होंने मांग की है कि विभाग जल्द से जल्द संबंधित ठेकेदार से इस सड़क को ठीक करवाए, ताकि सरकार के द्वारा खर्च किए पैसे की बर्बादी को और रोका जा सके।

> मामला ध्यान में नहीं आया है न ही इस बारे में कोई जानकारी है। जल्द ही मामले की जानकारी जुटाई जाएगी। उसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है।
> **मनीष सहगल, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग घुमारवीं।**

# कल्याण कला मंच के चुनाव तीन मार्च को

**बिलासपुर।** कल्याण कला मंच बिलासपुर की नियमित मासिक संगोष्ठी साकेत सभा तीन मार्च को 11 से दो बजे तक होगी। यह जानकारी देते हुए मंच के मीडिया प्रभारी रविंद्र चंदेल कमल ने कहा कि बैठक व संगोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठतम सदस्य करेंगे तथा मंच संचालन महासचिव तृप्ता कौर करेंगी।

कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें निम्न मद रहेंगे प्रथम सत्र गत वर्ष का लेखा-जोखा पढ़ा जाएगा व मंच के प्रधान गत वर्ष की समीक्षा करेंगे साथ ही वर्ष 2024-2025 के वार्षिक चुनाव किए जाएंगे। द्वितीय सत्र में कला-कलम संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

## बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर को किराये पर देने की दरों में की कटौती

# संपूर्ण क्षेत्र के लिए 60 हजार निर्धारित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर के संचालन के लिए बिलासपुर कला मंच की बैठक अध्यक्ष एवं उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक की सदस्यता में बचत भवन में आयोजित की गई।

बैठक के दौरान परिसर को किराये पर देने के संबंध में दरों में कटौती करते हुए परिसर के संपूर्ण क्षेत्र के लिए 60 हजार तथा परिसर के आधे क्षेत्र के लिए 30 हजार की राशि प्रतिदिन निर्धारित की गई है। पानी की आपूर्ति के लिए जल शक्ति विभाग को बोरवेल करने संबंधी प्रक्रियाओं की पूर्ति के आदेश दिए गए, जबकि लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत अधूरे पड़े कार्यों की समीक्षा की गई एवं इसे तुरंत करवाने के निर्देश दिए।
बैठक में जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी, अधिशाषी अभियंता बिजली मनोज, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग सतीश कुमार, लोक निर्माण विभाग रंगीला राम ठाकुर, जिला एसिस्टेंट कंट्रोलर राजेश कुमार, युवा सेवा एवं खेल अधिकारी रवि शंकर मौजूद थे।


बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर के संचालन के लिए बैठक में मौजूद डीसी व अन्य।

# कांग्रेस भाजपा की नहीं, अपनी वजह से संकट में : राजेंद्र गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवी में राज्यसभा सांसद की जीत पर घुमारवीं भाजपा मंडल ने घुमारवीं चौक पर जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर भाजपा अनुशासन समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने नवनियुक्त राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व व कार्यकर्ताओं को इस जीत पर बधाई दी।

गर्ग ने सुक्खू सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस भाजपा की वजह से नहीं, बल्कि अपनी वजह से संकट में है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के पास 40 विधायक

**हर्ष महाजन व भाजपा के शीर्ष नेतृत्व व कार्यकर्ताओं को दी बधाई**

होने के बावजूद कांग्रेस सिर्फ 34 मत ही हासिल कर सकी और भाजपा के पास मात्र 25 विधायक थे, लेकिन नौ अन्य विधायकों ने भी भी भाजपा के प्रत्याशी का साथ दिया और मुकाबला बराबरी पर होने के बाद, लाटरी में भाजपा प्रत्याशी की जीत हुई। वहीं, उन्होंने इस अवसर पर कहा कि सुक्खू सरकार से उनके खुद के विधायक ही खफा चले हुए हैं। वो क्या सरकार को चलाएंगे।

# लोकतंत्र को पैसों के बल पर चला रही भाजपा : संदीप सांख्यान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता संदीप सांख्यान ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस राज्यसभा प्रत्याशी की हार लोकतंत्र की हार है और यह पैसे से खरीदे गए वोटों की जीत है। कांग्रेस के राज्यसभा के प्रत्याशी अभिषेक मनु सिंघवी को पैसों के बल पर हराया गया है।

भाजपा अब पैसे के बल पर लोकतंत्र को खरीद रही है, यह प्रदेश में नहीं हो रहा, बल्कि पूरे देश में ही भाजपा लोकतंत्र को खरीद रही है, जिन कांग्रेस के छह विधायकों ने कांग्रेस के राज्यसभा के कांग्रेस के प्रत्याशी के खिलाफ मत दिया है, वह लोगों के बीच अपनी विधानसभा क्षेत्रों में कैसे जाएंगे, क्योंकि वह कांग्रेस के टिकट और कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पर लोगों का विश्वास मत लेकर आए थे। वह खुद अपनी जवाबदेही तय करें। विक्रमादित्य सिंह के मंत्री पद का इस्तीफा अभी स्वीकार नहीं किया गया है।

### विस में बजट बिल पास होना लोकतंत्र की जीत

**विधानसभा** में बजट बिल पास होना लोकतंत्र की जीत है, मुख्यमंत्री की जीत है और कांग्रेस की जीत है। अलोकतांत्रिक व्यवस्था भाजपा की बनाई हुई, भाजपा धन-बल और छल की राजनीति के चलते देश और प्रदेश में लोकतंत्र को खरीदना चाहती है, जो संभव नहीं है, पिछले तीन दिन से प्रदेश में जो राजनीतिक घटनाक्रम चल रहा है, उससे साफ होता है कि राम राज्य की परिकल्पना करने वाली भाजपा कितनी पाक-साफ है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार साफ सुथरी सरकार है और पूरे पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करेगी और सुक्खू के नेतृत्व में करेगी।

# आईपीएच कार्यालय नम्होल का ग्रामीणों ने किया घेराव

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

पानी न मिलने पर ग्रामीणों ने जल शक्ति विभाग के नम्होल कार्यालय का घेराव किया। ग्रामीणों का कहना था कि उन्हें रोजमर्रा के काम के लिए पानी खरीदना पड़ रहा है। यह समस्या पिछले छह माह से चल रही है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

**काफी समय से नहीं आ रहा पानी**

कार्यालय का घेराव करने पहुंचे नम्होल की जया देवी, प्रेम चंद आदि ने बताया कि हफ्ते-हफ्ते भर नलों में पानी नहीं आ रहा है। दूरदराज बावड़ियों से पानी ढोना पड़ रहा है, लेकिन वह भी बारिश नहीं होने से सूखने लगी हैं। कपड़े धोने, पशुओं के लिए सहित अन्य रोजमर्रा के कामों के लिए पानी नहीं है। मजबूरन उन्हें पानी के टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं। टैंकर पानी मंगवाने पर एक हजार रुपए लगते हैं। पानी नहीं मिलने की शिकायत जब विभागीय अधिकारियों से की जाती है, तो वह लो वोल्टेज आने के बहाने बनाने लगते हैं। इसकी शिकायत उपायुक्त को भी दी। उन्होंने 10 दिन का समय दिया है। यदि फिर भी समस्या का हल नहीं होता है, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उधर, जल शक्ति विभाग नम्होल के सहायक अभियंता निशांत कपूर ने कहा कि पंप हाउस में मोटर चलाने के लिए बिजली वोल्टेज नहीं मिल पा रही है। तीन मोटर जल भी चुकी हैं। लो वोल्टेज के कारण पानी पंप हाउस तक नहीं पहुंच पा रहा है। इसके चलते यह परेशानी हो रही है। उधर, बिजली बोर्ड नम्होल के सहायक अभियंता दिनेश कौंडल ने कहा कि सर्दियों में प्रदेश के पावर प्रोजेक्ट बंद रहते हैं। इस कारण पंजाब से बिजली खरीदी जाती है। वर्तमान समय में 11 केवी वोल्टेज की आवश्यकता है, लेकिन मिल सिर्फ आठ केवी रही है। इस कारण लो वोल्टेज की परेशानी हो रही है।

# नशे के खिलाफ एकत्रित हुए प्रधान

## तलाई थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन, कहा पुलिस के साथ मिलकर करेंगे कार्य


झंडूता क्षेत्र के तहत आने वाली पंचायतों के प्रधान तलाई थाना प्रभारी अमिता चौधरी को ज्ञापन सौंपते हुए।

**अनंत ज्ञान, बरठीं**

झंडूता क्षेत्र के तहत आने वाली बरठीं, सुन्हाणी, बड़गांव व बलोह पंचायत के समाजसेवियों ने नशे के विरुद्ध एक विशेष अभियान शुरू किया गया है, जिसमें समाजसेवियों ने एकत्रित होकर एक कमेटी का गठन किया।

इस कमेटी ने एकत्रित होकर बुधवार को थाना प्रभारी अमिता चौधरी को ज्ञापन भी सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि समाज सुधार समिति का गठन का उद्देश्य लोगों को नशे के प्रति जागरूक करना है और बच्चों को नशे से बचाना है। इस समाज सुधार समिति ने कमेटी को रजिस्टर्ड करवाने का अभियान शुरू किया है।

इस समिति के प्रधान कुलबंत सिंह, सचिव राज कुमार, सहसचिव मनोज कुमार, मुख्य सलाहकार प्रधान पंचायत निक्कू राम, कुलवंत सिंह पटेल, सुन्हानी पंचायत के उपप्रधान, ब्लोह पंचायत के प्रधान संगीता देवी आदि मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि आगामी पीढ़ी को नशे से बचाने का अभियान हम पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नशे को लेकर पुलिस के साथ मिलकर कार्य किया गया जाएगा। अपने-अपने क्षेत्र में किसी भी तरह के नशे के सौदागरों पर पूरी नजर रखी जाएगी और पुलिस की मदद के साथ इन नशा माफियों को जड़ से खत्म किया जाएगा।

# बंबर पर हमला करने वालों को न्यायायिक हिरासत में भेजा

**बिलासपुर।** सदर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर हुए कातिलाना हमले के आरोपियों को न्यायायिक हिसासत में भेज दिया गया है। बुधवार को पुलिस की ओर से आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें न्यायायिक हिरासत में भेजा है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अभी तक बिलासपुर में आठ आरोपियों को पकड़ा गया है और तीन आरोपियों ने शिमला हाई कोर्ट में जमानत के लिए अपनी अर्जी दी है। उधर, खबर की पुष्टि करते हुए बिलासपुर एएसपी शिव कुमार चौधरी ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया था, जिसके बाद आरोपियों को न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बंबर ठाकुर अभी भी जिला अस्पताल में उपचाराधीन हैं। वहीं, कुछ आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफत से बाहर हैं।

# पोस्टर मेकिंग में आस्था प्रथम कृतिका द्वितीय स्थान पर रही


राजकीय महाविद्यालय जुखाला में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन पर मौजूद स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय जुखाला में प्राचार्य डॉक्टर ध्रुव पाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर कर भाग लिया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि इस दिन ही देश के महान वैज्ञानिक सीवी रमन ने अहम खोज की थी।

इसे रमन इनफैक्ट के नाम से जाना जाता है। इस महान वैज्ञानिक डॉ. सीवी रमन की रमन इनफैक्ट खोज के उपलक्ष्य में हर वर्ष 28 फरवरी को यह दिन राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस रसायन विभाग, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान और वनस्पति विज्ञान के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग, विजिट टू साइंस सेंटर एंड वर्चुअल लैब डाइट जुखाला गतिविधियां आयोजित की गई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आस्था प्रथम, कृतिका द्वितीय स्थान पर रही। भारतीय संस्कृति विज्ञान परीक्षा में कॉलेज की दो छात्राओं द्वारा अव्वल स्थान प्राप्त किया गया। यह परीक्षा सत्र 2023 में आयोजित हुई थी, जिसमें भावना शर्मा व तनुजा ठाकुर अव्वल स्थान पर रही, बाकि अन्य विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्राचार्य महोदय द्वारा वितरित किए गए।

**खुशी** राज्यसभा के लिए हुए चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन की जीत का बिलासपुर में मनाया जश्न

# भगवा ही लहराया था, भगवा ही लहराएगा...

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल में राज्यसभा के लिए हुए चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन की जीत का जश्न पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के गृह जिला बिलासपुर में धूमधाम से मनाया गया।

इस जीत की खुशी में बुधवार को भाजपा के जिला कार्यालय में मिठाई बांटने और आतिशबाजी करने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने गुरुद्वारा चौक व कॉलेज चौक होते हुए चंपा पार्क चौक तक रैली निकाली। हाथों में झंडे उठाए कार्यकर्ताओं ने इस दौरान बीजेपी जिंदाबाद तथा भगवा ही लहराया था, भगवा ही लहराएगा जैसे नारे जोरशोर से लगाए। उन्होंने इस जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर सहित सभी वरिष्ठ नेताओं को बधाई दी। राज्यसभा चुनाव में जीत का जश्न मनाने के लिए भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता बुधवार सुबह रौड़ा सेक्टर स्थित पार्टी के जिला कार्यालय में एकत्रित हुए। पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग, भाजपा के जिला अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान, महामंत्री प्यारेलाल चौधरी व बृजलाल ठाकुर, कार्यालय सचिव दिवेश चंदेल, सदर मंडल अध्यक्ष हंसराज ठाकुर, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर, बिलासपुर नगर परिषद उपाध्यक्ष कमल गौतम, पार्षद संतोष मिश्रा व नरेश कुमारी, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष बेलीराम टैगोर व युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनोज चंदेल सहित कई अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पहले मिठाई खिलाकर एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाया और उसके बाद आतिशबाजी की।

उसके बाद चंपा पार्क तक रैली निकाली गई। वहां भी आतिशबाजी करके जश्न मनाया गया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस के सवा वर्ष के कार्यकाल में ही प्रदेश में पूरी तरह से निराशा का माहौल है। कांग्रेस ने सत्ता में आते ही भाजपा सरकार के समय लोगों की सुविधा के मद्देनजर खोले गए 1000 से अधिक संस्थान बंद कर दिए।


राज्यसभा के लिए हुए चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन की जीत का बिलासपुर में रैली निकालकर जश्न मनाते हुए लोग।

# स्टूडेंट्स को सरकार के चलाए जा रहे हॉर्टिकल्चर प्रोजेक्टों के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में सात दिवसीय एनएसएस के छठे दिन विद्यार्थियों ने कॉलेज परिसर में पौधरोपण के लिए गड्ढे तैयार किए। वहीं, शैक्षणिक सत्र में बागवानी विभाग से सुरेंद्र ठाकुर ने स्वयंसेवियों को बागवानी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को बताया कि फलदार पौधों की खेती कैसे की जाती है।

उन्होंने फलों-फूलों को कीड़ों से बचाव तथा किस तरह के पौधे फल-फूल किस मौसम के अनुरूप लगाने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को हिमाचल सरकार की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न हॉर्टिकल्चर प्रोजेक्टों के बारे में बताया। एनएसएस प्रभारी प्रो. पूजा ने स्वयंसेवियों की ओर से बागवानी अधिकारी सुरेंद्र ठाकुर का धन्यवाद किया। कॉलेज में चल रहे योग शिविर में प्रात कालीन सत्र में प्रो. रमेश ने योगासन करवाए और बताया कि योग से विद्यार्थी कैसे स्वयं को मानसिक और शारीरिक रूप से कैसे स्वस्थ रख सकते हैं। वहीं, दैनिक सत्र में डॉ. रीता ने आयुष मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य योगाभ्यास क्रम निर्देशिका के अनुसार दैनिक विद्यार्थियों को योगाभ्यास करवाया।


एनएसएस के छठे दिन कॉलेज परिसर में पौधरोपण के लिए गड्ढे तैयार करते स्टूडेंट्स।

## न्यूज ब्रीफ

### बस सेवा को सोहरी तक बढ़ाए जाने की मांग

**जोल।** होशियारपुर से सूरी पलोह तक चलने वाली परिवहन निगम की बस सेवा को सोहारी तक बढ़ाए जाने की मांग क्षेत्र के लोगों के द्वारा की जाने लगी है। लोगों ने तर्क दिया है कि क्षेत्र से कोई बस रूट पंजाब से नहीं जुड़ा है और इस एकमात्र बस रूट के चलते इसे टकोली जो मध्य भाग है वहां तक बढ़ाया जाना चाहिए। हिमांशु परमार का कहना है कि टकोली और आस पास के गांवों के लोगों के लिए यह बस रूट पंजाब में जाने और आने के लिए बढ़िया है। शिव कुमार का कहना है कि सोहारी जोकि आस पास के गांवों का केंद्र बिंदु है और सोहारी से पंजाब के लिए कोई भी सीधी बस सुविधा न होने के चलते होशियारपुर, लुधियाना, अमृतसर जाने के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। गोल्डी दयाल ने कहा कि बस के रूट को पलोह से सोहारी तक बढ़ाया जाए। अगर यह बस सुविधा को सोहारी तक बढ़ाया जाता है तो लोगों को होशियारपुर और पंजाब के अन्य स्थानों पर जाने की सुगम सुविधा उपलब्ध हो सकेगी । क्षेत्र के लोगों शिंदी, अश्वनी कुमार, रविंद्र सिंह, नरेश कुमार ने बताया की इस समस्या को लेकर क्षेत्र के विधायक को भी सूचना दी गई है। इन लोगों ने बताया कि सोहारी से पलोह की दूरी मात्र दो किलोमीटर ही है। इस बस का सोहारी से चलने पर लोकल स्तर पर लोगों को आसान परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

### खेलकूद प्रतियोगिताएं 14 अप्रैल से

**मैहतपुर।** श्री पीएसएम पब्लिक स्कूल, देहलां भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे खेलो इंडिया-यूथ गेम्स, फिट इंडिया व नशा मुक्त अभियान के तहत समय-समय पर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करता रहता है। इसी कड़ी में श्री पीएसएम पब्लिक स्कूल, देहलां आगामी 14- 15 अप्रैल, 2024 को राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करने जा रहा है, जिसमें 16 वर्ष तक के आयु वर्ग के बच्चों के लिए कबड्डी, खो-खो व वॉलीबॉल आदि खेलों का आयोजन किया जाएगा। उक्त खेल प्रतियोगिताओं में लड़के व लड़कियों की टीम भाग ले सकती है। प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाली टीमों को क्रमशः रुपए 5100, रुपए 3100, रुपए 2100 के साथ-साथ प्रमाण पत्र व ट्राफी से पुरस्कृत किया जाएगा। विद्यालय के संस्थापक निदेशक डॉ. हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि प्रत्येक टीम को 1100 रुपए पंजीकरण शुल्क के रूप में जमा करवाने होंगे। अधिक जानकारी के लिए 7018971969 पर संपर्क किया जा सकता है।

### हर्ष महाजन को जीत पर भाजपा नेताओं ने दी बधाई

**ऊना।** राज्यसभा सदस्य के तौर पर भाजपा के उम्मीदवार हर्ष महाजन की जीत पर ऊना मंडल भाजपा के अध्यक्ष हरपाल सिंह गिल और महामंत्री अशोक धीमान ने बधाई दी है, जबकि उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव के लिए हर समय तैयार रहने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हिमाचल प्रदेश में राजनीतिक अस्थिरता आई है सरकार के अपने ही विधायकों ने सरकार का साथ छोड़कर भाजपा का साथ दिया है, ऐसे में हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव भी हो सकते हैं। बुधवार सुबह जारी प्रेस बयान में उन्होंने यहां पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 14 महीने के कुशासन के चलते हर वर्ग परेशान है।

### अकादमी के 24 युवा सेना में भर्ती

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश अकादमी फॉर डिफेंस सर्विसेज एवं जन कल्याण समिति आर्मड फोर्सिस व सिविल सर्विसज चंद्रलोक कॉलोनी के 24 युवा सेना भर्ती के लिए चयनित हुए है। भर्ती कार्यालय शिमला, मंडी, जालंधर, जम्मू का अग्नीवीर सैनिक जीडी का आर्मी का भर्ती परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है। जिसमें अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले हिमाचल प्रदेश से 22, पंजाब से एक व जेएंडके से एक युवाओं ने कामयाबी हासिल की है। अकादमी से कुल 31 युवक प्रशिक्षण ले रहे थे, जिसमें 24 युवा चयनित हुए हैं। ब्रिगेडियर जागीर सिंह कंवर (सेवानिवृत) पीएससी, एचसी ने कहा कि अकादमी द्वारा पिछले 22 वर्षों से युवाओं को सेना भर्ती के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अभी तक अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त कर 14 युवा ऑफिसर बन चुके हैं, जबकि 6942 युवक एवं 180 युवतियां विभिन्न सैनिक, अर्ध सैनिक बलों, पुलिस व अन्य सरकारी नौकरियों में रोजगार प्राप्त कर चुके हैं। इस मौके पर चीफ इजीनियर कर्ण सिंह (सेवानिवृत्त), निर्देशक कर्नल धर्मपाल वशिष्ट (सेवानिवृत) एलजीएससी, कर्नल कुलदीप सिंह (सेवानिवृत्त) वीएसएम,पीएससी आदि ने चयनित युवकों व उनके अभिभावकों को बधाई दी।

### स्वास्थ्य शिविर में रोगियों की जांच



**अंब।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम चिंतपूर्णी ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत बेहड़ी में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। डा. शशांक की अगुवाई में स्टाफ नर्स नीलम, लैब टैक्नीशियन वीरेन्द्र व राहुल पर आधारित टीम ने गांव में - विभिन्न रोगों से पीड़ित 58 स्थानीय लोगों की स्वास्थ्य जांच की और मौके पर 31 मरीजों के अलग-अलग प्रकार के टैस्ट भी किए।

### संघर्ष से उत्कर्ष तक रास्ता तय कर प्रिंसिपल पद से रिटायर होंगे अश्विनी पराशर

**गोंदपुर बनेहड़ा ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संहाल के प्रधानाचार्य अश्वनी पराशर जी शिक्षा विभाग में लगभग साढ़े सैंतीस साल अपनी सेवाएं देने के बाद 29 फरवरी को सेवानिवृत्त होने जा रहें हैं। शिक्षा विभाग में आठ जुलाई 1987 को बतौर साइंस अध्यापक विद्यालय थांगी जिला किन्नौर से अध्यापन की शुरुआत की। तत्पश्चात जिला सोलन मानपुर विद्यालय में स्थानांतरित हुए। फिर अपने गृह जिला रायपुर मैदान में सेवाएं दी। जिला शिमला के विद्यालय शोली में भी लगभग ढाई वर्ष तक अध्यापन का कार्य किया। पिपलू, प्रोइयां, सन्हाल, दोबड़ में बच्चों को विज्ञान और गणित का अध्यापन करवाया। इनके पास पढ़े विद्यार्थी ऊंचे- ऊंचे पदों पर आसीन हैं। आज भी गणित विषय में इनकी महारत को याद किया जाता है। उच्च माध्यमिक पाठशाला मंदली में इन्होंने बतौर प्रवक्ता अपनी सेवाएं देने के बाद हैड मास्टर पदोन्नत हुए। राजकीय हाई स्कूल त्यूड़ी में हेडमास्टर के रूप में ज्वाइन किया। फ़रवरी 2017 में प्रिंसिपल बनकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रामनगर जिला शिमला में ज्वाइन किया। अप्रैल 2017 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सन्हाल मैं प्रिंसिपल के रूप में ज्वाइन किया।आज यहीं से सेवा निवृत्त हो रहे हैं। पराशर सर बहुत ही कर्तव्य निष्ठ, मृदु भाषी, कार्य कुशल एवं हमेशा ही दूसरों की सहायता के लिए तैयार रहने वाले शांत व्यक्तित्व के धनी हैं। अध्यापक से लेकर प्रधानाचार्य पद का दायित्व इन्होंने बहुत ही ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा से निभाया है।



# दवा का सॉल्ट एक, रेट अलग-अलग

## ऊना जिले में फैला ड्रग माफिया का नेटवर्क, प्रमुख चिकित्सकों से सांठ-गांठ, एजेंट कूट रहे चांदी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ड्रग माफिया का नेटवर्क हर तरफ फैलता जा रहा है। इसमें लंबे अरसे से चहेते स्टेशनों पर बैठे कई प्रमुख चिकित्सकों की सीधी सांठ गांठ बताई गई है। एजेंटों के माध्यम से वे खूब चांदी कूट रहे हैं। अस्पतालों में जेनेरिक दवा लिखने के आदेश टीके हवा हवाई हो चुके हैं। नुकसान तो उनको भुगतना पड़ रहा है जो अस्पताल में ऐसे चुनिंदा चिकित्सकों द्वारा ओपीडी में लिखी जा रही गैर जरूरी दवाओं को खरीदने को मजबूर हैं। कई ओपीडी स्लिप पर दो-दो टॉनिक लिखे जा रहे हैं।

यह मालूम नहीं है लेकिन कमीशन खोरी ने भगवान के दर्जे जैसा सम्मान पाने वाले डॉक्टरी के पेशे को भी कटघरे में खड़ा कर दिया है। एक ही सॉल्ट की दवा अलग अलग ब्रांड के दामों में जमीन-आसमान का अंतर है। दवा बनाने के मानक तो एक जैसे ही होने चाहिए, लेकिन कुछ कंपनी उसी सॉल्ट से बनाई दवा अपने ब्रांड का ठप्पा लगाकर सामान्य के मुकाबले कई गुणा अधिक दाम से बेच रही हैं। उसी सॉल्ट के लोकल ब्रांड की कीमत सुनकर पैरों के नीचे से जमीन खिसक जाती है। खरीदना मजबूरी है, आखिर कुछ नामी डॉक्टरों के हाथों ऐसे लोकल ब्रांड को धड़ल्ले से लिखा जा रहा है। एक ही शहर में दवा के दाम में जमीन आसमान का फर्क होने से तो साफ है कि सरकारों को लोगों के स्वास्थ्य से जुड़े सरोकार की कोई चिंता नहीं है। रूटीन में ओपीडी में 80 फीसद मरीज पहुंचते हैं, ऐसे में उनको ओपीडी में लिखी गई ऐसी महंगी दवा खुद के पैसे से खरीदनी पड़ती है।



सभी डॉक्टर ऐसे हैं ऐसा कतई नहीं हैं। कुछ हैं जिनका जमीर जिंदा है, लेकिन अधिकांश जिला एवं खंड स्तर के अस्पतालों में बैठे डॉक्टर अपना नाम चलते ही इस गोरख धंधे में लिप्त हो जाते हैं। सरकार का किसी पर कहीं कोई नियंत्रण नहीं दिखा है। कभी जेनरिक दवा (सॉल्ट के नाम) से दवा लिखने का फरमान सरकार ने सुनाया था। वह अब हवा हवाई है। लगता है कि सरकारों की कोई मजबूरी है ड्रग माफिया अपनी मनमानी करने के लिए स्वतंत्र है। अगर गौर करें तो किसी लैब में टेस्ट से लेकर दवा की बिक्री में भी कथित तौर पर कमीशन सेट है। जिस दवा कंपनी ने सेटिंग कर ली उसकी तो बल्ले-बल्ले है। कुछ चुनिंदा डॉक्टरों ने तो कुछ सॉल्ट लेकर अपने एजेंटों के जरिए दवा के अपने ब्रांड बनवा लिए हैं। हद तो यह है कि स्टैंडर्ड ब्रांड की दवा अगर मार्कीट में 40 रुपए की है तो लगभग उसी सॉल्ट में अपने एजेंट के माध्यम से कुछ चिकित्सकों ने वही दवा 400 रुपए में उपलब्ध कराई है। अब मरीजों की मजबूरी है कि उनको तो डॉक्टर साहब के कथित ब्रांड को ही लेना होगा। उससे सेहत का क्या होगा वह तो बाद की बात है, लेकिन ओपीडी में दिखाने के बाद उनका दो से चार हजार का बिल जरूर घर के बजट को बिगाड़ रहा है। अब सवाल यह उठता है कि केंद्र और राज्य सरकारों को क्या यह जानकारी नहीं है? क्या सरकार की ड्रग कंट्रोलिंग एजेंसियों की आंखों पर पर्दा डाल दिया जाता है? क्या एक ही सॉल्ट की दवा का मूल्य नियंत्रण नहीं है? लोगों में भ्रम होना अब स्वाभाविक है। एस्प्रिन हो या फिर किसी दूसरे सॉल्ट से बनाई गई दवा, अलग-अलग ब्रांडों के एक ही सॉल्ट लेकर बनी दवा के अपने-अपने दाम हैं। अगर स्टैंडर्ड सभी पूरा करते हैं तभी उनको भी मान्यता है। आखिर इसमें पेंच क्या है इस पर सरकारों को सोचना पड़ेगा, ताकि लोगों में भ्रम की स्थिति दूर हो सके।

> चिकित्सकों को जेनेरिक दवा लिखने के लिए बार-बार कहा गया है। ओपीडी में वे स्लिप में क्या दवाइयां लिख रहे हैं इस पर नजर रखी जाएगी।
> **- डॉ. एसके वर्मा, सीएमओ**

### 3509 माताओं को मिला बच्चों की परवरिश में सहारा

**धर्मशाला।** मदर टेरेसा असहाय मातृ संबल योजना के तहत जिले की 3509 माताओं के 5267 बच्चों को आर्थिक सहारा मिला है। महिला एवं बाल कल्याण विभाग धर्मशाला ने साल 2023-2024 में दो करोड़ 17 लाख 62 हजार 279 का बजट योजना के तहत प्रदान किया है। नूरपुर विकास खंड में सबसे ज्यादा बजट प्रदान किया गया है। नूरपुर की 333 महिलाओं के 472 बच्चों को इस योजना का लाभ मिला है तथा योजना के तहत यहां 2745792 रुपए आवंटित किए गए हैं। सुलाह विकास खंड में 733148 रुपए का सबसे कम बजट आवंटित किया गया है तथा यहां की 159 माताओं के 245 बच्चों को योजना का लाभ मिला है। उधर इस बारे में जानकारी देते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक शर्मा ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की और से कई योजनाएं चलाई जाती है तथा ये योजना निराश्रित महिलाओं तथा उनके बच्चों के लिए एक अहम व्यवस्था है।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस में करवाई भाषण प्रतियोगिता



पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागी कॉलेज अध्यापकों के साथ।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

अटल बिहारी बाजपेयी राजकीय महाविद्यालय, बंगाणा द्वारा विकसित भारत के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी थीम के तहत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के उपप्राचार्य प्रोफेसर रेखा शर्मा ने की। इस राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर भाषण और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनुराग ने, दूसरा स्थान निखिल ने और तीसरा स्थान दीक्षा ने प्राप्त किया।

इसी तरह पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रथम स्थान मधु बाला ने, दूसरा स्थान प्रिया धीमान ने और तीसरा स्थान हेम पुष्पा ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रोफेसर किरण कुमारी, डॉ. रीना और प्रो. मुकेश ने निभाई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि भारत में प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को भारत में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारतीय भौतिकशास्त्री सर चंद्रशेखर वेंकट रमन द्वारा 'रमन प्रभाव' की खोज के स्मरण में मनाया जाता है। यह अवसर हमारे वैज्ञानिक समुदाय के योगदानों की सराहना करने और देश के विकास में उनके योगदान के विषय में जन जागरूकता बढ़ाने के लिए भी एक मंच के रूप में कार्य करता है।

इस मौके पर कॉलेज के उपप्राचार्य प्रो. रेखा शर्मा, प्रोफेसर अनु लखनपाल, प्रोफेसर शशि कंवर , प्रो. किरण कुमारी, डॉ. रीना, प्रो. सिकंदर नेगी, निकिता गुप्ता, रंजना, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# झूठ की गारंटियों के सहारे चल रही थी सुक्खू सरकार: बलबीर



बलबीर चौधरी के साथ अन्य भाजपा नेता।

**अनंत ज्ञान, अंब**

जिला ऊना अध्यक्ष व पूर्व विधायक बलबीर चौधरी ने बुधवार को प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि मंगलवार को ही नैतिकता आधार पर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को अति शीघ्र त्यागपत्र दे देना चाहिए था क्योंकि कांग्रेस के छह समेत कुल नौ विधायकों द्वारा राज्यसभा के चुनाव में भाजपा के पक्ष में मत डालकर कांग्रेस बहुमत के आंकड़े से पीछे आ गई है। सवा साल पहले आम चुनाव के वक्त ही यह विधित था कि झूठ की गारंटियों के बल पर सत्ता में आई कांग्रेस पार्टी अपने भार से ही गिर जाएगी।

बलबीर चौधरी समेत भाजपा नेताओं ने कहा कि विधानसभा में हुई घटना ने यह साबित कर दिया है जो मुख्यमंत्री बार-बार कहते थे कि यह आम जनता की सरकार है। झूठ के नाम पर आम जनमानस को कुछ दे नहीं पाए, बल्कि अपनी ही पार्टी के विधायकों को अपने साथ रखने में विफल साबित हुए है।

# विधायक के पलटी मारने से चर्चाओं का बाजार गरमाया, कांग्रेस में आक्रोश-भाजपा मदहोश

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा**

राज्य सभा सदस्य के चुनाव में क्रॉस वोटिंग विधायक की सूची में गगरेट क्षेत्र के विधायक के शामिल होने की खबर चर्चा में आने के बाद गगरेट क्षेत्र में कांग्रेस के साथ-साथ भाजपा से जुड़े कार्यकर्ताओं के लिए जहां हैरानीजनक बना हुआ है वहीं गगरेट क्षेत्र के जनता भी सकते में है, गगरेट क्षेत्र के लाडले विधायक कहे जाने वाले चैतन्य शर्मा के इस तरह से अचानक पलटी मारने से गगरेट क्षेत्र के कोंग्रेसी कार्यकर्ताओं में आक्रोश पनपता दिखाई दे रहा है ,बता दें कि प्रदेश में चुनावों के समय चैतन्य शर्मा को भाजपा में टिकट लेने के लिए दौड़ धूप करने के बाबजूद टिकट नहीं मिल पाया था वहीं भाजपा से निराश होते हुए उन्होंने कांग्रेस से टिकट को जैसे कैसे झटकने में सफलता हासिल की। वहीं गगरेट क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं कोंग्रेस के तत्कालीन राष्ट्रीय पदाधिकारी राकेश कालिया का टिकट कटवाने में कांग्रेस आलाकमान का विश्वास जीत लिया था, लेकिन जिस तरह से उन्होंने अचानक पाला बदलते हुए भाजपा में जाने का सकेत दिया है वहीं उनके इस तरह पाला बदलने से स्पष्ट है कि कांग्रेस के विधायक होने के बाबजूद उन्होंने गगरेट क्षेत्र मे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बैकफुट पर ही रखा।

> युवा विधायक के संगठन से हटकर वोटिंग करने से कार्यकर्ताओ की भावनाएं आहत

काबिले गौर है कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ही भंजाल जिला परिषद वार्ड से कांग्रेस समर्पित प्रत्याशी को विजय बनाने में सफल नहीं हो पाए थे, वहीं बता दें कि गगरेट क्षेत्र की कांग्रेस के लिए ये घटना किसी बड़े सबक से कम नहीं है साथ ही साथ कांग्रेस आला कमान को भी सीधी नसीहत देने वाला है कि निष्ठावान कार्यकर्ता को अनदेखा करके किसी को भी टिकट देना कांग्रेस सगठन के लिए किस तरह से घातक सिद्ध हुआ है। वहीं गगरेट क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ता क्षेत्र में कांग्रेस के भविष्य के लिए चिंतित है, जबकि भाजपा के कुनबे में वर्षों से निष्ठावान एवं सक्रिय कार्यकर्ता एवं भविष्य में टिकट के दावेदारों में चर्चाएं शुरू हो गई हैं। वहीं यह घटना दर्शाती है कि वर्तमान में राजनीति आमजनता के नाम करने वाले लोग किस तरह बढ़िया अवसर की तलाश में सगठन को भी ठेंगा देखा सकते है। (अनंत ज्ञान)

## ब्लॉक कांग्रेस गगरेट की कोर कमेटी ने बुलाई जनरल हाउस

**सन्नी पुरी, गगरेट**

छह कांग्रेस विधायकों द्वारा राज्यसभा सीट के लिए हुए चुनाव में दिखाए गए बागी तेवरों के बाद शिमला से लेकर गगरेट तक सियासी हलचल तेज हो गई है। शिमला में बुधवार को क्या-क्या सियासी घटनाक्रम घटे इस पर तो गगरेटवासियों की नजर रही, बल्कि ब्लाक कांग्रेस कमेटी गगरेट ने भी कोर कमेटी की आपातकालीन बैठक बुलाकर हालात पर चर्चा की। बताया जा रहा है कि कोर कमेटी की बैठक में ताजा घटनाक्रम को लेकर काफी आक्रोश भी देखने को मिला। इस घटनाक्रम के बाद ब्लाक कांग्रेस कमेटी गगरेट ने दो दिन बाद जनरल हाउस की बैठक बुला ली है और उसमें ही आगामी रणनीति तय की जाएगी।

> अगली रणनीति तय करने का लिया निर्णय

प्रदेश में पैदा हुए ताजा सियासी समीकरणों से ब्लाक कांग्रेस गगरेट भी हतप्रत है। स्थानीय कांग्रेसी नेता इस प्रकरण पर विश्वास करने को तैयार ही नहीं है। इसी के चलते बुधवार को गगरेट के एक निजी होटल में ब्लाक कांग्रेस की कोर कमेटी की आपात बैठक बुलाकर ताजा घटनाक्रम पर चर्चा की गई। बताया जा रहा है कि इस बैठक में शामिल हुए स्थानीय कांग्रेसी नेताओं में काफी आक्रोश देखने को मिला। बैठक में शामिल तमाम कांग्रेसी नेताओं का मानना था कि परिवार में कई मनमुटाव हो जाते हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि घर की लड़ाई को सार्वजनिक कर विरोधी खेमे से हाथ मिला लिया जाए। कांग्रेसी नेताओं का तर्क था कि वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में प्रदेश सहित गगरेट की जनता ने कांग्रेस के पक्ष में जनमत दिया था। लोगों ने कांग्रेस की नीतियों में विश्वास जताया था। गगरेट की जनता के जनमत का सम्मान होना चाहिए था। अब अगली रणनीति तय करने के लिए ब्लाक कांग्रेस गगरेट ने दो दिन बाद जनरल हाउस बुलाने का ऐलान किया है ताकि जनरल हाउस में अगली रणनीति तय की जा सके।

उधर, भाजपा खेमे में भी बुधवार को हलचल देखने को मिली। कई स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ भी फोन पर संपर्क स्थापित होना शुरू हो गया है। जाहिर है कि जो समीकरण बन रहे हैं उसके चलते विधानसभा क्षेत्र गगरेट जल्द ही चुनावी मोड में जा सकता है। उधर ब्लाक कांग्रेस गगरेट के अध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र कंवर व महासचिव वेद पराशर ने कहा कि ब्लाक कांग्रेस की कोर कमेटी की बैठक में दो दिन बाद जनरल हाउस बुलाने का निर्णय हुआ है। जनरल हाउस में ही अगली रणनीति तय की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## क्रिकेट प्रतियोगिता में सोलन के मुकाबले कुल्लू की मजबूत शुरुआत

**ऊना।** स्थानीय इंदिरा स्टेडियम में सीनियर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत सोलन और कुल्लू के बीच बुधवार को मुकाबला आरंभ हुआ। पहले दिन मुकाबले में सोलन टीम ने पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी में 10 विकेट पर 227 रन बनाए। टीम की ओर से नमन वर्मा ने 22 रन बनाए, शुभम नेगी ने 24 रन, नमन ने 36 रन बनाए, हिमांशु ने के 33, राहुल ने 35 दिवेश ने 25 रनों की पारी खेली। कुल्लू की ओर से विजय ने 2 विकेट प्राप्त किए, युतिष जमवाल ने दो विकेट, यशोदन तथा नारायण ने भी दो दो विकेट प्राप्त किए। परीक्षित कश्यप ने एक विकेट प्राप्त किया।



कुल्लू की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक दो विकेट खोकर 158 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। विजय 78 बनाकर खेल रहे हैं, रवि ने 10 रन बनाए, अभिनंदन 51 रन बनाकर खेल रहे हैं। सोलन गेंदबाज देवेश और हिमांशु ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। अपीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़ में दूसरा मुकाबला मंडी और किन्नौर के बीच में आरंभ हुआ, जिसमें मंडी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 10 विकेट खोकर 269 रन बनाए। राघव धवन ने 61 रन बनाए, लोकेश चौहान ने 30 रनों का योगदान किया। चिराग ने 96 रन की बेहतरीन पारी खेली। शिवम शर्मा ने 41 रन बनाए। किन्नौर की ओर से राकेश ने 5 खिलाड़ियों को आउट किया, विकास ठाकुर ने एक खिलाड़ी को आउट किया। योगेश बिष्ट ने 2 खिलाड़ी को आउट किया, आशीष ने एक खिलाड़ी को आउट किया। किन्नौर की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट खोकर 21 रन लिए हैं।

# धूप खिलते ही सोलंगनाला में लगा सैलानियों का मेला

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो केलांग**

कुल्लू व लाहुल स्पीति में बुधवार को मौसम सुहावना रहा। धूप खिलते ही कुल्लू जिला के सोलंगनाला सहित अन्य पर्यटन स्थलों में पर्यटकों का मेला लग गया। पर्यटकों ने साहसिक खेलों का आनंद लिया।

उधर, विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल अटल टनल रोहतांग फोर बाई फोर वाहनों के लिए बहाल होने के बाद अब मनाली-केलांग मार्ग पर पर्यटक वाहनों की आवाजाही भी शुरू हो गई। हालांकि अभी फोर बाय फोर वाहनों को ही आवाजाही की अनुमति है लेकिन हालात सामान्य होने पर जल्द ही सभी पर्यटक वाहन सोलंगनाला से आगे जा रहे हैं। फोर बाय फोर के अलावा अन्य पर्यटक वाहनों को फिलहाल सोलंगनाला से आगे जाने की अनुमति नहीं है।



लाहुल घाटी में बिछी बर्फ की चांदी जो धूप से चमक उठी है।

पर्यटक अटल टनल रोहतांग व लाहुल घाटी की ओर सिर्फ फोर बाई फोर वाहनों में ही सफर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बुधवार को दो सौ से अधिक फोर बाय फोर वाहन पर्यटकों को लेकर टनल के उस पार पहुंचे। सोलंगनाला के पर्यटन कारोबारी तुला ठाकुर व रमेश ने बताया कि आज सोलंगनाला में दिन भर धूप खिली रही। उन्होंने बताया कि कुछ एक फोर बाय फोर पर्यटक वाहन टनल की ओर गए जबकि अधिकतर पर्यटकों ने खिली धूप के बीच सोलंगनाला मैदान में ही बर्फ का आनंद लिया।

उन्होंने बताया कि कुछ पर्यटक अंजनी महादेव पर्यटन स्थल भी पहुंचे। स्की हिमालया की मैनेजर निर्मला ने बताया कि बुधवार को पर्यटक रोपवे के सुहाने सफर का आनंद लेते हुए फातरु पहुंचे और बर्फ से ढके फातरु की वादियों में घूमने का आनंद उठाया। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि आज फोर बाय फोर वाहनों को अटल टनल की ओर भेजा गया। उन्होंने बताया कि बुधवार को सभी पर्यटन स्थलों में खिली धूप के बीच पर्यटकों ने बर्फ का आनंद लिया। अटल टनल की ओर वाहनों की आवाजाही मौसम पर निर्भर रहेगी।

**राजनीति** | भारतीय जनता पार्टी के समर्थक मांग रहे इस्तीफा

# कांग्रेस समर्थक बगावत करने वालों पर सख्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

प्रदेश में हुए सियासी ड्रामे को लेकर ऊना जिले में कांग्रेस समर्थक हताश और निराश हुए हैं। इस ड्रामे का कर्णधार बेशक कोई भी रहा हो, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता इस बगावत में हिस्सेदार रहे लोगों को किसी भी शर्त में माफ न करने की बात बोल रहे हैं। कार्यकर्ताओं का इस मामले को लेकर मनोबल कम हुआ है।

प्रदेश में हुए राजनीतिक घटनाक्रम को लेकर मंगलवार और बुधवार को हर जगह चर्चाओं का बाजार गर्म था। सोशल मीडिया में कांग्रेस समर्थक लोगों की ओर से बगावत करने वाले नेताओं को लेकर साफ नाराजगी देखी जा रही थी। इनमें कुछ ऐसे नेताओं को माफ न करके उचित सबक देने की बात कर रहे थे। हालांकि, भाजपा समर्थक नेताओं और कार्यकर्ताओं में नया ही जोश था। खासकर ऊना जिला के गगरेट और कुटलैहड़ विस चुनाव क्षेत्रों के लोगों की नजरें इस घटनाक्रम पर लगातार लगी रहीं। इन दोनों विधानसभा चुनाव क्षेत्रों के वर्तमान विधायक भी बगावत में शामिल थे। उधर भाजपा के नेताओं जिनमें जिला प्रधान बलबीर चौधरी, सुमित, राकेश समेत कई लोगों का कहना है कि झूठी गारंटी के सहारे सुक्खू सरकार लोगों को गुमराह कर रही थी। मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार पर पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

उन्होंने कहा है कि राज्य में अराजकता का माहौल बना है और ऐसे में सुक्खू सरकार का सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। कुल मिलाकर राज्य में हुए इस सियासी ड्रामे को लेकर कर्मचारी, पेंशनर और आम लोग भी हर पल घटनाक्रम पर लगातार नजर बना रहे थे।

### लाखों लोगों की भावनाओं को किया आहत

**ऊना** के कांग्रेस समर्थक गगन कुमार, सतपाल, अशोक कुमार, राजीव आदि का कहना था कि जो लोग ने इस बगावत में हिस्सेदार रहे हैं उन लोगों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त न करने की बात कही है। इन लोगों ने कहा है कि अब ऐसे नेताओं को फिर से जनता के बीच जाकर अपनी योग्यता साबित करनी चाहिए। इन लोगों ने लाखों लोगों की भावनाओं को आहत किया है। ऐसे में किसी को भी माफ नहीं करना चाहिए। ऐसे नेता जो स्वार्थ भाव से ब्लैक मेलिंग कर रहे हैं इनको आम जनता भी सबक सिखाने के मूड में हैं।

